इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

# दैनिक विनय उजाला

इंदौर

शनिवार, 03 मई 2025

वैशाख शुक्ल पक्ष - 06

वर्ष : 16 अंक : 218

कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




कोको गॉफ ने फाइनल में बनाई जगह...11

### मुख्यमंत्री एकात्म धाम ओंकारेश्वर में शंकर प्रकटोत्सव में हुए सम्मिलित

# चरणबद्ध रूप से होगा एकात्म धाम को पूर्ण करने का कार्य

## एकात्म धाम एकात्मता की यात्रा पुस्तक का किया विमोचन, 29 राज्यों के 500 शंकरदूतों ने दीक्षा ली

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पर शुक्रवार को ओंकारेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री ने संत समागम में अपनी बात रखी। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत को केवल शास्त्रों से नहीं, शस्त्रों की परंपरा से भी सशक्त बनाना होगा।**

इस मौके पर 500 शंकरदूतों को दीक्षा दी गई। अद्वैत लोक निर्माण और धार्मिक नगरों में शराब मुक्ति जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने सरकार की नीतियां गिनाईं। सीएम ने कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य ने धर्म जागरण के लिए शक्ति की आराधना की। आज ज्ञान, वैराग्य, अध्यात्म के साथ शक्ति संपन्न भारत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्म जागरण के लिए शंकराचार्य ने दंडी स्वामी के रूप में शक्ति की आराधना की। आज शास्त्रों, ज्ञान, वैराग्य, अध्यात्म और उन सभी विधाओं की जरूरत है। लेकिन भारत को शक्ति संपन्न बनाना है तो उसके लिए शस्त्रों की आवश्यकता है।



### धर्म की स्थापना में नागा संन्यासियों ने दिए प्राण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से कहा कि इस देश में धर्म की स्थापना के लिए नागा सन्यासियों तक ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। हमारी सरकार भी धार्मिक कामों के लिए प्रतिबद्ध है। मैं पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम करता हूं, जिन्होंने महाकाल लोक के साथ ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक (एकात्म धाम) बनाने की परिकल्पना की। इस बार सरकार ने धार्मिक नगरों को शराब मुक्त करने का संकल्प लिया है।

### हर निकाय में गीता भवन बनाए जा रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार जनता की मनोभावना में होती है। सभी सांस्कृतिक पर्वों को सरकार के साथ मनाने का प्रयास किया है। सभी नगरीय निकायों में एक गीता भवन बनाया जा रहा है। एक दिसंबर के दिन गीता जयंती मनाएंगे। गोवर्धन पूजा के साथ होली, दीवाली जैसे सभी त्योहार धूमधाम से मनाएंगे। सरकार समाज के साथ खड़ी है। गोशाला, गोपालन के लिए कामधेनु योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत दूध उत्पादन के मामले में हम देश में तीसरे नंबर पर हैं।

### ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक बन रहा है

अवधेशानंद गिरी ने कहा कि ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक बन रहा है, जहां अद्वैत दर्शन को लेकर रिसर्च और अध्ययन होगा। मैंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से बातचीत में महसूस किया कि उनका चयन भले ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुआ हो या लोकतंत्र के गणमान्य लोगों ने किया हो, लेकिन मुझे लगता है कि उनका मुख्यमंत्री पद के लिए चयन मां नर्मदा, क्षिप्रा और बाबा महाकाल, ओंकार ने किया है।

### 500 शंकरदूतों ने नर्मदा घाट पर दीक्षा ली

ओंकारेश्वर के नर्मदा स्थित अभय घाट पर शुक्रवार सुबह 6 बजे दीक्षांत समारोह हुआ। इस दौरान अलग-अलग 29 राज्यों से आए 500 शंकरदूतों को स्वामी अवधेशानंद गिरी ने दीक्षा दी। इनमें खंडवा से शंकरदूत के रूप में पृथ्वी सिंह और अनिमेष शामिल हुए। शंकरदूतों का उद्देश्य शंकराचार्य जी के दर्शन और अद्वैत का लोकव्यापक प्रचार-प्रसार करना है।

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव का किया जलाभिषेक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने माँ नर्मदा को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

### आंध्र और केरला को दी हजारों करोड़ की सौगात

# यह इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा : पीएम मोदी



तिरुवनंतपुरम/अमरावती, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को एक दिन के केरल-आंध्र प्रदेश के दौरे पर थे। केरल के कार्यक्रम में पीएम के साथ मंच पर सीएम पिनराई विजयन और कांग्रेस नेता शशि थरूर मौजूद थे। इस पर पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद हराम कर देगा। पीएम मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में 8900 करोड़ की लागत से बने विझिनजाम इंटरनेशनल डीप सी-वाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन किया। मोदी ने पोर्ट को देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी बने नए उप वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को नए उप वायु सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एयर मार्शल एस.पी.धरकर का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। कार्यभार संभालने से पहले एयर मार्शल तिवारी गांधीनगर स्थित दक्षिण-पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में तैनात थे। वायु सेना मुख्यालय 'वायु भवन' में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारतीय वायु सेना ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और वायु सेना मेडल से सम्मानित एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने 2 मई को उप वायु सेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया है।

### पीएम शहबाज का यूट्यूब अकाउंट भारत में बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को भारत में ब्लॉक कर दिया। चैनल पर अब यह संदेश दिख रहा है- यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े सरकारी आदेश के कारण इस देश में उपलब्ध नहीं है। शहबाज शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल खाता है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया है। सरकार ने केवल राजनेताओं के खिलाफ ही नहीं, बल्कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और न्यूज चैनलों के खातों पर भी कार्रवाई की है।

### साउथ अमेरिकी, चिली-अर्जेंटीना में 7.4 की तीव्रता का भूकंप

**सैंटियागो, एजेंसी।** साउथ अमेरिका के कई देशों में शुक्रवार को जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया है कि चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी तटों पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। जानकारी के मुताबिक भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के उशुआइया से 219 किलोमीटर दक्षिण में समुद्र के नीचे था। चिली के अधिकारियों ने देश के सुदूर दक्षिण के पूरे तटीय भाग को खाली करने का अलर्ट जारी कर दिया है।




### मुस्लिम देशों के सामने गिड़गिड़ाया पाक

# पाकिस्तान की मदद करें, भारत को रोकें

इस्लामाबाद, एजेंसी

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनातनी बढ़ी हुई है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत उस पर हमला बोल सकता है। ये डर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस ऐलान से उपजा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकी चाहे पाताल में छिपे हों, उसे ढूंढ़कर मिट्टी में मिलाया जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि चुन-चुनकर आतंकियों का सफाया किया जाएगा। पाकिस्तान ने इसी वजह से पीओके में दस दिनों के लिए लिए मदरसों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा वहां सभी नागरिकों को दो महीने का राशन भी जमा कर रखने को कहा गया है। बच्चों के आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

दूसरी तरफ, पाकिस्तान के विदेश मंत्री और अन्य मंत्रियों ने मुस्लिम देशों के सामने गुहार लगाई कि वो पाकिस्तान की मदद करें।

### राजनयिकों से लगाई गुहार


शहबाज शरीफ जहां चीनी राजनयिक और कतर के अमीर से इस बावत गुहार लगाते दिखे, वहीं आज दूसरे दिन शुक्रवार को उन्होंने मुस्लिम देशों के राजनयिकों से भी गुहार लगाई। अमूमन प्रधानमंत्री ऐसे मामलों में विदेशी राजनयिकों से मुलाकात कम ही करते हैं और अक्सर विदेश मंत्री ही उनसे मुलाकात करते हैं लेकिन भारत के खौफ और विदेशों से उचित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद शहबाज शरीफ ने आज खुद तीन देशों के राजनयिकों से मुलाकात की।

### टचडाउन से पाकिस्तान की अटकी सांस!

# यूपी में एक्सप्रेस-वे पर राफेल-जगुआर ने दिखाई ताकत

शाहजहांपुर, एजेंसी

यूपी के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाया। 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर जगुआर, मिराज जैसे 15 लड़ाकू विमानों ने आंधी-तूफान के बीच टच एंड गो किया। सबसे पहले सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने एक्सप्रेस-वे पर टच एंड गो किया। इसके बाद जगुआर, मिग और राफेल विमानों ने एक साथ आसमान में करतब दिखाए।



सिर्फ एएन -32 लड़ाकू विमान ने एक्सप्रेस-वे पर लैंडिंग की। उसे आगे बढ़ना था, लेकिन हवा की गति इतनी तेज थी कि वह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद पायलट ने विमान को 180 डिग्री घुमाकर उसका रुख हवा की दिशा में मोड़ दिया। करीब दो घंटे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। शाम को तीन घंटे का नाइट लैंडिंग शो भी हुआ, जो शाम 7 बजे शुरू होकर रात 10 बजे तक चला।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुले



### बद्रीनाथ पहुंची शंकराचार्य की गद्दी

देहरादून, एजेंसी

**केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को खोल दिए गए। कपाट खुलते ही भक्तों ने मंदिर के अंदर जलती अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद रुद्राभिषेक, शिवाष्टक, शिव तांडव स्तोत्र और केदाराष्टक के मंत्रों का जाप किया गया।**

मंदिर में सबसे पहले कर्नाटक के वीरशैव लिंगायत समुदाय के मुख्य रावल भीमशंकर पहुंचे। इसके बाद बाबा पर 6 महीने पहले चढ़ाया गया भीष्म श्रृंगार हटाया गया।

पहले दिन करीब 10 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं वहीं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया जारी है। शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और बदरीनाथ के रावल (मुख्य पुजारी) अमरनाथ नंबूदरी योग ध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर पहुंचे।

### नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया और राहुल गांधी को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपपत्र पर संज्ञान लेते समय सोनिया और राहुल को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि किसी भी स्तर पर पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों को नोटिस आज शाम तक भेज दी जाए। अब इस मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी। नेशनल हेराल्ड केस एक विवादास्पद कानूनी मामला है, जो 2012 में बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दायर शिकायत से शुरू हुआ। यह मामला नेशनल हेराल्ड अखबार, इसके प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। नेशनल हेराल्ड की स्थापना 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने की थी और यह स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा था।

### हिंद-प्रशांत महासागर में और मजबूत होगी नौसेना

# भारत को 13 करोड़ डॉलर का सैन्य सामान देगा अमेरिका

नई दिल्ली, एजेंसी

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच अमेरिका ने भारत को 13.1 करोड़ डॉलर का सैन्य साजो-सामान बेचने की मंजूरी दे दी है। इस सैन्य साजो सामान के मिलने से भारत की हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में मेरीटाइम सुरक्षा मजबूत होगी। भारत और अमेरिका में रणनीतिक सहयोग बढ़ रहा है और ताजा सौदा भी इसका उदाहरण है।**

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के तहत काम करने वाली डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने बुधवार को बताया कि सौदे के तहत भारत को एडवांस्ड सी विजन सॉफ्टवेयर, ट्रेनिंग और सपोर्ट सर्विस मिलेगी, इससे भारत की मेरीटाइम डोमेन में जागरुकता बढ़ेगी और साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बेहतर होगी। अमेरिका के विदेश विभाग ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इस सौदे की जानकारी दी है। डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने बताया कि इस प्रस्तावित सौदे का उद्देश्य विदेशी नीति को मदद देना और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को पूरा करने के साथ ही भारत और अमेरिका के संबंधों को रणनीतिक स्तर पर मजबूत करना है।

### आतंकवाद के खिलाफ ऐक्शन ले भारतः अमेरिका

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद भारत को दुनिया के कई ताकतवर देशों का समर्थन मिला है। अमेरिका की तरफ से



शुक्रवार को अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि हमले के बाद तनाव को देखते हुए ट्रम्प प्रशासन दोनों देशों की सरकारों के साथ लगातार संपर्क में है। ब्रूस ने कहा, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया था कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है और प्रधानमंत्री मोदी को हमारा पूरा समर्थन है।




## संक्षिप्त समाचार

### अपने सपनों को ऊंची उड़ान दें और आत्मनिर्भर बनें : मंत्री सुश्री भूरिया



**भोपाल, ( विनय उजाला )।** प्रदेश में 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया झाबुआ जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि बालिकाओं के आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति आशा की नींव हैं। यह योजना बच्चियों को शैक्षणिक और लैंगिक समानता की सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई थी। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि हमेशा अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरन्तर प्रयास और मेहनत करते रहें। कभी भी जीवन के लक्ष्य से भ्रमित न हों। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है। राज्य शासन ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के जरिए बालिकाओं के उच्च शिक्षा की जिम्मेदारी भी ले ली है। गरीब परिवारों की बच्चियों के कॉलेज शिक्षा के लिएआर्थिक सहायता दी जाती है। कलेक्टर सुश्री नेहा मीना ने कहा कि जीवन में आर्थिक रूप से सक्षम बनना अत्यंत आवश्यक है। भविष्य के लिए आज से निर्धारित करें कि आने वाले 10 से 15 वर्षों में आप कहाँ होंगे। उन्होंने कहा कि देश और समाज के विकास में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करते हुए अपने आपको सशक्त बनाए। इस अवसर पर लाड़ली लक्ष्मियों ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही बालिकाओं ने आत्मरक्षा के तरीकों का भी प्रदर्शन किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को सम्मानस्वरूप प्रमाण-पत्र वितरित किए।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े विद्यार्थी

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इन दिनों कला एवं अभिव्यक्ति, नाट्य अभिनय, फोटोग्राफी, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, पारंपरिक नृत्य, क्षेत्रीय संगीत, हस्तकला एवं लोक कलाएँ, पारंपरिक खेलों, वित्तीय साक्षरता, व्यवसाय, मॉडल, डिज़ाइन, थिंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी के साथ ही कविता और कहानियों की रचना जैसी अपनी अभिरूचियों के विकास में व्यस्त हैं। दरअसल प्रदेश के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक श्री राजीव तोमर ने बताया कि एक मई से प्रारंभ हुए ये समर कैम्प 20 मई 2025 तक संचालित होंगे। शासकीय विद्यालयों में अकादमिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों में रचनात्मक-सृजनशीलता, कला-कौशल के विकास के लिए इन समर कैम्प्स का आयोजन प्रदेश के समस्त सांदीपनी विद्यालयों, पीएमश्री विद्यालयों, उत्कृष्ट विद्यालयों और मॉडल विद्यालयों के साथ 500 से अधिक नामांकन वाले एकीकृत हायर सेकेंडरी विद्यालयों में किया जा रहा है। समर कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों में 21वीं सदी के विभिन्न कौशलों जैसे आपसी सहयोग, टीमवर्क, समस्या समाधान, आपसी सामंजस्य, तार्किकता और नेतृत्व जैसे जीवन कौशल विकसित करने के लिए अवसर प्रदान करने के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक जागरूकता, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना।

## WAVES :2025

### वैश्विक मंच पर अमृतस्य मध्यप्रदेश ने बिखेरी अतुलनीय मध्यप्रदेश की अनुपम छटा



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट-2025 में मध्यप्रदेश अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं के साथ वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बना रहा है। वेव्स के दूसरे दिन शुक्रवार को सांस्कृतिक संध्या में अमृतस्य मध्यप्रदेश समवेत नृत्य नाटिका ने अपनी अद्भुत और ओजपूर्ण प्रस्तुति से अतुलनीय मध्यप्रदेश की अनुपम छटा बिखेरी।**

इस नृत्य नाटिका के माध्यम से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, समृद्ध पर्यटन, इतिहास, कला और परंपराओं को दर्शाया गया। इसमें हृदयप्रदेश के सांस्कृतिक रंग, सघन वन, ऐतिहासिक स्थल, टेक्सटाइल, परम्पराएं आदि की अनुभूति और आनंद दर्शकों ने लिया। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में इस नृत्य नाटिका में कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी के साथ ही मध्यप्रदेश के बधाई, बरेदी, मटकी, गोंड, जैसे लोक नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। इसके अलावा नृत्य नाटिका में श्री मुमताज खान के निर्देशन में मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल जैसे महेश्वरी, चंदेरी, बाग के वैभव को दर्शाता एक विशेष वॉक हुआ।

अमृतस्य मध्यप्रदेश एक मनमोहक समवेत नृत्य-नाट्य प्रस्तुति है जो दर्शकों को भारत के हृदय मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहर से जोड़ती है। यह प्रदर्शन केवल नृत्य नहीं, बल्कि एक यात्रा है जो हमें हजारों वर्षों पुराने इतिहास, भक्ति, प्रेम, प्रकृति और कला की लय में ले जाती है। प्रस्तुति की शुरुआत भीमबेटका की प्रागैतिहासिक गुफाओं से हुई, जहां मानव सभ्यता की पहली झलक मिलती है। खजुराहो के मंदिरों में नृत्य और मूर्तिकला का सुंदर संगम, और सांची के स्तूप की शांति दर्शकों को आध्यात्मिक गहराइयों में ले गई। चित्रकूट की पावन भूमि पर भगवान श्रीराम की कथा को भावपूर्ण मुद्राओं में पिरोया गया।

## मुख्यमंत्री ने एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में स्टेट हैंगर में लगाए पौधे

# बेटियों के लिए अद्भुत है लाड़ली लक्ष्मी योजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सभी बेटियों, बहनों और माताओं के कल्याण के लिए हमारी सरकार हमेशा आगे रही है। बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए हमारी तत्कालीन सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना तैयार कर 1 अप्रैल 2007 से लागू की थी। यह योजना बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने और प्रदेश के जेंडर रेश्यो में उत्तरोत्तर सुधार के लिए विश्व की एक अद्भुत योजना है। इसमें बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई और उनका विवाह होने तक भी सरकार द्वारा अभिभावकों को आर्थिक सहायता दी जाती हैं। ताकि बेटियों को कोई भी माता-पिता खुद पर बोझ न माने, बेटियों की पढ़ाई-लिखाई की चिंता से मुक्त रहें और सिर्फ उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण में ही अग्रसर रहें। इस योजना को आशातीत प्रतिसाद मिलने से प्रदेश में जेंडर रेश्यो में बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को लाड़ली लक्ष्मी योजना दिवस (2 मई) के अवसर पर स्टेट हैंगर परिसर में पौध-रोपण के पश्चात लाड़ली लक्ष्मियों को संबोधित कर रहे थे।



बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच लिंग अनुपात में सुधार बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से लाड़ली लक्ष्मी योजना अप्रैल 2007 से मध्यप्रदेश में लागू की गई थी। प्रदेश की बालिकाओं को मिलने वाले लाभ को स्थायी बनाने के लिए सरकार द्वारा मध्यप्रदेश लाड़ली लक्ष्मी (बालिका प्रोत्साहन) अधिनियम 2018 लागू किया गया, जो प्रत्येक बालिका को मिलने वाली राशि की गारन्टी प्रदान करता है। पहले से संचालित मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना का विस्तार करते हुए लाडली बालिकाओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 की स्वीकृति दी गई। इसके अनुसार मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना दिवस का उत्सव हर साल 02 मई को आयोजित किया जाता है।

लाड़ली लक्ष्मी प्रकरण की स्वीकृति के उपरांत 1 लाख 43 हजार रूपये का आश्वासन प्रमाण पत्र दिया जाता है। योजनान्तर्गत बालिकाओं को कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने पर 2000 रूपये, कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने पर 4000 रूपए, कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने पर 6000 रूपये एवं कक्षा 12वीं में प्रवेश लेने पर 6000 रूपए छात्रवृत्ति की राशि ई-पेंमेंट के माध्यम से दी जाती है। लाड़ली बालिकाओं को कक्षा 12 वीं के पश्चात् स्नातक अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम में (पाठयक्रम अवधि न्यूनतम दो वर्ष) प्रवेश लेने पर 25000 रूपए की प्रोत्साहन राशि 2 समान किश्तों में पाठ्यक्रम अवधि के प्रथम एवं अंतिम वर्ष में दी जाती है। योजना के अंतर्गत एक लाख रूपए का भुगतान 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर संबंधित लाड़ली लक्ष्मी को किया जाएगा, बशर्ते हितग्राही बालिका कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हो चुकी हो और उसकी शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित न्यूनतम विहित आयु पूरी करने के बाद ही हुई हो।

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रारंभ से अब तक प्रदेश में 50.45 लाख से अधिक बालिकाओं का पंजीयन किया जा चुका है। इनमें से 12.85 लाख बालिकाओं को छात्रवृत्ति के रूप में 648.63 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान में यूनि-पे के माध्यम से बालिकाओं को सुरक्षित तरीके से भुगतान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान में सहभागिता करते हुए आज बेटियों के साथ ही पौध-रोपण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत प्रदेश के सभी जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किये गये।

### बेटियां ही हैं हमारी महालक्ष्मी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के तहत भोपाल जिले की 25 से अधिक लाड़ली लक्ष्मियों के साथ आम, आंवला, संतरे और नींबू के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि बेटियां ही हमारी महालक्ष्मी हैं, अष्टलक्ष्मी हैं और हमारी भारतीय संस्कृति में लक्ष्मी को सदैव ही पूजा जाता है। बेटियों से ही हमारे घरों में रौनक है। यह अभियान हमें अपनी बच्चियों का भविष्य संवारने के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। प्रदेश के हर माता-पिता को अपनी बेटियों के नाम एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उस पौधे का अपनी संतान की तरह ही पालन पोषण करना चाहिए। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रारंभ से अब तक 50 लाख 45 हजार से अधिक लाडली लक्ष्मियों का पंजीयन किया जा चुका है। कार्यक्रम में आईं सभी लाड़ली लक्ष्मियों ने फूल देकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया और उनके साथ पौध-रोपण किया।

### बेटियां खूब पढ़ें-लिखें, आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की सभी बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की शुभकामनाएं देते कहा कि वे जितना अधिक हो सके, खूब पढ़-लिखकर अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ें। उनके भविष्य की चिंता हमारी सरकार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों को हर कदम पर जरूरी मार्गदर्शन और मदद मुहैया कराई जाएगी। नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी उपस्थित थे।

## बेटियां वरदान होती है अभिशाप नहीं, बेटियों को आगे बढ़ाएं : मंत्री राजपूत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। बेटियां वरदान होती हैं अभिशाप नहीं, बेटियों को आगे बढ़ाएं। उक्त विचार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर में जिला स्तरीय लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये।**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि पहले हमारी बेटियां जब जन्म लेती थीं तब उनको अभिशाप माना जाता था किंतु अब सरकार द्वारा किए गए प्रयास एवं जागरूकता के कारण अब हमारी बेटियां वरदान बन गई हैं। आज बेटियां जहां फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं वहीं सुप्रीम कोर्ट में वकालत भी कर रही हैं। इसी प्रकार हमारी बेटियां कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नासा, इसरो सहित अन्य शासकीय अशासकीय संस्थानों में बड़े-बड़े पदों पर पुरुषों के बराबर कार्य कर रही हैं। लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से सरकार बेटियों के जन्म में से लेकर उनके विवाह तक के लिए निश्चित राशि उपलब्ध कराती है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार बेटियों के भविष्य एवं उनके विवाह के लिए हमेशा चिंतित रहकर कार्य कर रही है और अनेक योजनाओं के माध्यम से उनको आगे बढ़ाने, आर्थिक रूप से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सागर में लाडली लक्ष्मी के नाम से चौराहे एवं पार्क का नाम रखा है। उन्होंने कहा कि आज लाडली लक्ष्मी योजना को 18 वर्ष से अधिक हो गए हैं और तब की लाडली लक्ष्मी आज अपने घर की लक्ष्मी बनाकर आगे बढ़ रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री राजपूत एवं सांसद श्रीमती लता वानखेड़े सहित समस्त अतिथियों के द्वारा पोषण मेले का अवलोकन किया गया।

### बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएं एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिलाएं : डॉ. वानखेड़े

सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा कि बेटियां हैं तो कल है, बेटियां ही कल का भविष्य हैं और बेटियां ही हमारा भारत देश है, इसलिए बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएं एवं उनको आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण भी दिलाएं जिससे कि वह अपना कार्य पूरी निर्भयता के साथ कर सकें।

## विभागीय भर्ती और उपकरण खरीदी समय से करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री शुक्ल



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की लम्बित मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संविदा कर्मियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागीय रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों। साथ ही

## योग का मूल संदेश है, वसुधैव कुटुंबकम् : आयुष मंत्री परमार

**भोपाल, निप्र।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने जर्मनी के शांतिपूर्ण वातावरण में स्थित बाइड माइनबर्ग के योग विद्या आश्रम में आयोजित पांचवे यूरोपीय योग सम्मेलन एवं तीसरे विश्व योग महासम्मेलन के मंच यूरोपियन एवं वर्ल्ड योग कांग्रेस -2025 में वर्चुअली सहभागिता की। मंत्री श्री परमार ने महासम्मेलन में सहभागी योग एवं आध्यात्म नेतृत्वकर्ताओं, योग साधकों एवं उपस्थित जर्मनी के नागरिकों को वर्चुअली संबोधित किया एवं आयोजकों को महासम्मेलन के भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री परमार ने भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे, मध्यप्रदेश की पवित्र नगरी उज्जैन निवासी डॉ. विक्रांत सिंह तोमर को वर्ल्ड योग कन्फेडरेशन के उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नामित किए जाने पर हार्दिक बधाई भी दी।

श्री परमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की उज्जैन नगरी के डॉ विक्रांत सिंह का, इस वैश्विक महासम्मेलन में देश की ओर से प्रतिनिधित्व करना अत्यंत गौरव का विषय है। श्री परमार ने कहा कि उज्जैन एक ऐसा नगर है जो योग, तंत्र, वेद और साधना की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा का केंद्र रहा है।

## अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों को विकास कार्यो के लिये राशि : मंत्री पटेल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आने वाले वर्षों में पंचायतों को विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो पंचायतें अच्छा कार्य करेंगी, उन्हें विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। पंचायतों में सुविधा संपन्न पंचायत भवन बनाने के लिए राज्य सरकार 37.5 लाख और 48.5 लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। इनमें एक भवन क्लस्टर स्तर पर होगा जिसमें सब इंजीनियर का कार्यालय भी बनाया जाएगा । यह बात मंत्री श्री पटेल ने दमोह जिले के जरारूधाम गौ-अभ्यारण में पंच-सरपंच सम्मेलन एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत 600 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से जारी की गई है। उन्होंने कहा कि अब कोई भी दुर्घटना होने पर अब 24 से 48 घंटे के भीतर पीड़ित श्रमिक परिवार को सहायता राशि घर पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना श्रमिकों के लिए बड़ा सहारा साबित हो रही है।



कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जरारूधाम क्षेत्र में पथरीले स्थान पर हरियाली लाने के लिए 10 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं, जो पर्यावरण संतुलन में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि पौधरोपण वहीं किया जाएगा जहाँ पौधों को जीवित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए।

## कृषि उद्योग समागम का 3 मई को मंदसौर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

# कृषि-उद्यानिकी में नवाचार और उद्यमिता का अभिनव संगम

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और कृषक कल्याण को समर्पित 'कृषि उद्योग समागम-2025' का 3 मई को मंदसौर में भव्य आयोजन होगा। एक दिवसीय समागम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय सांसद, विधायकगण तथा प्रदेश भर से आए कृषक, उद्यमी, निर्यातक और एफपीओ प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

**प्रमुख गतिविधियाँ :** कृषक सम्मेलन एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन- समागम में कृषि एवं उद्यानिकी के विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन किसानों और उद्यमियों को प्रदान किया जायेगा, जिसका लाभ वह अपने कृषि और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों को बेहतर बनाने में कर सकेंगे।

**नवीन कृषि तकनीकों का प्रदर्शन :** समागम स्थल पर देश के कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में आधुनिक यंत्रों, उपकरणों का उत्पादन करने वाली इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे। इनमें आधुनिक कृषि यंत्र ट्रैक्टर, हैप्पी सीडर, प्याज-लहसुन बुआई यंत्र, ड्रोन, एआई आधारित उपकरण, पॉवर स्प्रेयर, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, सेंसर-आधारित उर्वरक संयंत्र, कृषि एवं उद्यानिकी की नवीनतम एवं उन्नत किस्में, पॉली/नेट हाउस, मल्चिंग, पौंड लाइनिंग आदि, जैविक व नैनो फर्टिलाइज़र, कस्टमाइज्ड माइक्रो न्यूट्रिएंट्स, गौशाला उत्पाद, दुग्ध एवं हर्बल उत्पाद, पशु आहार, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, बायो-फ्लॉक्स, टैंक व केज कल्चर मॉडल, एक्वेरियम डिस्प्ले शामिल हैं।

**प्राकृतिक एवं जैविक खेती के मॉडलः** समागम में भाग लेने वाले किसानों और एफपीओ प्रतिनिधियों के लिये प्राकृतिक और जैविक खेती का लाइव प्रदर्शन किया जायेगा, जिसके माध्यम से किसान भाई जैविक खेती की आधुनिक और उन्नत तकनीक से अवगत हो सकेंगे।

**उद्योग व निर्यात पर संगोष्ठीः** समागम में कृषि, औषधीय फसलों पर



आधारित उद्योगों, एफपीओ, निर्यातकों व क्रेता-विक्रेताओं के लिए संवाद व नेटवर्किंग सत्र का आयोजन भी किया गया है, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा उत्पादन के साथ निर्यात, तकनीकों और प्रक्रियाओं के विषय में बताया जायेगा।

**एग्री-हॉर्टी एक्सपो-2025 में विभागीय सहभागिताः** कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी एमएसएमई, मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, एमपी एग्रो सहित राज्य सरकार के कई अन्य विभाग एवं संस्थान सम्मिलित होंगे।

**ऑन-द-स्पॉट पंजीयनः** समागम में कृषकों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी व ऑन-द-स्पॉट पंजीयन की सुविधा मुहैया करायी जायेगी।

**स्थानीय नवाचारों की प्रस्तुतिः** समागम के दौरान मंदसौर जिले में कृषकों द्वारा किए गए नवाचारों पर केंद्रित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होगा।

**कृषक हितलाभ वितरण व निवेश संवादः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कृषि-उद्यानिकी विभाग से संबंधित योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण और निवेशकों से सीधी चर्चा की जायेगी।

**मंदसौर उद्यानिकी उत्पादों में अग्रणी जिला :** 1.15 लाख हेक्टेयर में फल, सब्जी, मसालों, औषधीय फसलों का मुख्य केन्द्र है। इन फसलों से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा दिया जायेगा। साथ ही नये निवेशकों को इन फसलों से संबंधी व्यवसायों के लिये जागरूक कर प्रोत्साहित भी किया जायेगा।

**33 करोड़ से निर्मित महर्षि सांदीपनि विद्यालय भवन चंदवासा का होगा लोकार्पण :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीतामऊ में 33 करोड़ 14 लाख से निर्मित (सीएम राइज स्कूल) महर्षि सांदीपनी विद्यालय भवन चंदवासा का लोकार्पण करेंगे। साथ ही दुधाखेड़ी में 400 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन करेंगे।

**15 विषय-विशेषज्ञों के होंगे व्याख्यान एवं हितलाभ वितरणः** कृषि उद्योग समागम में 15 विषय-विशेषज्ञ व्याख्यान के रूप में अनुभव साझा करेंगे। किसानों को खेती किसानी से जुड़ी तकनीकी सलाह प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि उद्योग समागम में विभिन्न योजनाओं में अलग-अलग हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करेंगे।

**लगाये जायेंगे 80 राज्य स्तरीय स्टॉलः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीतामऊ कृषि उद्योग समागम में 8 विभागों द्वारा किसानों से जुड़े विविध तरह के लगाये गये 80 राज्य स्तरीय स्टॉलों का अवलोकन करेंगे। इन स्टॉल के माध्यम से कृषकों को उन्नत तकनीकी, खेती किसानी की जानकारी, नवाचार, उन्नत किसान के संबंध बारे में बताया जाएगा।

# इंदौर नगर निगम का नया आधुनिक मुख्यालय जल्द होगा साकार

## स्मार्ट सुविधाओं और पर्यावरण अनुकूल निर्माण के साथ रु. 452.89 करोड़ की परियोजना को मिली गति




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर नगर निगम के लिए प्रस्तावित अत्याधुनिक और पर्यावरण अनुकूल मुख्यालय भवन के निर्माण को लेकर तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं। इस संबंध में स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में निर्माण एजेंसी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, सभी अपर आयुक्त, तथा एसआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाड़िया, अभिषेक शर्मा बबलू, निरंजन सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



निर्माण एजेंसी ने बैठक में प्रस्तावित भवन की संपूर्ण योजना और उसकी विशेषताओं को प्रस्तुत किया, जिसमें तकनीकी, पर्यावरणीय और नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

### महापौर के निर्देश और दृष्टिकोण

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह भवन इंदौर की पहचान का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि भवन का इंटीरियर, डिज़ाइन व लेआउट इंदौर की संस्कृति, सभ्यता, स्वच्छता, व्यंजन, ऐतिहासिक धरोहर और विशिष्टता को प्रदर्शित करे ताकि देश-विदेश से आने वाले प्रतिनिधि इस शहर की पहचान से रूबरू हो सकें।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक उपयोग से जुड़े विभागों को भूतल व उसके ऊपरी तल पर स्थान दिया जाए ताकि नागरिकों को आसानी हो, बिल्डिंग का निर्माण क्लीन ग्रीन ओर डिजिटल हो कंट्रोल कमांड सेंटर का निर्माण किया जाए ताकि पूरे शहर का कंट्रोल वहां से किया जा सके, बिल्डिंग में म्यूजियम का निर्माण भी किया जाए साथ ही दिव्यांग नागरिकों के लिए भी विशेष प्रावधान किए जाए.महिला कर्मचारियों के लिए फीडिंग कक्ष के साथ सामान्य जिमिंग और स्पोर्ट्स के लिए भी स्थान तय किया जाए,

इसके अतिरिक्त, महापौर ने कहा कि भवन निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री—फर्नीचर, सैनिटरी आइटम, फ्लोर स्टोन आदि—टिकाऊ व दीर्घकालिक हों, जिनकी एक्सपायरी अवधि न्यूनतम 30 वर्ष हो। निर्माण एजेंसी ने जानकारी दी कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता, पर्यावरण सुरक्षा व दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

### प्रस्तावित भवन की प्रमुख विशेषताएं

भवन संरचना- बेसमेंट + भूतल + 8 मंज़िलें (दो खंडों में)
सदन/ऑडिटोरियम खंड- भूतल + 3 मंज़िलें 7 ऊँचाई- 12 मीटर
कुल ऊँचाई- 30 मीटर
खंडों की योजना- दो कार्यालय टावर, एक स्वतंत्र ऑडिटोरियम खंड
विभागीय वितरण- कुल 45 विभाग, 2500 कर्मचारियों की क्षमता के साथ
ऑडिटोरियम- 500 लोगों की क्षमता, साथ में जन शिकायत केंद्र, प्रदर्शनी हॉल, संग्रहालय, सार्वजनिक कैफेटेरिया
परियोजना लागत- रु. 452.89 करोड़ (सभी करों सहित)
पार्किंग सुविधा- बेसमेंट, सतह और मल्टीलेवल पार्किंग में 620 वाहन
भूतल आवरण (ग्राउंड कवरेज) : 25%, हरित क्षेत्र को प्राथमिकता

### ऊर्जा दक्षता

- ऐसी संरचना जिसमें एयर कंडीशनिंग के बिना भी पंखों से वातानुकूलन संभव
- प्रत्येक फ्लोर पर बिजली की न्यूनतम खपत के उपाय
- रूफ टॉप पर उच्च गुणवत्ता के सोलर पैनल
- रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और मास्टर टैंक की योजना
- सजावट व रंग योजना:
- इमारत का रंग विशेष तकनीक से तैयार
- अगले 20 वर्षों तक रंग-रोगन की आवश्यकता नहीं होगी

### प्रस्तावित खंडवार विभागीय विभाजन

ब्लॉक 1 – प्रशासनिक और नीति निर्माण खंड
महापौर कार्यालय, कॉन्फ्रेंस हॉल, चुनाव शाखा
नगर आयुक्त कार्यालय, सहायक नगर आयुक्त, कॉर्पोरेट सलाहकार, लेखा विभाग
उद्यान विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY), अग्निशमन विभाग
स्वास्थ्य विभाग, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीकरण
ई-नगर पालिका आईटी विभाग, गरीबी उन्मूलन प्रकोष्ठ
प्रधानमंत्री स्वनिधि विभाग, इंजीनियरिंग एवं विद्युत विभाग
स्टाफ सामान्य कक्ष, क्रेच, डाकघर, बैंक, महिला स्टाफ हॉल
ब्लॉक 2 – तकनीकी, सेवा एवं नागरिक सुविधा खंड
भंडार प्रबंधन, जनगणना, विधिक विभाग
कॉलोनी प्रकोष्ठ, पुल विभाग
भवन अनुमति, राजस्व, आरटीआई, अतिक्रमण हटाने विभाग
मलजल निकासी, लेखा परीक्षा विभाग
स्थापना विभाग, खेल विभाग
परिवहन विभाग, लोक निर्माण/जनकार विभाग
योजना/सड़क विभाग, जल आपूर्ति विभाग
स्टाफ कैफेटेरिया, प्रयोगशाला, भंडार
ऊपरी भूतल – पार्किंग (60 वाहन)
निर्माण की समयसीमा और गुणवत्ता

## संक्षिप्त समाचार

### दीपसिंह झाड़ियां हुए सेवानिवृत



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** लोक निर्माण विभाग से दीपसिंह झाड़ियां के सेवानिवृत होने पर समारोह कर दी विदाई। आयोजक राजेश गौड़, सुमित बारोंड ने बताया कि इंदौर लोक निर्माण विभाग से श्री दीपसिंह झाड़ियां को अपनी 38वर्ष सेवा पश्चात सेवानिवृत होने पर विभाग के सैकड़ों कर्मचारियों ने वरिष्ठ कर्मचारी नेता हरीश बोयत के मुख्य अतिथि, एस. डी. ओ. श्री अभय राज की अध्यक्षता में एस. डी. ओ. शिवानी अकोदिया, कर्मचारी नेता रमेश यादव के विशिष्ठ अतिथि एवं कर्मचारी नेता राजकुमार पांडे, संदीप धौलपुरे, पवन शर्मा, सुरेश करोसिया के विशेष आतिथ्य में शाल श्रीफल, एवं लक्जरी अटैची देकर विदाई कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत राकेश गौड़, मनोज विश्वकर्मा, विपिन भावसार, विजय वर्मा, मनोज कदम, दीपक ठाकुर ने किया संचालन पवन रावत ने एवं आभार महेश देशपांडे ने माना।

### शाकाहार एवं पर्यावरण संरक्षण मैराथन के प्रायोजक माइक्रो मिट्टी के मनोज धनोतिया का अभिनन्दन



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा शाकाहार एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरण मैराथन का आयोजन विगत दिनों संपन्न हुआ जिसमें 2500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। देश के प्रति समर्पित और शहर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने वाले माइक्रो मिट्टी के फाऊंडर मनोज धनोतिया का आज फेडरेशन द्वारा अभिनंदन किया गया जिन्होंने मैराथन को प्रायोजित किया। इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जिनेश्वर जैन ने बताया कि फेडरेशन जहां सामाजिक समरसता,समाज के विकास और राष्ट्र हित के कार्य करती है वहीं स्वस्थ भारत के निर्माण ओर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही हैं। फेडरेशन मैत्री से संगठन और संगठन से सेवा ध्येय वाक्य पर कार्य रत है। अभी देश में लगभग 150 स्थानों पर ग्रुप संचालित हो रहे है। श्री मनोज धनोतिया का अभिनन्दन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जिनेश्वर जैन,राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सी.ए.नरेंद्र भंडारी, राष्ट्रीय महासचिव अरिहंत जैन,स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन श्री पंकज जैन आदि ने किया। श्री धनोतिया ने फेडरेशन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी जब कभी आपकी संस्था शहर ओर देश हित के कार्य करे तो हमारा माइक्रो मिट्टी ग्रुप सदैव आपके साथ है।

### कड़ी धूप में ट्रैफिक सिग्नल पे जनता को मिलेगी राहत



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल एवं आदर्श व्यापार मंडल द्वारा आज डीसीपी यातायात नीरज कुमार पांडे तथा एसीपी यातायात कुलदीप सिंह को ज्ञापन दिया गया। अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने कहा कि भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जनपद के कुछ प्रमुख चौराहे जिन पर ट्रैफिक का आवागमन भी ज्यादा है लाल बत्ती की समय सीमा 120 सेकंड है जिस कारण दो पहिया वाहनों से चलने वालों के लिए अत्यंत कष्टकारी है। स्वाती निरखी ने कहा हिंदू हॉस्टल चौराहे तथा म्योंहॉल चौराहे पर स्कूल छूटने का समय है दोपहर में यह बच्चे साइकिल तथा ट्राली से जाते हैं वह भी चौराहे पर कड़ी धूप में खड़े रहने को मजबूर है जो अनौचित्य पूर्ण है। पार्षद पंकज जयसवाल ने कहा कि मेडिकल चौराहे पर मरीज़ तथा उनके तीमारदारों के लिए यह स्थिति कष्टकारी है।

## वंदे मातरम-भारत माता की जय के साथ समरकैंप का शुभारंभ

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** विद्यार्थियों में रचनात्मकता-सृजनशीलता,कला और कौशल के विकास के लिये शा सीएम राइज अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 1 मई से 20 मई के मध्य किया जा रहा है। शिविर के शुभारंभ के अवसर पर छात्राओं ने वंदे मातरम -भारत माता की जय और योगाभ्यास कर किया। इस शिविर में प्रशिक्षक वर्ग विद्यार्थियों को सहभागिता करवाकर आपसी सहयोग,टीम वर्क,समस्याओं का समाधान,आपसी सामंजस्य और नेतृत्वकला के गुण उन्हें सिखाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य दीपक हलवे ने इस अवसर पर अपने संबोधन में छात्राओं से कहा कि शिविर में अपनी उपस्थिति संख्या बल को बढाने तक नहीं रखना है, बल्कि पूर्ण समर्पित भाव से इसमें हिस्सेदारी निभाना है। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रतिदिन रस्पोकन इंग्लिश, मेहंदी, नृत्य,हस्त कला एवं क्राफ्ट, खेल और खिलौने बनाना, चित्रकला, गायन, रोलप्ले,कविता-कहानी, खेल, नाटक और फैंसी ड्रेस के विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध रहेंगे।



उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु पंजीयन शुल्क मात्र दस रुपये निर्धारित है।

## पाकिस्तान जिंदाबाद नारे लगाने के मामले में पार्षद को जेल भेजा

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** वार्ड 58 के कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी और राजिक बाबा को सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर सेन्ट्रल जेल भेजा पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पार्षद अनवर कादरी द्वारा पुतला दहन का कार्यक्रम सुभाष मार्ग और वड़वाली चौराहे पर किया था जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए थे वीडियो वायरल होने के वाद मामले ने तूल पकड़ लिया था पार्षद अनवर कादरी ने बताया कि वीडियो को एडिटेड कर छेड छाड़ कि गई थी पर पुलिस ने मामले कि जांच शुरू कर लोगो के वायन लिए और वीडियो को जप्त किया उसमे साफ साफ भारत के खिलाफ नारेवाजी कि गई है क्षेत्र 3 के विधायक गोलू शुक्ला को जानकारी लगते ही सदर बाजार पुलिस थाने पहुंच गए और आरोपियों पर कार्रवाई कि मांग कि पुलिस ने अज्ञात लोगों पर बीएनएस की धारा 196 (1)(बी) के तहत प्रकरण किया था दर्ज मामले में पार्षद अनवर कादरी पर एफआईआर में नाम जोड़ने की मांग को लेकर गुरुवार रात बजरंग दल ने किया था सदर बाजार थाने का घेराव गुरुवार को रात हुए प्रदर्शन के बाद शुक्रवार दोपहर पुलिस ने प्रकरण में अनवर कादरी और राजिक बाबा का एफआईआर में नाम जोड़ दिया था पार्षद अनवर कादरी को सदर बाजार पुलिस ने हिरासत में लिया और सेन्ट्रल जेल भेजा पार्षद अनवर कादरी के दो दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है।


अनवर कादरी

### मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, भगवान के सोने चांदी के आभूषण चुराए थे

**इंदौर, नप्र।** थाना सेन्ट्रल कोतवाली छेत्र के खातीपुरा मंदिर के गर्भ गृह से मूर्ति चोरी का आरोपी गिरफ्तार श्री राम मंदिर खातीपुरा से भगवान की मूर्ति एवं सोने चांदी के आभूषणों की चोरी करने वाले के विरुद्ध दर्ज प्रकरण दर्ज किया था थाना स्टाफ व्दारा थाना पर प्राप्त सूचना के 12 घंटे में भीतर बरामद किए मूर्ति व आभूषण श्रीराम मंदिर खातीपुरा महंत जानकी वल्लभदास व्दारा भगवान के गर्भ गृह से श्रीराम जी की मूर्ति, माता जानकी व्दारा धारण किए गए सोने के 02 कान के झूमके, 01 मांग टीका, 01 नथनी, 01 मंगलसूत्र पैंडल, 02 चांदी के ग्लास के अज्ञात आरोपी व्दारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अप. क्रं 51 / 25 धारा 305 (d), 331(4) बी.एन.एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पश्चिम रेलवे**
**बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण**
डेन (एस्टेट/एस) एमएमसीटी **निविदा सूचना संख्या : बीसीटी/25-26/28 दिनांक 28.04.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान : महालक्ष्मी खेल मैदान : महालक्ष्मी खेल मैदान परिसर में बैडमिंटन कोर्ट 1/2 और 3/4 का निर्माण एयर कंडीशनिंग और संबद्ध सुविधाओं के साथ। ( समग्र निविदा ) कार्य की अनुमानित लागत** :4,97,95,283.78 **ईएमडी** : 3,99,000/- **जमा करने की तिथि और समय** : 23.05.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय** : 23.05.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 0100
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**आकस्मिक ध्यान अनुबंध**
मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. **निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/29 दिनांक 30.04.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान : चर्चगेट- आकस्मिक ध्यान अनुबंध एसएसई ( डब्ल्यू ) सीसीजी के अधिकार क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन आउटसोर्सिंग के माध्यम से 2 वर्षों के लिए यानी 730 दिन के लिए। कार्य की अनुमानित लागत** : 2,06,53,657.65 **ईएमडी** : 2,53,300/- **जमा करने की तिथि और समय** : 27.05.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय** : 27.05.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0104
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## विद्यालय में शुरू हुआ समर कैंप का आयोजन



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय सीएम राइस महाराज शिवाजी राव हायर सेकेंडरी स्कूल इंदौर में समर कैंप 2025 का आयोजन किया गया। कैंप की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात छात्रों को लेजियम और डंबल का प्रशिक्षण दिया गया छात्रों ने फन एक्टिविटी और रंग-बिरंगे बैलून छोड़कर अपनी खुशी को जाहिर किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती हर्षा पंडित के कुशल नेतृत्व में हो रहे इस कैंप में उन्होंने छात्रों से कहा कि वह अधिक से अधिक विद्यालय में उपस्थित होकर चल रहे समर कैंप का लाभ उठाएं प्राचार्य ने बताया कि आर्ट एंड क्राफ्ट में श्रीमती मंसूरी मैडम खेल विधा में सुश्री रेणुका और एनीमेशन टेलिंग स्टोरी में श्री बीएम सिंह द्वारा छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगाआज लगभग 80 छात्र उपस्थित रहे। कैंप की समाप्ति के पश्चात रूम क्रमांक 4 में फाइनेंस लिटरेसी पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें कॉमर्स विषय की शिक्षिका श्रीमती प्रेरणा केलवा द्वारा वित्तीय प्रबंधन पर कार्यशाला में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ।समर कैंप और कार्यशाला के समापन में विद्यालय के उप्राचार्य श्री सुधांशु वर्मा ने शैक्षणिक स्टाफ और छात्रों को प्रतिकूल मौसम से बचने के लिए सलाह दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक माध्यमिक श्री बृजेश शुक्ला प्राथमिक प्रधानाध्यापक श्रीमती उपाध्याय मैडम सहित सभी शैक्षणिक स्टाफ और लोक सेवक उपस्थित रहे।



**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
VASTU HOUSING FINANCE
पंजीकृत पता : यूनिट नंबर-203 और 204, द्वितीय तल ए विंग नवभारत एस्टेट ज़कारिया बंदर मार्ग रोड सेवरी पश्चिम, मुंबई -400 015, भारत।
सीआईएन नं. : U65922MH2005PLC272501

**कब्जे का नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने नीचे उल्लिखित तिथि को उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा, जिसका उल्लेख नीचे किया गया है तथा उस पर ब्याज, लागत आदि।

| एस. एन. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम तथा लैन नं. | मांग नोटिस की तिथि और राशि | संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आनंदी लाल भारती, कैलाश बाई HL0000000074184 और LP0000000075334 | 20-अगस्त-24 14-अगस्त-24 को 299750 रुपये और 360293 रुपये | फोन 88, मकान नंबर 24, ग्राम धबलवेनी, ग्राम पंचायत धबलिकम्मा, महिदपुर, उज्जैन, मध्य प्रदेश, 456443, कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट या 83.53 वर्ग मीटर। उत्तर : खुली जमीन, दक्षिण : सरकारी जमीन, पूर्व : रास्ता, पश्चिम : खुली जमीन | 29-अप्रैल-25 को भौतिक कब्ज़ा लिया गया |

दिनांक : 03.05,2025
स्थान : उज्जैन
हस्ताक्षरित/प्राधिकृत अधिकारी, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
VASTU HOUSING FINANCE
पंजीकृत पता : यूनिट नंबर-203 और 204, द्वितीय तल ए विंग नवभारत एस्टेट ज़कारिया बंदर मार्ग रोड सेवरी पश्चिम, मुंबई -400 015, भारत।
सीआईएन नं. : U65922MH2005PLC272501

**कब्जे का नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने नीचे उल्लिखित तिथि को उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा, जिसका उल्लेख नीचे किया गया है तथा उस पर ब्याज, लागत आदि।

| एस. एन. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम तथा लैन नं. | मांग नोटिस की तिथि और राशि | संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कैलाश मीना, रितु मीना HL0000000151247 | 20-मई-24 15-मई-24 को 2728619 रुपये | खसरा नंबर 56/41 का हिस्सा, पी एच नंबर 17, वार्ड नंबर 25, ग्राम रसूलिया, तहसील और जिला नर्मदापुरम, होशंगाबाद, मध्यप्रदेश, 461001, संपत्ति का क्षेत्रफल : 750 वर्ग फीट. उत्तर : 5 फीट ड्रेनेज के बाद मुकेश का घर, दक्षिण : 15 फीट रोड, पूर्व : माखन का घर, पश्चिम : पोसुमल का घर | 01-मई-25 को भौतिक कब्ज़ा लिया गया |

दिनांक : 03.05,2025
स्थान : होशंगाबाद
हस्ताक्षरित/प्राधिकृत अधिकारी, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

## कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतम नगर जिला-भोपाल

क्रमांक/था.प्र./गौ.नं./भो./मर्ग क्रं.-38/24 दिनांक : 01.05.2025

**:: सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना गौतम नगर के मर्ग क्रमांक 38/24 धारा 194 बीएनएसएस में मृतक अज्ञात पुरूष उम्र 60 साल (लगभग) जिसका हुलिया मृतक का हुलिया भिखारी जैसा लग रहा है चेहरा गोल रंग गेहुआं दाढ़ी सफेद व बढ़ी है काली जर्किन व उसके अंदर लाल रंग की शर्ट व कमर के नीचे ग्रे रंग का पेंट पहने है, जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 60 साल के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर या इसके वह परिजन हो तो थाना प्रभारी गौतम नगर के संपर्क नंबर 9479990623 एवं जांच अधिकारी के मो.नं. 9479993601 पर तत्काल संपर्क करें।



जी-12277/25 "स्वच्छता ही सेवा"

थाना प्रभारी
थाना गौतम नगर भोपाल

# सम्पादकीय

## भारत के सामने असल चुनौती

यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि आतंकवादी जब-तब हमारे सुरक्षा घेरे में छिद्र ढूंढने में कामयाब होते रहे हैं। इस मोर्चे पर कहां चूक रह जाती है और इन छिद्रों को कैसे भरा जाए- भारत के सामने असल चुनौती यह है।पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सख्त संदेश देते हुए पांच महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनके तहत सिंधु जल संधि को लंबित अवस्था में डाल दिया गया है, अटारी चौकी को बंद कर दिया गया है, अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा रियायत योजना की सुविधा नहीं मिलेगी, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सेना, नौ सेना और वायु सेना सलाहकारों को भारत से जाने को कहा गया है और इस्लामाबाद स्थित अपने सलाहकारों को भारत वापस बुला रहा है; तथा दोनों स्थानों पर उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या 55 घटा कर 30 करने का फैसला हुआ है। इनके बीच सिंधु जल संधि को निलंबित करने का व्यवहार में क्या असर होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। योजना अगर भारत से पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोकना है, तो उसके लिए ढांचा बनाना होगा, जो तुरंत नहीं हो सकता। वैसे भी यह विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ करार है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पंचाट में ले जाने का पाकिस्तान को अधिकार है।बाकी निर्णयों के जरिए दिए गए सख्त पैगाम संभवत- जितना पाकिस्तान के लिए है, उतना ही भारत की नाराज जनता के लिए भी। बहरहाल, इन कदमों से आतंकवाद की कमर तोडने् में क्या मदद मिलेगी, यह साफ नहीं है। भारत इस नतीजे पर है कि पहलगाम हमला लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दहशतगर्दों ने किया, जिन्हें पाकिस्तान का संरक्षण हासिल है।इसलिए पाकिस्तान को सख्त संदेश देना तो जरूरी है, फिर भी अंतिम उद्देश्य आतंकवादी संगठनों और उनके समर्थक ढांचे को ध्वस्त करना होना चाहिए। उसके लिए सरकार की क्या योजना है, इसको लेकर अस्पष्टता बनी हुई है। अतीत में सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट ऑपरेशन जैसे कदम भी सख्त संदेश देने के अलावा कुछ हासिल नहीं कर सके।यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि आतंकवादी जब-तब हमारे सुरक्षा घेरे में छिद्र ढूंढने में कामयाब होते रहे हैं। इस मोर्चे पर कहां चूक रह जाती है और इन छिद्रों को कैसे भरा जाए- भारत के सामने असल चुनौती यह है। चुनौती अपने लोगों को आतंक के साये से सुरक्षा देना है। आशा है, सरकार इसके लिए भी कारगर योजना बनाएगी।

## सुविचार

धैर्य,वह गुण है जो हर तूफान के बाद भी
स्थिर खड़ा रहने की ताकत देता है।

**- राजेन्द्र मकवानी, इंदौर**

दी गई सलाह के सौ शब्दों से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है,
अनुभव की एक ठोकर इंसान को मजबूत बनाकर
उस कार्य को सफल करने हेतु प्रेरित करती है।

**- डॉ. बनवारीलाल जाजोदिया 'यथार्थ'**

किसी के अच्छे गुण देखना
सबसे अच्छा गुण है।

**- सोमनाथ तिवारी, माण्डव**

दूसरों की गलतियों को न देखें,
अन्यथा शीघ्र ही वह आपकी बन जाएंगी।
देखना है तो दूसरों के गुणों को देखें,
इससे आप गुणवान बनते जाएंगे।

**- राशि परिहार, इंदौर**

सादगी और सत्य में एक ही समानता है.
दोनों को सजाने की जरूरत नहीं होती।

**- विजय मालवीय, धार**

## पहलगाम के शहीदों को श्रृद्धांजलि

जिनने अपने प्राण गंवाए, आतंकी के गोली बल से ,
उन प्राणों को नमन हमारा, नयनों के गंगाजल से।
अमरनाथ भारत का गौरव, पहलगाम पहला प्रधान है
हरी-भरी वादी का मंजर, यह जाने सारा जहान है।
भोले-भाले भारतवासी, थे घूम रहे अपने घर में
मारा सबको नापाकी ने,जो टहल रहे थे बंजर में
बिना किसी घर के भेदी के, आतंकी पहुंचे कैसे थे।
नरसंहार किया इतना फिर ,वो निकले, घर से जैसे थे।
पहले पूछा नाम-धरम को,और पायजामा खुलवाया,
जांचा-परखा निर्दोषों को,उनको गोली से उड़वाया।
पहले गद्दारों को मारो,इन घर के भेदी को ठोको
चूहों के आने -जाने का,जो रास्ता है उसको रोको।
गंगा-जमुनी बात करें है, धोखे से वो वार करे है,
जिसके पानी पर पलते हैं,सीना उसका चाक करे है।
सदियों -सदियों से हिन्दू ने ,मिलकर लड़ना छोड़ दिया है
जातिवाद के पीछे उसने, कायरता को ओढ़ लिया है।
तुमको राणा वंशज माना,, तुममें ही वीर शिवा अब है।
भीमदेव की माटी तुमको,फिर से राह दिखातीअब है।
जाना पहचाना पाक खड़ा है,सदा करे हमसे शैतानी,
अबके मारो इसको इतना, फिर याद करे अपनी
नानी।।



दैनिक विनय उजाला

**- दुष्यंत कुमार व्यास, रतलाम**

हर कहीं यह आशा की जा रही है कि भारत तीसरी सर्जिकल स्ट्राइक कर सकता है? भारत समुद्र के रास्ते किसी प्लान पर काम कर रहा है, पीओके में हमला करके उसे भारत में मिलाएगा या फिर वह पाकिस्तान के बांगलादेश बंटवारे जैसे किसी काम को अंजाम देगा। वैसे पाकिस्तान के लिए फिलहाल बलूचिस्तान ऐसा सरदर्द है,जैसा अफगानिस्तान के सामने तालिबान था।

# भारतीय सेनाओं के लिए जरूरी है सैटेलाइट्स की सटीक नजर

डॉ.अनिता राठौर



दैनिक विनय उजाला



कोई भी ज़ंजीर उतनी ही मज़बूत होती है जितनी कि खुद उसकी सबसे कमज़ोर कड़ी। इस तथ्य को पहलगाम घटना ने एक बार फिर याद दिलाया है, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में। यह सही है कि जिस अंदाज़ से पहलगाम में हमले को अंजाम दिया गया, उसकी पूर्व-सूचना शायद सैटेलाइट्स के माध्यम से प्रत्यक्ष तौरपर न मिल पाती, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पहले जो कुछ भारतीय सीमा के निकट घटित हुआ (या हो रहा है) उसकी जानकारी तो सैटेलाइट के ज़रिये हासिल हो ही सकती थी ? इसलिए सरकार को भारत की स्पेस-आधारित क्षमताओं पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले राष्ट्र के रूप में भारत ने निरंतरता के साथ स्पेस में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है व लोहा मनवाया है, जैसा कि 1975 में आर्यभट्ट की लॉन्चिंग से लेकर चंद्रयान-3 का चांद के दक्षिणी ध्रुव के विजयी स्पर्श से ज़ाहिर है। इसके बावजूद भारत को इस असहज सत्य का भी सामना करना चाहिए कि उसकी सैन्य स्पेस क्षमताएं अपर्याप्त हैं और वह भी ऐसे समय में जब स्पेस तेज़ी के साथ भू-राजनीतिक वर्चस्व का अगला जंगी मैदान बनता जा रहा है।

गौरतलब है कि साल 2020 में जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में घुसपैठ की थी, तब भारत ने सबसे पहले स्पेस-बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) की कल्पना की थी। देर से पहल की गई इस दीर्घकालीन योजना का उद्देश्य भारत की स्ट्रेटेजिक स्थितिगत जागरूकता को सैटेलाइट्स के समर्पित तारामंडल से मज़बूत करना था ताकि सशस्त्र बलों को सीमाओं की निगरानी व चौकसी करने में मदद मिल सके। इसलिए ज़रूरी है कि इसरो व अन्य स्टेकहोल्डर्स एसबीएस कार्यक्रम को वरीयता दें, विशेषकर इसलिए कि भारत केवल 9 या 11 रक्षा सैटेलाइट्स ही ऑपरेट करता है, जबकि अमेरिका व चीन के पास 240 से अधिक के बेड़े हैं और रूस के पास 100 से अधिक रक्षा सैटेलाइट्स हैं। यह अंतर केवल संख्या का ही नहीं है बल्कि यह स्ट्रेटेजिक क्षमता में बुनियादी फासला है, चूंकि जो चीन के पास है, वह पाकिस्तान को स्वत: ही मिल जाता है। मसलन, हाल ही में पाकिस्तान को चीन के बेईडोउ नेविगेशन सिस्टम का ग्राउंड स्टेशन मिला। कहने का अर्थ यह है कि पाकिस्तान को चीन की सैन्य स्पेस क्षमताएं प्राप्त हैं, जबकि भारत के सशस्त्र बलों के पास समर्पित सैटेलाइट्स सिस्टम का अभाव है। रिसेट-2बी व जीसेट-7 सीरीज जैसे प्लेटफॉर्म्स विकसित करने के बावजूद भारतीय सेना के पास समर्पित सैटेलाइट सिस्टम नहीं है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा फ्रेमवर्क में चिंताजनक कमजोरी प्रतीत होती है। पहलगाम यादध्यानी करा रहा है कि नई दिल्ली को अपना एसबीएस नेटवर्क अपग्रेड कर लेना चाहिए।

हालांकि वरिष्ठ रक्षा योजनाकारों व राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसीज ने एसबीएस पहल का समर्थन किया है और भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को मंज़ूरी दे दी है 52 सैटेलाइट्स के साथ, जिसमें से 31 का निर्माण निजी उद्योग द्वारा होगा, लेकिन इन सैटेलाइट्स को वास्तव में ऑर्बिट में पहुंचाने के सिलसिले में मामूली सी ठोस प्रगति हुई है। यह चिंताजनक है क्योंकि निशाने, कम्युनिकेशन, लोजिस्टिक्स व अर्ली वार्निंग सिस्टम्स के लिए आधुनिक युद्ध स्पेस आधारित एसेट्स पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। ग्लोबल पावर्स के पास सैटेलाइट्स का विशाल तारामंडल है, जिससे वह आशंकित टकराव क्षेत्रों का रियल-टाइम कवरेज कर लेती हैं, लेकिन अपने सीमित इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण भारत को अंधीगलियों का भी सामना करना पड़ता है। भविष्य के टकराव में 'देखने, समझने व प्रतिक्रिया' की क्षमताओं में अंतर ही निर्णायक साबित होगा।

बजट आवंटन भी इतना ही चिंताजनक है। नासा का बजट 25 बिलियन डॉलर है, चीन का 18 बिलियन डॉलर और यूरोपीयन स्पेस एजेंसी का 7.7 बिलियन यूरो। इनके सामने भारत का 2 बिलियन डॉलर का स्पेस बजट बौना प्रतीत होता है। जहां तक रक्षा-स्पेस क्षमताओं की बात है तो 2024 में अकेले अमेरिका स्पेस फ़ोर्स का वार्षिक बजट 30 बिलियन डॉलर था और अनुमान यह है कि चीन अपनी सैन्य स्पेस क्षमताओं में लगभग 10 बिलियन डॉलर का निवेश करता है। इसके विपरीत भारत का खर्च विभिन्न एजेंसीज में विभाजित रहता है, जिससे फोकस्ड निवेश नहीं हो पाता, जोकि ज़रूरी है काउंटर स्पेस सिस्टम्स, एंटी-सैटेलाइट्स डिफेन्स और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध हथियार विकसित करने के लिए। इससे भी खराब बात यह है कि भारत अपनी आधी से अधिक स्पेस रक्षा-संबंधी ज़रूरतें आयात करता है। भारत का कमर्शियल स्पेस सेक्टर तो मज़बूत है और अनुमान यह है कि 2040 तक हमारी स्पेस अर्थव्यवस्था 44 बिलियन डॉलर तक पहुंच जायेगी। लेकिन अगर रक्षा ज़रूरतों की भरपाई नहीं होगी तो यह विकास अर्थहीन ही रहेगा। सबसे पहले तो भारत को विस्तृत राष्ट्रीय योजना के ज़रिये एसबीएस को वरीयता देनी चाहिए। यह स्पेस का सैन्यीकरण करना नहीं है बल्कि भारत की स्ट्रेटेजिक स्वयत्तता को सुनिश्चित करना है, जिस पर दुश्मन गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं। एसबीएस केवल सैन्य सैटेलाइट्स तक सीमित न रहे बल्कि सम्पूर्ण इकोसिस्टम हो लांच व्हीकल, ग्राउंड इन्फ्रा, डाटा प्रोसेसिंग क्षमताओं और इन एसेट्स की सुरक्षा करने के लिए आवश्यक उपायों का।

आधुनिक युद्ध में एसबीएस जैसे स्पेस एसेट्स ऐसे हैं जैसे तोपों की जंग में कोई ऊपर पहाड़ी पर बैठा हो। उनसे विशाल क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा सकती है, सटीक सैन्य ऑपरेशन किये जा सकते हैं, जब ज़मीनी नेटवर्क नाकाम हो जायें तो कम्युनिकेशन लिंक्स जारी रखे जा सकते हैं और मिसाइल हमले की जल्द सूचना मिल जाती है। बिना ठोस एसबीएस क्षमता के, परम्परागत सैन्य लाभ, भले ही उच्चस्तरीय टेक्नोलॉजी पर आधारित हो, बहुत कमज़ोर पड़ सकता है। दक्षिण भारत की तीन प्राइवेट कम्पनियों को शोर्टलिस्ट किया गया है एसबीएस कार्यक्रम के लिए 31 सैटेलाइट्स विकसित करने के लिए। यह पहला अवसर है जब भारतीय उद्योग को स्ट्रेटेजिक उद्देश्यों से संबंधित सैटेलाइट्स बनाने के लिए शामिल किया गया है। लेकिन अभी तक किसी कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। एसबीएस को वरीयता देने के लिए समन्वित कार्रवाई की ज़रूरत है। वर्तमान में रक्षा व्यवस्था और स्पेस उद्योग अलग अलग काम कर रहे हैं, जिससे विचारों व आवश्यकताओं को लेकर आपस में सीमित संपर्क होता है। संस्थागत डायलॉग की आवश्यकता है। दूसरा यह कि फ़िलहाल हमारा फोकस सैटेलाइट्स विकास के सिलसिले में सिविल एप्लीकेशन पर है, जिसमें सैन्य ज़रूरतों के डिज़ाइन को शामिल करना ज़रूरी है। इसका अर्थ है कि एडवांस्ड सेन्सर्स, सुरक्षित कम्युनिकेशन क्षमताओं, इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम्स और सैटेलाइट्स को ऐसा बनाने पर निवेश करना है ताकि वह आशंकित काइनेटिक, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक या साइबर हमलों से सुरक्षित रहें। भारत को देशज लॉच क्षमताओं में तेज़ी लाने की भी ज़रूरत है। आधुनिक युद्ध की मांग यह है कि सैटेलाइट के खराब होते ही तुरंत उसकी जगह दूसरी लांच कर दी जाये। इसके अतिरिक्त भारत को अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया व जापान के साथ रक्षा स्पेस सेक्टर में स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप करनी चाहिए। भारत ने 2019 में मिशन शक्ति (एंटी- सैटेलाइट्स मिशन) का प्रदर्शन किया था, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। आज का दौर अपने जैसों के साथ मिलकर चलने का है।

**(लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं)**

# लॉफ्टर गुरु डॉ. मदन कटारिया जिन्होंने दुनिया को दिया हास्य का अमृत योग

शैलेंद्र सिंह

हालांकि यह रिसर्च मूलरूप से उनकी नहीं थी, उन्होंने भी इसे किसी विश्वविद्यालय की रिसर्च के रूप में पढ़ा था, लेकिन इसे पढ़कर उन्हें खुद बहुत खुशी मिली थी और तभी उन्होंने तय कर लिया था कि वह इसे एक चिकित्सा पद्धति के रूप में विकसित करेंगे। कई सालों की अपनी अथक मेहनत के बाद आखिरकार उन्होंने अपनी इस विकसित चिकित्सा पद्धति का पहली बार 13 मार्च 1995 को लोखंडवाला पार्क में प्रदर्शन किया।

डॉक्टर मदन कटारिया जिन्हें 'लॉफ्टर गुरु' या 'गिगलिंग गुरु' के नाम से भी जाना जाता है, को अगर आधुनिक भारत का महर्षि पतंजलि कहें तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। क्योंकि जैसे वैदिक युग में दुनिया को योग की महान विद्या महर्षि पतंजलि ने दी थी, वही काम आज के दौर में डॉ. मदन कटारिया ने दुनिया को लॉफ्टर योग देकर किया है। पारंपरिक योग से कहीं ज्यादा आज पूरी दुनिया में हास्य योग की लोकप्रियता है। 31 दिसंबर 1955 को महाराष्ट्र के एक गांव में पैदा हुए डॉ. मदन कटारिया ने साल 1979 में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर से मेडिकल स्नातक की डिग्री हासिल की और एक सामान्य चिकित्सक की तरह मुंबई के एक अस्पताल में प्रैक्टिस करने लगे। लेकिन वह दिन रात हास्य को एक औषधि के रूप में महसूसते थे, फिर जब उन्होंने एक रिसर्च पढ़ी की हंसने से खुशी का हार्मोन एंडोर्फिन बनता है तो वह सचमुच इसे पढ़कर खुशी में उछल पड़े और अपने मन में चल रहे एक लक्ष्य को पूरा करने में जुट गये। 13 मार्च 1995 को उन्होंने मुंबई में अंधेरी वेस्ट के लोखंडवाला पार्क में महज 5 लोगों के साथ हंसी के स्वास्थ्य लाभों पर आधारित लॉफ्टर क्लब की शुरुआत की थी, आज दुनिया के लगभग 120 देशों में लॉफ्टर क्लब्स जिनकी संख्या 6 हजार से ऊपर है, चल रहे हैं। पूरी दुनिया उन्हें न सिर्फ लॉफ्टर गुरु बल्कि हंसी को अमृत चिकित्सा में बदल देने वाला डॉक्टर मानते हैं। वास्तव में अपने युवास्था में ही डॉ. कटारिया ने यह रहस्य पा लिया था कि हंसी महज इंसानी गतिविधिभर नहीं है बल्कि यह अपने आपमें इंसान को कुदरत से मिला अमृत वरदान है। इसलिए डॉ. कटारिया ने आज के इस व्यस्त और तनावग्रस्त दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए इसे एक आंदोलन का रूप दिया, जो आज पूरी दुनिया में लॉफ्टर आंदोलन के नाम से जाना जाता है। डॉ. कटारिया का हास्य क्लब या लॉफ्टर क्लब की स्थापना के पीछे एक सीधा सा विचार था कि हंसी दुनिया की



दैनिक विनय उजाला

सबसे अच्छी दवा है। यदि लोग बिना किसी चुटकुले या कॉमेडी हंसते हैं तो उन पर इस हंसी का सकारात्मक असर पड़ता है। उनके मुताबिक हंसी सबसे अच्छी दवा है, यह बात सिर्फ किस्से, कहानियों की नहीं बल्कि व्यवहारिक सच्चाई है। जब डॉ. कटारिया ने देखा कि लोगों को उनकी बातों में आकर्षण महसूस होता है तो उन्होंने अपने इस हंसी योग में सांस लेने की तकनीक को भी शामिल किया और इसे प्राणायाम के साथ जोड़ा। जिस कारण आज हास्य योग बेहद वैज्ञानिक योग में परिवर्तित हो चुका है। हास्य योग हंसने की एक ऐसी वैज्ञानिक विधि है, जो अंतत: लॉफ्टर योगा के रूप में दुनिया के सामने आती है। डॉ. मदन कटारिया जो आज भी मुंबई के विभिन्न पार्कों में कभी कभी लोगों को हंसाते दिखा जा सकता है यानी हास्य योग का नेतृत्व करते। डॉ. कटारिया ने इस हास्य योग को एक सुप्रबंधित वैज्ञानिक प्रक्रिया में बदलने के लिए हास्य पर कई किताबें भी लिखी हैं,जिनमें सबसे प्रमुख है- लॉफ फॉर नो रीज़न। उन्होंने टेड टॉक्स, बीबीसी और नेशनल जियोग्राफिक जैसे कई अंतर्राष्ट्रीय चैनलों में अपने इस हास्य योग के संबंध में लंबे व्याख्यान भी दिए हैं। हंसने को लेकर उनका एक प्रेरणाप्रद विचार है, 'हम हंसते नहीं क्योंकि हम खुश हैं, हम खुश होते हैं, क्योंकि हम हंस सकते हैं।'

वास्तव में आज पूरी दुनिया हंसने को खुश और संतुष्ट रहने की साइंस मानती है। लेकिन शुरु में जब डॉ. मदन कटारिया मुंबई के पार्कों में लोगों के हंसी का महत्व बताया करते थे, तो लोग शुरु में उनकी बात एक कान से सुनते थे और दूसरे कान से हंसकर निकाल देते थे। फिर भी डॉ. कटारिया अपने इस मिशन से पीछे नहीं हटे, उन्होंने 1995 में एक रिसर्च आर्टिकल पढ़ा, जिसका सार यह था कि हंसी शरीर एंडोर्फिन बढ़ाती है और तनाव कम करती है। डॉ. कटारिया को इन शोध ने गहराई से प्रभावित किया। हालांकि यह रिसर्च मूलरूप से उनकी नहीं थी, उन्होंने भी इसे किसी विश्वविद्यालय की रिसर्च के रूप में पढ़ा था, लेकिन इसे पढ़कर उन्हें खुद बहुत खुशी मिली थी और तभी उन्होंने तय कर लिया था कि वह इसे एक चिकित्सा पद्धति के रूप में विकसित करेंगे। कई सालों की अपनी अथक मेहनत के बाद आखिरकार उन्होंने अपनी इस विकसित चिकित्सा पद्धति का पहली बार 13 मार्च 1995 को लोखंडवाला पार्क में प्रदर्शन किया। लेकिन जल्द ही वे जान गए कि यह तरीका सीमित है, जिसके लिए डॉ. मदन कटारिया ने जानबूझकर हंसने यानी सिमूलेटिड लॉफ्टर तकनीक विकसित की, जो कि आज एक योग के प्रारूप में लोगों द्वारा हर दिन अभ्यास की जाती है। लॉफ्टर योगा केवल भारत में ही नहीं रूका बल्कि इसकी ख्याति देखते ही देखते साल 2023 तक 110 देशों में फैल चुकी थी, जिसके आज करीब 120 देशों में पहुंच जाने की बात कही जा रही है। साल 2023 में ही पूरी दुनिया में ही लॉफ्टर योगा कराने वाले क्लबों की संख्या 6 हजार से ज्यादा हो चुकी थी। आज हंसाने वाले उनके ये क्लब स्कूलों, वृद्धाश्रमों, जेलों और मल्टीनेशनल कंपनियों के आहतों तक में चलते हैं और उन्हें आज की दुनिया का हास्य गुरु बनाते हैं।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

# एनसीसी अनुशासन की मजबूत नींव : कर्नल मोहन तिवारी

विनय उजाला





**महू, निप्र।** एनसीसी ग्रुप इंदौर की 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर का प्रशिक्षण सत्र 2025 के प्रथम वार्षिक प्रशिक्षण शिविर,1मई से 10मई तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर का विधिवत उद्घाटन कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी के औपचारिक उद्बोधन से किया गया।

कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि एनसीसी अनुशासन की मजबूत नींव है, एनसीसी के माध्यम से कैडेट्स अनुशासन के साथ साथ नेतृत्व के गुण,आपसी भाईचारा, सौहाद्रपूर्ण वातावरण मे रहना सीखता है तथा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है।

कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कैंप का प्रमुख उद्देश्य कैडेट्स में राष्ट्र निर्माण के गुण विकसित करना है।इसके लिए सभी कैडेट्स अपने स्तर पर पानी,ऊर्जा, खाद्य पदार्थों का अपव्यय रोक कर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके साथ ही इस शिविर में बटालियन स्तर पर कैडेट्स का प्राथमिक तौर पर आगामी थल सैनिक कैंप नई दिल्ली एवं गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली 2026 हेतु उत्कृष्ट कैडेट्स का चयन करना भी है। इसके साथ ही इस शिविर में आए सभी कैडेट्स को ड्रिल,वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट कम्युनिकेशन, सिविल डिफेंस प्राथमिक उपचार, सैन्य इतिहास, व्यक्तित्व विकास,मेप रीडिंग आदि विषयों के बारे में भारतीय सेना के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने शिविर में आए सभी कैडेट्स से आग्रह किया कि इस शिविर में सिखलाए जाने वाले प्रशिक्षण का सभी कैडेट्स अधिक से अधिक लाभ लें, ताकि आगामी ए,बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा में कैडेट्स अच्छी ग्रेड हासिल कर सके,साथ ही वे देश का एक अच्छा नागरिक बन सके।

इस शिविर के डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल वरुण भारतीय, सूबेदार मेजर बृजेश कुमार रहेंगे। शिविर में कुल 583 कैडेट्स इंदौर, महू, मनावर, सेंधवा, बड़वानी, खरगोन, महेश्वर मंडलेश्वर धामनोद, धार आदि के कैडेट्स भाग ले रहे हैं, जिन्हें 10 एनसीसी अधिकारी तथा 20 सेना के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड — 50 सालों से ऊर्जा और प्रगति का शक्ति स्रोत

विनय उजाला

**अहमदाबाद।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई - PIGL, बीएसई - 543912), विद्युत ठेका और उपकरण उद्योग की प्रमुख कंपनियों में से एक, गर्व के साथ मना रही है अपनी स्वर्ण जयंती — भारत की विद्युत अवसंरचना को समर्पित नवाचार, सेवा और संकल्प के 50 स्वर्णिम वर्ष। श्री पद्मनाभन पिल्लै के दृष्टिकोण से स्थापित, पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन ने विश्वसनीय विद्युत समाधान देने के संकल्प के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी। आज यह कंपनी भारत की ऊर्जा क्षेत्र की धड़कन बन चुकी है — एक पूर्ण ईपीसी सेवा प्रदाता के रूप में। पाँच दशकों में कंपनी का उद्देश्य भी विकसित हुआ है: कभी घरों और उद्योगों को रोशन करना था, अब पूरे देश में जटिल पावर नेटवर्क और उच्च वोल्टेज परियोजनाओं को सशक्त बनाना है। पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड की 50वीं वर्षगांठ के गौरवपूर्ण अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, हमारे लिए यह 50 साल का सफर गर्व और उपलब्धियों से भरा एक ऐतिहासिक क्षण है। 1975 में पहली परियोजना से लेकर एमटीएनएल सबस्टेशन, अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और कई अन्य प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स तक — हर पड़ाव पर हमारा एक ही लक्ष्य रहा है: भारत की प्रगति के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और नवाचारी पावर सॉल्यूशंस प्रदान करना।

मई 2023 में, हमारी कंपनी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ह्स्थ) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्स्थ) के मेन बोर्ड्स पर सफलतापूर्वक प्रवेश कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया है — यह हमारे विकास सफर की एक गौरवशाली उपलब्धि है।

इस ऐतिहासिक यात्रा में साथ निभाने के लिए मैं हमारी समर्पित टीम, ग्राहकों, साझेदारों और सभी हितधारकों का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। आपका विश्वास और समर्थन ही हमारी सफलता की असली ताक़त रहे हैं।

अब हम भविष्य की ओर आत्मविश्वास से बढ़ रहे हैं, विशेष रूप से E&tra High Voltage सेगमेंट में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए। हमारा पहला 400 kV प्रोजेक्ट प्रगति पर है, और हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र के भविष्य को उत्कृष्टता और ईमानदारी से ऊर्जा देने के लिए तत्पर हैं।

अब बदल जाएगी सियासत की तस्वीर...

# मुस्लिम जातियों के साथ धर्मांतरण का आंकड़ा भी जुटाएगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

**पहलगाम आतंकी हमला मामले में पाकिस्तान से जारी तनातनी के बीच मोदी सरकार ने जाति गणना कराने का फैसला कर सभी को चौंका दिया है।**

हालांकि सरकारी सूत्र का कहना है कि यह फैसला अचानक नहीं बल्कि सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। सरकार उचित समय का इंतजार कर रही थी, जिससे उसके विपक्ष के दबाव में न आने का संदेश जाए। जाति जनगणना के जरिये सरकार का इरादा महज हिंदुओं की ही नहीं बल्कि मुस्लिमों समेत अन्य धर्मों की जातियों की भी अलग-अलग संख्या और आंकड़ा एकत्रित करने के साथ आजादी के बाद धर्मांतरित हुए लोगों का आंकड़ा भी जुटाने का है।

मोदी सरकार के इस फैसले को देश में मंडल-2 की सियासत की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। सभी दलों की निगाहें ओबीसी वोट बैंक को साधने पर है। जाहिर तौर पर श्रेय लेने की इस सियासी जंग के कारण भविष्य में ओबीसी ही नहीं बल्कि एससी-एसटी आरक्षण के अंदर कोटा बनाने की मांग तेज होगी। इनमें ओबीसी आरक्षण को विभिन्न श्रेणियों में बांटने के लिए सरकार के पास रोहिणी आयोग की रिपोर्ट का हथियार होगा तो एससी-एसटी आरक्षण को वर्गीकृत करने का फैसला सुप्रीम कोर्ट पहले ही सुना चुकी है। इसके इतर जाति गणना से पूर्व ही आरक्षण का दायरा बढ़ाने और निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने की मांग तेज हो रही है।




## मुस्लिमों में शामिल 36 जातियों को मिलता है आरक्षण

सरकारी सूत्र ने कहा कि जातियों की गिनती महज बहुसंख्यक हिंदू समुदाय तक सीमित नहीं रहेगी। यह प्रक्रिया अन्य धर्मों के लिए भी अपनाई जाएगी। मुसलमानों में भी जातियां हैं, अगड़े, पिछड़े और दलित हैं। इसी आधार पर इनमें शामिल 36 जातियों को ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है। ऐसे में कोई यह नहीं कह सकता कि उसके यहां जाति नहीं है। दलित मानी जानी वाली जातियों को अरजाल कहा जाता है। पसमांदा जो पिछड़े मुसलमान में हैं, उनमें कुंजड़े, जुलाहे, धुनिया, कसाई, फकीर, मेहतर, धोबी, मनिहार, नाई जैसी कई जातियां हैं। इनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को जानने के लिए भी गणना जरूरी है।

## संतुलन साधना भाजपा की चुनौती

जाति गणना की घोषणा के बाद भाजपा के सामने अब खुद को एक ओर ओबीसी हितैषी होने और दूसरी ओर सामान्य वर्ग की नाराजगी के बीच संतुलन बैठाने की चुनौती है। सूत्रों का कहना है कि जाति गणना का फैसला संघ के फीडबैक के आधार पर लिया गया। ठीक उसी तरह जैसे संघ के फीडबैक के बाद सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण देने का फैसला किया गया था। सूत्र ने इस संदर्भ में कुछ महीने पूर्व प्रतिनिधि सभा में इस मुद्दे पर संघ की ली गई लाइन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि इसका उपयोग राजनीति के लिए नहीं सामाजिक हितों को पूरा करने के लिए किया जाना चाहिए।

### सामान्य वर्ग का जारी हो सकता है एकमुश्त डाटा

देश में अंतिम जाति जनगणना आजादी से पूर्व 1931 में हुई थी। इसके बाद से महज अनुसूचित जाति-जनजाति का आंकड़ा जुटाए जाने के बावजूद अन्य जातियों की संख्या अनुमान के आधार पर व्यक्त की जाती रही है। इनमें ओबीसी और मुसलमानों की एकमुश्त संख्या बताई जाती है, जबकि सामान्य वर्ग के जातियों की अलग-अलग संख्या बताई जाती है। ऐसे में इस बार सामान्य वर्ग का एकमुश्त डाटा जारी किया जा सकता है।

### प्रश्नावली तैयार करना चुनौती

जाति गणना के लिए सरकार के लिए प्रश्नावली तैयार करना बड़ी चुनौती होगी। इसमें तकनीकी कमी के कारण ही 2011 के सर्वे में ओबीसी की 40 लाख जातियां-उपजातियां सामने आ गई थी।

### धर्म परिवर्तन का कहां ज्यादा प्रभाव

सरकारी सूत्र ने संकेत दिया कि इस बार जाति गणना में धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों का भी आंकड़ा जुटाया जाएगा। धर्म परिवर्तन के कारण देश के कई हिस्सों की जनसंख्या और भौगोलिक संरचना में तेजी से बदलाव देखा गया है। ऐसे में सरकार का इरादा यह जानने का है कि किन धर्मों और जाति विशेष के लोगों में धर्मांतरण हुआ और किस हिस्से में इसका प्रभाव ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

संजय राउत ने शिवसेना शिंदे पर किया कटाक्ष, कहा-

### गुंडों को नहीं बनाया जाए रायगढ़ का संरक्षक मंत्री

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में संरक्षक मंत्री पद को लेकर छिड़े विवाद के बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शिवसेना शिंदे पर कटाक्ष किया। संजय राउत ने कहा कि गुंडों को रायगढ़ का संरक्षक मंत्री नहीं बनाया जाना चाहिए।



संजय राउत ने कहा कि रायगढ़ जैसे जिले का संरक्षक पद गुंडों के पास नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसे व्यक्ति के पास होना चाहिए जो संतुलित हो और भ्रष्टाचार से लड़ सके। अदिति तटकरे एक सक्षम मंत्री और राज्य का युवा चेहरा हैं। वह रायगढ़ जिला परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं और जिले को अच्छी तरह जानती हैं। वह धैर्यवान हैं और भ्रष्ट नहीं हैं।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सहयोगी शिवसेना और एनसीपी के बीच रायगढ़ के संरक्षक मंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहले महिला एवं बाल विकास मंत्री और एनसीपी नेता अदिति तटकरे को जिले का संरक्षक मंत्री नियुक्त किया था। इस कदम से शिवसेना नाराज हो गई, क्योंकि उसके पार्टी नेता और रोजगार गारंटी मंत्री भरत गोगावाले भी इस पद के लिए दावेदारी कर रहे थे। इसके बाद फडणवीस ने निर्णय स्थगित कर दिया। किसी भी जिले के प्रभारी मंत्री जिले में विकास के लिए फंड आवंटित करने और विभिन्न विकास कार्यों के लिए जिम्मेदार होते हैं। रायगढ़ में जल्द ही नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण होना है, साथ ही कई आवासीय योजनाएं भी प्रस्तावित हैं। ऐसे में रायगढ़ अहम जिला हो जाता है।

### मुझे भी धमकी भरे फोन आते हैं: सीएम सिद्धारमैया

**मांड्या, एजेंसी।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया को भी फोन पर धमकियां मिल रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर को धमकी भरे फोन आने का मामला सामने आने के बाद सीएम सिद्धारमैया ने यह खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मुझे भी धमकी भरे कॉल आए हैं। मैंने पुलिस से इसके पीछे वालों का पता लगाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर को कथित तौर पर धमकी भरे फोन आने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे भी धमकी भरे फोन आते हैं, तो मैं क्या करूं? हमने पुलिस को सूचित कर दिया है। पुलिस से कहा है कि वे धमकी भरे फोन करने वालों का पता लगाएं और उनके खिलाफ कार्रवाई करें। हां, मुझे भी धमकी भरे फोन आए हैं।



#### मंगलूरू मामले के आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे

सीएम ने कहा कि पुलिस को निर्देश दिया गया है कि मंगलूरु में राउडी शीटर सुहास शेट्टी की हत्या में शामिल अपराधियों का जल्द से जल्द पता लगाया जाए और उन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए। हमें अभी तक हत्या का कारण पता नहीं चला है। शेट्टी को गुंडा कहा जाता था। इसकी जांच होनी चाहिए। हत्या के बाद मैंने पुलिस से बात की और हमने एडीजीपी कानून एवं व्यवस्था को मंगलूरू भेजा है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह पूर्वनियोजित है या नहीं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। जांच पूरी होने के बाद ही इसका पता चल पाएगा। भाजपा हमेशा राजनीति करने के लिए ऐसी घटनाओं की तलाश में रहती है।

### आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने वालों पर कार्रवाई करे सरकार: अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार को आंबेडकर जी की प्रतिमा तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग ही आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ रहे हैं इसलिए वो कार्रवाई किस पर करें। यह जवाब उन्होंने प्रदेश के कई जिलों में आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़े जाने के सवाल पर दिया। अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) ने भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को खत्म कर दिया है। इसलिए अब भाजपा नफरती राजनीति पर उतर आई है। भाजपा का वोट कम हो रहा है। लोग महंगाई और बेरोजगारी के सवालों को उठा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मदरसों को अवैध बताकर बंद किया जा रहा है। अगर वो अवैध हैं या अवैध जमीन पर बने हैं तो पहले क्यों नहीं रोका गया। अगर नक्शा पास नहीं करवाया गया तो उसकी भी व्यवस्था है लेकिन भाजपा अपने वोट बैंक को बचाने के लिए अब नफरत की राजनीति कर रही है।



तेजस्वी को ज्ञान और ट्यूशन लेने की दी सलाह

# लालू युग समाप्त, सीएम भी हैं बीमार: पीके

भागलपुर, एजेंसी

जाति जनगणना की केद्र के द्वारा घोषणा किये जाने के बाद अब जाति जनगणना पर ही राजनीति होने लगी। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष ने इसे अपनी जीत बताई थी वहीं आज गुरूवार को जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने महागठबंधन के द्वारा कराए गये जाति जनगणना पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि जातीय जनगणना जरूरी है, इससे समाज को नुकसान नहीं, बल्कि फायदा होगा। लेकिन सरकार ने जिस तरीके से जाति गणना करायी है, वह बिल्कुल सही नहीं है।

जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह किसी सेवा में शामिल होने से पहले मेडिकल जांच जरूरी होती है, वैसे ही राज्य के मुख्यमंत्री का भी स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य होना चाहिए। बिहार के 13 करोड़ जनता की जिम्मेदारी एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है, जिनका स्वास्थ्य खुद संदेह के घेरे में है।

## जाति जनगणना से सहमत, फिर भी जताया असंतोष



जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जन संवाद यात्रा के दौरान भागलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य सरकार के जातीय जनगणना प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जनसुराज पार्टी भी जातिगत जनगणना का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि वह पहले भी कई बार इसकी आवश्यकता पर जोर दे चुके हैं। हालांकि, उन्होंने बिहार सरकार पर आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि यह जनगणना अधूरी, अपारदर्शी तरीके से की गई है। इस प्रक्रिया से समाज की असली तस्वीर सामने नहीं आ पाएगी। मैंने पहले भी कहा था कि जातीय जनगणना जरूरी है, इससे समाज को नुकसान नहीं, बल्कि फायदा होगा। लेकिन सरकार ने जिस तरीके से यह गणना करायी है, वह बिल्कुल सही नहीं है।

## लालू यादव युग समाप्त, तेजस्वी भी ले लें ट्यूशन

जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर भी खूब बोले। उन्होंने कहा कि बिहार में लालू यादव का राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी तंज कसा। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि उनको समाजवाद की असली समझ नहीं है। उनको अच्छे ज्ञान व पढ़ाई के लिए ट्यूशन लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए शिक्षा और ईमानदार व पारदर्शी सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का विस्तार एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने के बाद ही बिहार विकास के पथ पर अग्रसर हो पाएगा। आज भ्रष्टाचार पूरे राज्य में फैला हुआ है। इससे भागलपुर भी अछूता नहीं है।

सीएम सरमा का पाकिस्तान पर करारा हमला

# बलूचिस्तान में हो रही लोगों की हत्या मानवाधिकारों का काला अध्याय

गुवाहाटी, एजेंसी

**असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने पाकिस्तान पर करारा हमला बोला है। पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में हो रही लोगों की व्यवस्थित न्यायेतर हत्याएं पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड का काला अध्याय हैं।**

सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स (वीबीएमपी) जैसे संगठनों का अनुमान है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत से 20,000 से अधिक लोग लापता हो गए हैं और सैकड़ों शव संदिग्ध और क्रूर परिस्थितियों में बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान में व्यवस्थित न्यायेतर हत्याएं पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड में सबसे काले अध्यायों में से एक है। सीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि सालों से बलूच लोग जबरन गायब किए जा रहे हैं। यहां छात्रों, कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों का राज्य एजेंसियों द्वारा अपहरण कर लिया जाता है। उन्हें यातना दी जाती है और बाद में उन्हें दूरदराज के बीहड़ों में मृत पाया जाता है या सुनसान सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। सरमा ने आरोप लगाया कि यह प्रथा बलूचिस्तान में राज्य प्रायोजित आतंक का चेहरा बन गई है। जहां परिवारों को आशा के बजाय अपने प्रियजनों के क्षत-विक्षत शव मिलते हैं।



क्रेडिट को लेकर मची होड़

# भाजपा ने कांग्रेस-आरजेडी को बताया जाति जनगणना विरोधी पार्टी




पटना, एजें

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में जाति जनगणना कराने की घोषणा के बाद देश की राजनीति गर्म हो गई है। कांग्रेस इसे राहुल गांधी की जीत के रूप में दिखाने की कोशिश में लगी हुई है। राहुल गांधी काफी लंबे से इसकी मांग कर रहे थे। वहीं, दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन ने कांग्रेस को जाति जनगणना का विरोधी बताया है।**

इसी कड़ी में बेगूसराय में एनडीए गठबंधन के नेताओं ने सर्किट हाउस में एकसाथ मीडिया को संबोधित कर चुनावी साल में माहौल बनाने की कोशिश की है। प्रवक्ताओं ने कहा कि जाति गणना चुनावी एजेंडा बिल्कुल नहीं है। मुंबई में इंडी गठबंधन की बैठक में कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध किया था। राहुल गांधी पहले जाति गणना का विरोध करते थे, अब श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने जाति गणना कराई, लेकिन रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई। कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन सामाजिक न्याय नहीं किया। नरेंद्र मोदी को जब मौका मिला तो उन्होंने हर वर्ग के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री की जोड़ी सभी जातियों और धर्मों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। हालांकि यह भी कहा कि पिछले साल बिहार में जाति गणना कराई गई थी, जिससे राज्य को लाभ हुआ। अब केंद्र सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम ब?ाया है। राजद सुप्रीमो में लालू प्रसाद यादव पर सामाजिक न्याय के नाम पर उन्माद फैलाने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बोला हमला

# तेजस्वी ने चिराग से पूछा- 10 साल बिहार के लिए क्या किया?

पटना, एजेंसी

**विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव शुक्रवार को जमुई के सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि नीतीश कुमार मेंटली रिटायर्ड हो चुके हैं और रिटायर्ड अफसरों की बदौलत ही बिहार की सरकार चल रही है।**

तेजस्वी यादव ने चिराग पासवान से भी सवाल पूछा। कहा कि उन्होंने 10 साल में बिहार के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि वह कहते हैं बिहार की राजनीति करेंगे तो अब क्या अब तक बिहार की राजनीति नहीं कर रहे थे। फूड प्रोसेसिंग उनका मंत्रालय है वह बताएं कि अभी तक उन्होंने बिहार को क्या सौगात दी?

तेजस्वी याव ने कहा कि चिराग कहते हैं कि बिहार क्राइटेरिया फुलफिल नहीं करता है तो 20 साल से राज्य में आपकी सरकार है 10 साल से केंद्र में आपकी सरकार है? आपने बिहार को उसे योग्य बनाया क्यों नहीं? उन्होंने केंद्रीय गिरिराज सिंह पर भी हमला किया और कहा कि वह कपड़ा मंत्री हैं वह बताएं कि बिहार को उन्होंने क्या दिया? उन्होंने कहा कि हम लोगों ने खिलाड़ियों के लिए पॉलिसी बनाई थी और 73 खिलाड़ियों को डीएसपी रैंक दिया था। बिहार का विकास हमारा लक्ष्य है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर महंगाई बढ़ाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने केंद्र सरकार के जातीय जनगणना पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनसे ही पूछिए कि आखिर क्यों उनलोगों ने हम लोगों का एजेंडा लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म में जातियां होती हैं, जिनकी गिनती होगी। हर धर्म में गरीब और पिछड़े होते हैं? उनका कल्याण किया जाएगा।

आईपी गुप्ता के महागठबंधन में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर एक को अपनी विचारधारा रखने तथा पार्टी बनाने का अधिकार है, जो लोग भी महागठबंधन में आएंगे उनका स्वागत है।



## जनता अबकी बार चुनाव में सबक सिखाएगी

वहीं नीतीश सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि जनता सब समझती है और इन्हें अबकी बार चुनाव में सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे अपने आप पर तथा जनता पर भरोसा है जिस तरह उन्होंने हमें मुख्य विपक्षी दल बनाया है उसी तरह वह हमें सरकार बनाने का भी मौका देंगी। हमारा लक्ष्य सत्ता हासिल करना नहीं है बल्कि बिहार का विकास हमारा एजेंडा है। उन्होंने कहा कि हम लोग सत्ता में आएंगे तो माय बहन मान योजना लागू करेंगे जिससे गरीबों को 2500 रुपए प्रति माह मिलेगा और वृद्धा पेंशन को 400 से बढ़कर 1500 किया जाएगा तथा गैस सिलेंडर 500 में दिया जाएगा।

### चिराग पासवान की पार्टी ने एनडीए से बनाई दूरी

**पटना, एजेंसी।** जातीय गणना पर सभी राजनीतिक पार्टियां अपना क्रेडिट लेने में लगी हुई है। पार्टी के आला कमान ने हर जिले में प्रवक्ता एवं पार्टी के नेताओं को भेज कर प्रेस कांफ्रेंस करने का आदेश आला कमान दिया है। इसी को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर दो तस्वीर वैशाली जिले से सामने आई। पहली तस्वीर में सभी एनडीए के घटक दल के प्रमुख नेता दिख रहे हैं। इनलोगों ने सर्किट हाउस में साथ मिलकर प्रेस वार्ता की। इसमें भाजपा, जदयू, हम, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रवक्ताओं ने जातीय गणना को लेकर अपनी उपस्थिति एवं अपनी उपलब्धि गिनाई। इसमें चिराग पासवान की पार्टी के एक भी नेता नहीं दिखे। इधर, एनडीए की प्रेस वार्ता के कुछ देर बाद ही लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेताओं ने अलग से हाजीपुर के सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुला ली। लोजपा (रामविलास) के नेताओं ने अपनी पार्टी की उपलब्धि एवं अपने नेता चिराग पासवान को जातीय गणना का क्रेडिट देते दिखे। अब इन दो तस्वीरों ने सियासत गरमा दी। विपक्ष के नेता सवाल उठा रहे हैं एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं है।

खरगे ने बुलाई कांग्रेस कार्य समिति की अहम बैठक

# पहलगाम आतंकी हमले और जाति जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस में मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र सरकार की ओर से किए गए जाति जनगणना के एलान पर चर्चा की गई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया था कि सीडब्ल्यूसी इन दोनों अहम मुद्दों पर बैठक में चर्चा करेगी।**

सूत्रों के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी की इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए जा सकते हैं। पहले प्रस्ताव में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जा सकती है। दूसरे प्रस्ताव में जल्द जाति जनगणना के लिए धन आवंटन की मांग की जा सकती है। बैठक में यह भी मांग उठाई जा सकती है कि संविधान में संशोधन करके आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा को हटाया जाए। साथ ही सरकार से यह अपील भी की जा सकती है कि अनुच्छेद 15(5) को लागू किया जाए, जो निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान करता है।



**सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद...** बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। इसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि अगली जनगणना में जाति के आंकड़ों को भी शामिल किया जाएगा। ऐसा देश की आजादी के बाद पहली बार होगा।

## कांग्रेस के दबाव में सरकार करा रही जाति जनगणना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले कहा था कि 22 अप्रैल के हमले में मारे गए 26 लोगों के दोषियों को सजा मिलनी चाहिए और प्रधानमंत्री को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने जाति जनगणना को लेकर सरकार के फैसले का स्वागत तो किया, लेकिन यह भी कहा कि 11 साल विरोध करने के बाद अब अचानक फैसला लेने के पीछे क्या मंशा है, यह स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार जाति जनगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा तय करे, नहीं तो यह भी महिला आरक्षण विधेयक की तरह अधूरा रह सकता है। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि सरकार ने कांग्रेस के दबाव में आकर ही जाति जनगणना का एलान किया है।

### राहुल गांधी को जाति जनगणना के लिए दिया श्रेय

वहीं, गुजरात कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने के फैसले का स्वागत किया और इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया और कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार को यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया। पार्टी की शहर इकाई के अध्यक्ष हिम्मत सिंह पटेल और विधानसभा में उपनेता शैलेश परमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पालडी स्थित राजीव गांधी भवन में जुटे और राहुल गांधी का आभार जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### घर-घर पहुंच कर नागरिकों की समग्र आईडी को किया आधार से लिंक



**उज्जैन, निप्र।** शुक्रवार दिनांक 02 मई 2025 को वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत हितग्राहियों की समग्र आईडी को आधार से लिंक कराए जाने के अभियान अंतर्गत भागसीपुरा क्षेत्र से अभियान के तहत महापौर मुकेश टटवाल द्वारा घर-घर पहुंचकर हितग्राहियों की समग्र आईडी को आधार से लिंक कराया जाकर अभियान की जानकारी दी गई कि यदि आप हितग्राहियों द्वारा अपनी समग्र आईडी को आधार से लिंक नहीं कराया गया तो शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाएंगे एवं समग्र आईडी विलुप्त हो जाएगी। इस दौरान वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य रजत मेहता, मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, उपायुक्त श्रीमती आरती खेडेकर, वार्ड प्रभारी एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

### निगम अध्यक्ष ने किया ऋषि तलाई पर श्रमदान



**उज्जैन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं को सहेजने हेतु नगर निगम द्वारा निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नगर निगम द्वारा गयाकोटा स्थित ऋषि तलाई के पुनरुद्धार हेतु गहरीकरण एवं सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसमें शहर की संस्थाओं द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जाकर श्रमदान किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा सेवाधाम आश्रम परिवार के ऋषि तलाई पर श्रमदान/सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर साथ में सेवाधाम आश्रम से सुधीर भाई गोयल, दिल्ली से पधारे सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मित्तल एवं योगेश माथुरिया, नगर निगम उपायुक्त मनोज मौर्य, जोनल अधिकारी डीएस परिहार उपस्थित रहें। आज जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ऋणमुक्तेश्वर घाट पर प्रात: 8:00 बजे श्रमदान एवं सफाई कार्य किया जायेगा।

### मोईना ग्रीड पर आउटसोर्सकर्मी को करंट लगा

**नागदा जं., निप्र।** मप्र विपि कंपनी के मोईना स्थित ग्रीड पर जम्फर बदलने के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी करंट की चपेट में आ गया। जिसको उपचार के लिए जनसेवा की गहन चिकित्सा इकाई में सहकर्मियों ने भर्ती कराया। शुक्रवार की दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे मोईना ग्रीड पर जम्फर बदलने के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी प्रकाश पिता केशुराम परमार करंट की चपेट आ गया। जिसको उपचार के लिए जनसेवा अस्पताल के आईसीयु में भर्ती कराया गया। घायल प्रकाश ने बताया कि सहकर्मियों की मौजूदगी में जम्फर बदलने के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया, प्रकाश के अनुसार शरीर के ऊपरी हिस्से की पसलियों में काफी दर्द हो रहा है उसके मुंह और हाथ पैरों में सुजन दिखाई दे रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी अस्पताल पहुंच गए थे।

### लैंक्सेस उद्योग गेट पर प्रदर्शन

**नागदा जं., निप्र।** लैंक्सेस उद्योग गेट पर शुक्रवार की शाम को ग्रेसिम क्रांतिकारी कर्मचारी युनियन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। युनियन उपाध्यक्ष ध्रुवसिंह रघुवंशी ने बताया कि न्यूनतम वेतनमान का लाभ श्रमिकों को देने की मांग को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। यदि निर्धारित समय अवधि में भुगतान नहीं किया गया तो श्रमिकों के हित में निरंतर आंदोलन किए जाएंगे। इस दौरान पवन गुर्जर, नाहरसिंह झाला आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने किया पूजन



**उज्जैन, निप्र।** आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य जयंती पर श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में श्री चंद्रादित्येश्वर महादेव मंदिर में स्थापित शंकराचार्य मंदिर मे खजुराहो से सांसद व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत शर्मा, एकात्मता न्यासधाम के न्यासी मुकुल कानिटकर एवं विधायक श्री अनिल जैन कालूखेडा, भा.ज.पा. शहर अध्यक्ष संजय अग्रवाल आदि द्वारा आद्य गुरु श्री शंकराचार्य जी का पूजन किया गया। पूजन आशीष पुजारी व विकास पुजारी द्वारा सम्पन्न करवाया गया।

### महाकाल अन्नक्षेत्र में खाद्य सामग्री दान में प्राप्त




**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित नि:शुल्क अन्नक्षेत्र में श्री महाकालेश्वर भगवान के परम भक्त मनीष मीणा व गौरव चौधरी द्वारा पप्पू बौरासी की प्रेरणा से 105 किलो पोहा व 1100 किलो आटा सामग्री दान प्राप्त हुई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित अन्नक्षेत्र के प्रभारी मनीष तिवारी द्वारा दानदाता को रसीद प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो कि, श्री महाकालेश्वर मंदिर की सभी व्यवस्थायें दान के माध्यम से ही संचालित होती हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित निःशुल्क अन्नक्षेत्र, गौशाला आदि में भी अपनी श्रद्धानुसार अन्न दान भी करते हैं। समय समय पर मंदिर के अधिकारी/ पुजारी/पुरोहितों/मंदिर प्रबंध समिति सदस्यों व कर्मचारियों के माध्यम से भी भक्तों को मंदिर में दान करने हेतु प्रेरित किया जाता है ।

# जो प्राप्त है वही पर्याप्त है : राष्ट्रसंत ललितप्रभ सागरजी

विनय उजाला





**नागदा जं., निप्र।** प्राप्त को पर्याप्त समझ ले वह सबसे सुखी व्यक्ति एसा अपने प्रवचन के माध्यम से राष्ट्रसंत ललित प्रभसागरजी ने बताया की आप को जो भी, जैसा भी मानव जीवन प्राप्त हुआ है उसके लिए भगवान को धन्यवाद प्रेषित करे। क्योंकि आप के पास वह सब कुछ सुख सुविधा है, जिसका इंतजार अन्य व्यक्ति जीवन पर्यान्त करते है। जिस व्यक्ति ने मानव जीवन जीने की कला को सिख लिया उसके लिए मानव जीवन भगवान के द्वारा दिया गया एक अनमोल प्रसाद बन जाएगा।

यह बात राष्ट्रसंत उपाध्याय प्रवरश्री ललीत प्रभसागरजी मसा ने शुक्रवार सुबह 9.30 बजे लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित पाठशाला भवन में आयोजित जीने की कला विषय पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त की। उन्होने कहा कि इस दुनिया में दो प्रकार के व्यक्ति है एक ऐसा व्यक्ति है जिसके पास गले में सोने की चेन है और दूसरा व्यक्ति वह है जो चैन से सोने वाला है। सबसे ज्यादा वह व्यक्ति वह सुखी है जो प्राप्त को पर्याप्त समझ कर चैन से सोने वाला है।

**स्वयं को मोटिवेट कर सकारात्मक रहे :** धर्मसभा में राष्ट्रसंत ने जीवन को सार्थक करने हेतु मूल मंत्र देते हुए कहा कि दूसरे व्यक्ति को सुधारने की अपेक्षा स्वयं में सुधार लाने का प्रयास करे व स्वयं को हमेशा अभिप्रेरित करते रहे। परिस्थिति चाहे किसी भी हो हर परिस्थिति में सकारात्मक रहे। यदि किसी समस्या के समाधान पर अपने विचार रखने का मौका मिले तो ऐसी बात बोले जिससे उदित हुई समस्या बढ़े नहीं अपितु आप के द्वारा बोली गई बातों से समस्या का समाधान हो जाए।

**सुख और दुख सतत् चलने वाली प्रक्रिया :** जीवन में सुख और दुख कोई परिवार के सदस्य नहीं है जो स्थाई रूप से आप के साथ रहने वाले है अपितु सुख और दुख तो मेहमान है जो कुछ दिनों के लिए आते है और फिर चले जाते है। जो व्यक्ति सुख के दिनों में भी भगवान का स्मरण करता है उसके जीवन में आने वाले दुखों के दिन भी सुख में बदल जाते है इसलिए प्रतिपल भगवान का स्मरण उन्हे धन्यवाद देने में बिल्कुल भी चुक नहीं करे।

**संस्कारों का बीजारोपण करे :** यदि आप ने युवा अवस्था में ही अपने बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण किया तो जिस दिन आप वृद्ध अवस्था में पहुँचेगे उस दिन आप के घर पर संस्काररूपी वटवृक्ष बनकर तैयार हो जाएगा और आपकी वृद्धा अवस्था संवर जाएगी। जिस प्रकार आप ने अपने बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण किया वह अपने आने वाली पीढ़ी में करेगा।

**दुख दिया है तो दुख ही आने वाला है :** मुनिश्री शांतिप्रियविजयजी मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप ने किसी को दुख दिया है तो आप के पास दुख ही वापस आने वाला है। हम दुखों के बीज बोते है और सुखों की कामना करते है। याद रखना जैसा हमारे किसी व्यक्ति के प्रति अहो भाव होगे वैसा ही फल हमे प्राप्त होने वाला है। दुख बीज जैसे होते है, बीज एक लगाया जाता है और फल बहुत सारे आते है इसलिए जितना हो सके उतना दूसरे व्यक्ति को सुख देने का बीजारोपण करने का प्रयास करे। धर्मसभा में स्वागत उद्बोधन श्रीसंघ अध्यक्ष मनीष सालेचा व्होरा ने दिया। संचालन कोषाध्यक्ष मनोज वागरेचा व आभार संघ सचिव हर्षित नागदा ने माना।

**सुबह प्रवेश, शाम को विहार :** मीडिया प्रभारी डॉ. विपिन वागरेचा ने बताया कि राष्ट्रसंत का नगर प्रवेश शुक्रवार सुबह 7 बजे चंबल मार्ग से हुआ। वही राष्ट्रसंत ने शाम 5 बजे ग्राम हताई ने लिए पाठशाला भवन से विहार कर दिया। राष्ट्रसंत ग्राम हताई में रात्री विश्राम कर शनिवार सुबह 7 बजे उन्हेल में मंगल प्रवेश करेगे। धर्मसभा के दौरान श्रीसंघ के वरिष्ठ अभय चौपड़ा ने शुक्रवार रात्री में प्रवचन रखने की विनंती की। इस पर राष्ट्रसंत ने कहा कि वह अभी तो नागदा में अल्प प्रवास पर आए है। हैदराबाद चातुर्मास करने के उपरांत दिसम्बर माह में जब भी नागदा आने का योग्य बनेगा वह तीन दिन धर्मसभा का आयोजन करेगे।

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण में पाणिनि विवि और जन अभियान परिषद मिलकर काम करें : धाकड़

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय परिसर, देवास रोड, उज्जैन दर्शन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आदि शंकराचार्य जयंती पर एकात्मकता व्याख्यानमाला का आयोजन दर्शन विभाग में कुलगुरु प्रो. विजयकुमार सीजी की अध्यक्षता में किया गया।

मुख्य प्रवक्ता साध्वी हेमलता सरकार द्वारा अद्वैत वेदांत परंपरा और साथ में आदि शंकराचार्य के जीवन और सनातन के कार्यों पर प्रकाश डाला। समरस समाज की कल्पना का प्रथम श्रेय आचार्य शंकर को देते हुए आधुनिक समाज से समरस होने हेतु युवा व स्त्री शक्ति का अह्वान किया। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य गौरव धाकड़ ने श्रोताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनारंभ उपरांत भारत में हो रहे सांस्कृतिक पुर्जागरण को भारतीय रिनैसा कहते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री संस्कृति प्रवर डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनअभियान परिषद और पाणिनि विश्वविद्यालय साथ मिलकर जन-जन में वेद संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा को ले जाने का आग़ाज़ किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. विजयकुमार सीजी ने दिया। आभार प्रदर्शन डॉ. शैवाल आचार्य, सहायक आचार्य दर्शन विभाग ने किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में साध्वी हेमलता दीदी सरकार कथा प्रवक्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रांत एवं कामधेनु गौशाला के आचार्य मनीष श्री हरि, विशिष्ट अतिथि कार्य परिषद के सदस्य गौरव धाकड़, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उज्जैन संभागीय शासी निकाय सदस्य अजीता परमार, संभागीय समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक जय दीक्षित, उज्जैन ब्लॉक समन्वयक अरुण व्यास, दर्शन विभागाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी उपस्थित थे।

## दर्शनार्थी की गुम हुई राशि लौटाई



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में नईदिल्ली शहादरा से पधारे विकास मलिक दिनांक 01 मई 2025 को रात्रि 9:30 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान को अर्पित किये जाने हेतु वस्त्र लाए थे उक्त थैली में श्रद्धालु द्वारा गलती से राशि रुपये 32 हजार रख दिये गये थे। श्रद्धालु द्वारा उक्त रुपयो की खोज की गई, जब रुपये नही मिले तो श्री महाकालेश्वर मंदिर की आई.टी. शाखा पहुँचे जहां आई.टी. प्रभारी निर्मल एवं अधिनस्थ कर्मचारियों द्वारा कैमरें की रिकार्डिंग देखी गई। जिसमें दर्शनार्थी द्वारा थैली को तीसरे पाटले पर बैठे पुजारी गौरव शर्मा के सेवक अंकित शर्मा को देते हुए दिखायी दिए।

आई.टी. प्रभारी द्वारा पुजारी को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया एवं श्रद्धालु की गुम हुई थैली की खोजबीन की गई। थैली मिलने पर पुजारी गौरव शर्मा व उनके सेवक द्वारा आई.टी.शाखा में आकर श्रद्धालु को उनकी राशि वापस की गयी। श्रद्धालु को उनके गुम हुई राशि रुपये 32 हजार पुन: प्राप्त होने पर उनके द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के आई.टी. कर्मचारियों व पुजारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विश्व टूना दिवस पर विक्रम विश्वविद्यालय में विशेष परिसंवाद आयोजित




विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान कृषि एवं सांख्यिकी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व टूना दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य टूना मछली के संरक्षण और इसके सतत उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करना था। टूना एक समुद्री मछली है जो अपने स्वाद, पोषण और आर्थिक महत्व के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के सूत्रधार एवं संस्थान निदेशक प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने अपने विचार साझा करते हुए संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (स्ष्ठत्द्य) की ओर ध्यान आकर्षित किया। परिसंवाद में प्रो. डॉ. एच.पी. सिंह ने भी जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि एवं सांख्यिकी अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष एवं संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश टेलर ने प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग की आवश्यकता को दोहराते हुए कहा कि टूना मछली दिवस हमें समुद्री जीवन और पर्यावरण की रक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। कार्यक्रम में डॉ. अनिरुद्ध यादव, डॉ. आशुतोष सिंह राजपूत, डॉ. प्रभु दयाल, डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. इरम नाज, डॉ. कविता यदुवंशी सहित अन्य शिक्षकगण और छात्रगण उपस्थित रहे।

# आरटीई में शासन से धोखाधड़ी करने वाले स्कूल संचालक को 3-3 साल की सजा

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** आरटीई में गोलमाल कर शासन से धोखाधड़ी करने वाले के स्कूल संचालक दो भाइयों को कोर्ट ने 3-3 साल की सजा और 500-500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मंडी पुलिस ने 2017 में प्रकरण दर्ज किया था। 7 साल सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों स्कूल संचालक भाइयों को दंडित किया है, हालांकि दोनों भाइयों की जमानत भी हो गई है। मामले की पैरवी करने वाले लोक अपर अभियोजक विनोद व्यास ने बताया किल्कीपुरा निवासी फिरोज अहमद शेख और गुलरेज अहमद शेख दोनों निजी स्कूल का संचालन करते हैं। शासन की योजना आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीट कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित रहती है। इन सीटों पर एससी-एसटी और निर्धन परिवारों के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है ताकि वह आर्थिक स्थिति कमजोर होने से शिक्षा से वंचित न रह जाए। इन बच्चों की फीस की पूर्ति निजी स्कूलों को शासन द्वारा की जाती है। इस योजना के तहत बच्चों की यूनिक आईडी बनाने का कार्य शुरू हुआ था, तब यह खुलासा हुआ था कि आरटीई में गोलमाल कर शासन से धोखाधड़ी की जा रही है। मीडिया ने इसका खुलासा किया था और उसके बाद शिक्षा विभाग ने जांच शुरू की थी। इसमें यह बात सामने आई थी कि स्कूल से अन्य स्कूल में जा चुके छात्र का नाम भी उसी स्कूल में चल रहा है और शासन से आरटीई के तहत क्षतिपूर्ति की राशि ली जा रही थी। यही नहीं जिन बच्चों ने स्कूल में प्रवेश नहीं लिया था, उन बच्चों के नाम से भी राशि निकलने की बात मीडिया रिपोर्ट में सामने आई थी।

शिक्षा विभाग की जांच में गड़बड़ी सामने आने पर मंडी थाने में निजी स्कूल संचालक फिरोज अहमद शेख और गुलरेज अहमद शेख पर 2017 में प्रकरण दर्ज हुआ था। 7 साल सुनवाई के बाद गुरुवार को न्यायाधीश ने मामले में स्कूल संचालक दोनों भाइयों को हर धारा में 3-3 साल का कारावास और 500-500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

मामला पिपलिया मोलू में हुए विवाद का

# उन्हेल पुलिस ने फरियादी को आरोपी बनाया, कोर्ट ने मांगा जांच प्रतिवेदन

### न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष लगे निजी परिवाद में न्यायाधीश ने दिए निर्देश

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** पिपलिया मोलू में हुए विवाद के मामले में उन्हेल पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है। मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रैणी में लगाए 22 लोगों के विरुद्ध निजी परिवाद में कोर्ट ने हस्तक्षेप करते हुए उन्हेल पुलिस को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इधर, उन्हेल पुलिस ने कोर्ट ने अनुसंधान की अनुमति न्यायालय से मांगी है। कोर्ट ने जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए 6 मई तक की अनुमति प्रदान की है।

**वीडियो में पत्थर बरसाते नजर आ रहे लोग, फिर भी एक तरफा कार्रवाई :** 27 अप्रेल की शाम को पिपलिया मोलू में दो पक्षों में बड़ा विवाद हुआ था। जमीन को लेकर हुए विवाद के चलते एक पक्ष के लगभग 20 लोगों ने मिलकर गांव के मां बिसाजन माता मंदिर पर पत्थर बरसाए थे। इसमें कैलाश, इसके भाई दरबार को चोंटे आई थी। इसके अलावा कैलाश की मां कमलाबाई व बहन शारदाबाई के साथ भी धक्का-मुक्की की गई थी। विवाद के वीडियो भी सामने आए थे, जिसमें पथराव होता साफ नजर आ रहा है।

इसके बावजूद उन्हेल पुलिस ने एक तरफा कार्रवाई की। पुलिस ने हमला करने वाले पक्ष श्यामलाल की रिपोर्ट पर कैलाश, दरबार, नेपाल, दीवान पर केस दर्ज किया था। जबकि हमले का शिकार हुए कैलाश पिता भग्गा की रिपोर्ट पर अदम चेक काटकर इतिश्री की थी।

#### परिवाद में 22 लोगों पर लगाया आरोप

पुलिस कार्रवाई से मिली निराशा के बाद कैलाश ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रैणी के समक्ष निजी परिवाद लगाया। जिसमें उसने सरदार पिता रामा, भेरु पिता रामा, नाथू पिता रामा, श्यामलाल पिता सरदार, पप्पू पिता सरदार, गोपाल पिता भेरू, वकील पिता भेरू, रंजीत पिता राजू, राहुल पिता राजू, संदीप पिता कैलाश, गजराज पिता मदन, नेपाल पिता श्यामलाल, रवि पिता श्यामलाल, हेमंत पिता नाथू, करणसिंह पिता सरदार, माखन पिता करणसिंह बंजारा, शांतिबाई पति भेरू, शांतिबाई पति राजू, सुगनबाई पति करणसिंह, मंजू पिता श्यामलाल पर आरोप लगाया। धारा 189, 190, 191(1), 191(2), 191(3), 115(2), 298, 74 बीएनएस में लगाए परिवाद में बताया कि 26 अप्रेल की शाम 5 से 6 बजे के बीच गांव में आयोजित शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी पप्पू बंजारा ने जमीन को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान मंदिर में तोडफोड की व महिलाओं के साथ बदतमिजी की। विवाद की सूचना शारदाबाई ने डायल 100 को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी को थाने ले गई। पुलिस ने पुरुषों को लॉकअप में बंद कर दिया, जबकि महिलाओं को भगा दिया। पुलिस ने सिर्फ एक तरफ से शिकायत दर्ज की, जबकि उनकी तरफ से रिपोर्ट दर्ज करने की बजाए अदम चेक काटकर दिया था।

# दुकानदार सामान अपनी सीमा में रखकर व्यापार करें : महापौर

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** शहर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए आवागमन को सुगम बनाए जाने हेतु प्रमुख मार्गो एवं चौराहों के अवैध अतिक्रमणों को सख्ती से हटाए जाने की आवश्यकता है। जिसको लेकर शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त प्रदीप सेन एवं अतिक्रमण रिमूवल गैंग प्रभारी के साथ समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

महापौर द्वारा समीक्षा के दौरान रिमूवल गैंग के प्रभारी अधिकारी से जानकारी प्राप्त गई की शहर के झोन कार्यालयो में गैंग के कर्मचारी कहां पर कार्यरत है। कितने कर्मचारी गैंग में लगे हुए हैं, आपने कहा कि गैंग के कर्मचारी निगम द्वारा निर्धारित की गई ड्रेस पहनकर, निगम का आईडी कार्ड डालकर ही कार्य किया जाए। शहर में अवैध अतिक्रमण, अव्यवस्थित रूप से लगे हाथ ठेले, गुमटियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उदयपुर सिटी-फारबिसगंज स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

**रतलाम ( विनय उजाला )।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के चंदेरिया रेलवे स्टेशन पर ठहराव के साथ चलने वाली गाड़ी संख्या 09623/09624 उदयपुर सिटी फारबिसगंज साप्ताहिक स्पेशल के फेरे विस्तारित की जा रही है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में अतिरिक्त 4-4 फेरे चलेगी। गाड़ी संख्या 09623 उदयपुर सिटी फारबिसगंज स्पेशल जिसका अंतिम फेरा 29 अप्रैल, 2025 निर्धारित था, 27 मई, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09624 फारबिसगंज उदयपुर सिटी स्पेशल जिसका अंतिम फेरा 01 मई, 2025 को निर्धारित था, 29 मई, 2025 को चलेगी। उपर्युक्त ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

### पश्चिम रेलवे पर रविवार, 04 मई, 2025 को दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

**मुंबई ( विनय उजाला )।** रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा 03/04 मई, 2025 (शनिवार/रविवार) के बीच की मध्यरात्रि को मुंबई सेंट्रल और माहिम स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर 00.15 बजे से 04=15 बजे तक चार घंटे का जम्बो लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को सांताक्रुज़ एवं चर्चगेट स्टेशनों के बीच स्लो लाइनों पर चलाया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है।

### पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति तेजस राजधानी एक्सप्रेस में स्थायी तौर पर एक एसी 3-टियर कोच जोड़ा जाएगा

**मुंबई ( विनय उजाला )।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्री सुविधा बढ़ाने और बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए ट्रेन संख्या 12953/12954 मुंबई सेंट्रल-हज़रत निज़ामुद्दीन अगस्त क्रांति तेजस राजधानी एक्सप्रेस में स्थायी तौर पर एक अतिरिक्त एसी 3-टियर कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह प्रीमियर राजधानी एक्सप्रेस अपनी गति, समयपालनता और उच्च गुणवत्ता वाली ऑनबोर्ड सेवाओं के लिए जानी जाती है, जो यात्रियों को मुंबई और दिल्ली के बीच तेज़, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का विकल्प प्रदान करती है। एक अतिरिक्त एसी 3-टियर कोच जुड़ने से इस ट्रेन की वहन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और प्रतीक्षा सूची वाले अधिक यात्रियों को समायोजित करने में मदद मिलेगी।

# उमा एक्सपोर्ट्स ने नवी मुंबई में नया पल्स यूनिट स्थापित कर प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाई

विनय उजाला

**मुंबई। उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (NSE: UMAEXPORTS 7 BSE: 543513 ), कृषि-व्यापार में अग्रणी कंपनियों में से एक, ने नवी मुंबई में अपनी लीज़ पर ली गई सुविधा में पल्स निर्माण संचालन की शुरुआत की घोषणा की। नए संयंत्र ने अपनी ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरी कर ली है और अब यह पूरी तरह से संचालन में है, जिससे उत्पादन क्षमता में 36,000 MTPA की वृद्धि हुई है। यह विकास कंपनी की रणनीतिक दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो केवल व्यापार से आगे बढ़कर मूल्यवर्धित निर्माण की ओर अग्रसर हो रही है।**

यह नया उद्यम पूरी तरह से आंतरिक संचित निधियों द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिससे कोई बाहरी निवेश की आवश्यकता नहीं है, और यह कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से मेल खाता है, जो प्रसंस्कृत दालों की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने पर केंद्रित है। यह रणनीतिक कदम कंपनी का प्रसंस्करण क्षेत्र में पहला कदम है, जो पारंपरिक व्यापार-आधारित व्यापार मॉडल में विविधता ला रहा है। इस संयंत्र से FY26 की चौथी तिमाही तक कंपनी के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद है। व्यापार से प्रसंस्करण की ओर यह संक्रमण उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के बड़े दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसने कृषि उत्पादों के B2B व्यापार में एक मजबूत प्रतिष्ठा बनाई है। कंपनी चीनी, मसाले, अनाज, चाय, दालें और कृषि-चारा सामग्री सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का व्यापार करती है।

उमा एक्सपोर्ट्स एक प्रतिष्ठित टू स्टार एक्सपोर्ट हाउस है, जिसकी वैश्विक उपस्थिति अपनी 100% सहायक कंपनियों— .E.L. इंटरनेशनल FZE (UAE) और ग्रेन्सकॉम ऑस्ट्रेलिया Pt4 Ltd के माध्यम से है। इसके उत्पाद 10 से अधिक देशों में निर्यात होते हैं, जिनमें श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई, मलेशिया, रूस, जिबूती और बेनिन शामिल हैं। प्रसंस्करण में यह विस्तृत एकीकरण न केवल आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि उमा एक्सपोर्ट्स को उच्च मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों की पेशकश करने की भी अनुमति देता है।

उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राखेश खेमका ने कहा, नवी मुंबई में हमारे पल्स प्रसंस्करण यूनिट की 36,000 MTPA क्षमता के साथ शुरुआत, हमारे एकीकृत संचालन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा बढ़ती हुई घरेलू मांग को पूरा करने में हमारी क्षमता को मजबूत करती है, साथ ही गुणवत्ता, लागत और डिलीवरी समयसीमाओं पर बेहतर नियंत्रण भी प्रदान करती है। इस संयंत्र को बिना किसी पूंजी निवेश के किराए पर स्थापित किया गया है, जो पूरी तरह से आंतरिक संसाधनों से वित्तपोषित है, और FY26 की चौथी तिमाही तक राजस्व में योगदान देना शुरू करने की उम्मीद है।

यह यूनिटएक योजनाबद्ध क्षमता विस्तार योजना का हिस्सा है, जिसमें दो अतिरिक्त सुविधाएँ शामिल हैं—गुजरात के सूरत में 50,000 TPA क्षमता वाला संयंत्र और पश्चिम बंगाल के हावड़ा स्थित जालान इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स में 55,000 TPA क्षमता वाला संयंत्र। दोनों संयंत्र रणनीतिक रूप से लॉजिस्टिक्स को अनुकूलित करने के लिए स्थित हैं और अगले दो वित्तीय वर्षों में संचालन में लाए जाने की योजना है। ये संयंत्र न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि प्रमुख निर्यात बाजारों जैसे पूर्वी अफ्रीका, ईरान, इराक और अफगानिस्तान की भी सेवा करेंगे, जिससे हमें उच्च मांग वाले क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और समग्र लाभप्रदता तथा संचालन दक्षता को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा।

# रयान इंटरनेशनल स्कूल, चेंबूर ने रचे शैक्षणिक उत्कृष्टता के नये प्रतिमान

विनय उजाला

**मुंबई।** रयान इंटरनेशनल स्कूल, चेंबूर ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए आईसीएसई परीक्षा में अपने विद्यार्थियों की असाधारण उपलब्धियों की बदौलत शैक्षणिक उत्कृष्टता के नये प्रतिमान रचते हुए शानदार सफलता का परचम लहराया है।




यह जानकारी देते हुए रयान इंटरनेशनल स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका तथा मुंबई की सुपरिचित साहित्यकार श्रीमती प्रमिला शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 की दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में रयान इंटर नेशनल स्कूल, चेम्बूर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परिणाम घोषित होने पर विद्यालय में समारोहपूर्वक खुशियाँ मनाई गईं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से, शीर्ष अंक प्राप्तकर्ताओं अदिति शाह, अवनी फोकमारे और रोहन सिंह ने क्रमशः 99.2%, 98.4% और 97.8त्न के प्रभावशाली अंक प्राप्त करते हुए असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया है। कुल 153 विद्यार्थियों के बैच में से, 28 छात्रों ने 95% और उससे अधिक अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जबकि 32 छात्रों ने 90% से 94% तक अंक प्राप्त किये हैं। इसके अतिरिक्त, 48 छात्रों ने 80% से 89% के बीच, 32 छात्रों ने 70% से 79% के बीच और 13 छात्रों ने 60% से 69% के बीच अंक प्राप्त किये हैं, जो शैक्षणिक दक्षता के एक उत्कृष्ट स्पेक्ट्रम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि रयान इंटरनेशनल स्कूल, चेंबूर शिक्षा के लिए एक पोषक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास से भरे ज़िम्मेदार व्यक्तियों के रूप में विकसित होते हैं, जो समाज में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं की सफलता हमारी सम्मानित प्रबंधन टीम के अथक प्रयासों और समर्पण का प्रमाण है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को पोषित करने में दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट समर्थन के लिए अध्यक्ष डॉ. ए. एफ. पिंटो और प्रबंध निदेशक ग्रेस पिंटो का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने बताया कि आईसीएसई परीक्षाओं में विद्यार्थियों का असाधारण प्रदर्शन रयान इंटरनेशनल स्कूल, चेंबूर की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। विद्यालय के चेयरमैन ने सभी विद्यार्थियों को बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रकट की हैं।

# पश्चिम एक्सप्रेस का टर्मिनल मुंबई सेंट्रल स्टेशन से बदलकर बांद्रा टर्मिनस किया गया

विनय उजाला

**बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर ट्रेन के प्रस्थान और आगमन के समय में बदलाव**

**रतलाम।** बांद्रा टर्मिनस पर अतिरिक्त पिट लाइनों के निर्माण से संबंधित बुनियादी ढांचे के उन्नयन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 12925/12926 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के ओरिजिनेट/टर्मिनेट करने के लिए टर्मिनल को मुंबई सेंट्रल स्टेशन से वापस बांद्रा टर्मिनस स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 12925/12926 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के टर्मिनल और समय में परिवर्तन किया गया है। ट्रेन संख्या 12925 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस 1 जुलाई, 2025 से बांद्रा टर्मिनस से 11=30 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 3 जुलाई, 2025 से बांद्रा टर्मिनस पर 14=30 बजे टर्मिनेट होगी। हालांकि, मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

उपर्युक्त ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# जबलपुर की पारेषण प्रणाली को मिली मजबूती

## माढ़ोताल सबस्टेशन में एम.पी. ट्रांसको ने किए दो नए सर्किटों का निर्माण और ऊर्जीकरण

विनय उजाला



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने जबलपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र की पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने माढ़ोताल (रिमझा) स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन में दो नए 132 के.व्ही. सर्किटों का निर्माण कर उन्हें सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। इससे पहले इस सबस्टेशन में दो 132 के.व्ही. सर्किट पहले से ही क्रियाशील थे। अब यहां कुल चार सर्किट उपलब्ध हो गए हैं।

### 235 लाख रुपये की अनुमानित लागत में हुआ कार्यान्वयन;-

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि इस परियोजना के तहत लगभग 235 लाख रुपये की लागत से डबल सर्किट डबल स्ट्रिंगिंग ट्रांसमिशन टावर और सबस्टेशन में दो नए सर्किटों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया गया है। इस उन्नयन से जबलपुर शहर की विद्युत आपूर्ति पहले से अधिक लचीली और विश्वसनीय हो गई है। उन्होंने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के समस्त कार्मिकों को बधाई दी है।

अब चार सर्किटों से होगी माढ़ोताल सबस्टेशन को आपूर्ति. एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत अब माढ़ोताल सबस्टेशन को जबलपुर एवं पनागर स्थित 220 के.व्ही. सबस्टेशनों से डबल सर्किट के माध्यम से कुल चार 132 के.व्ही. सर्किटों से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसी एक फीडर के रखरखाव या तकनीकी बाधा के दौरान भी माढ़ोताल की विद्युत व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**इन क्षेत्रों को मिलेगा फायदा**

इस परियोजना के पूर्ण होने से माढ़ोताल, जे.पी. नगर, लेमा गार्डन, कठौंदा, रामेश्वरम सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कटंगा और सिहोरा जैसे इलाकों के उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

**रेल से करें चार धाम की यात्रा**

# चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

विनय उजाला

**नई दिल्ली।** बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरुआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, साइटसींइग की पूरी व्यवस्था, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ,पहले पाओ आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट पर तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है।

**विश्व मजदूर दिवस पर यांत्रिक विभाग की बड़ी उपलब्धि**

# वैगन रिपेयर डिपो शंभूपुरा में 10,000वाँ वैगन रिपेयर



विनय उजाला

**रतलाम।** रतलाम मंडल के शंभूपुरा में वर्ष 2018 में आरओएच (रूटीन ओवरहॉलिंग) वैगन रिपेयर डिपो की शुरूआत की गई थी तथा उस समय प्रतिमाह 5 वैगन की ओवर हॉलिंग किये जाते थे। समय के साथ वैगनों की मांग को ध्यान में रखते हुए यहाँ की क्षमता बढ़ती गई। मार्च 2025 में आरओएच शंभूपुरा ने प्रतिमाह लगभग 205 वैगन के लक्ष्य को हासिल किया तथा अप्रैल 2025 में यह आंकड़ा 216 वैगन प्रतिमाह हो गया है। यह पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के साथ ही यांत्रिक विभाग की भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

01 मई, 2025 को विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर आरओएच वैगन रिपेयर डिपो शंभूपुरा ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 01 मई 2025 को इस डिपो ने अपने 10,000वें वैगन का रूटीन ओवरहॉलिंग (आरओएच) कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया तथा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर इस 10,000वें वैगन को रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक रतलाम श्री अश्वनी कुमार, मुख्य रॉलिंग स्टॉक अभियंता(फ्रेट) श्री योगेन्द्र कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर श्री आनंद कुमार मुटाटकर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री आलोक चतुर्वेदी सहित अन्य शाखाधिकारी, अन्य अधिकारी एवं वैगन रिपेयर डिपो शंभूपुरा के कर्मचारी उपस्थित रहे। आरओएच वैगन रिपेयर डिपो शंभूपुरा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हासिल की गई इस उपलब्धि का मंडल रेल प्रबंधक श्री कुमार ने सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया तथा कहा कि भविष्य की चुनौतियों के लिए सदा तैयार रहें। श्री कुमार ने इस अवसर पर 10,000 रूपये पुरस्कार की घोषणा भी की। वैगन रिपेयर डिपो, शंभूपुरा ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के बल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो न केवल रतलाम मंडल के लिए बल्कि पश्चिम रेलवे के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# प्रत्येक जनपद में गौ पालन के लिए एक आदर्श ग्राम बनाया जाएगा जो कि वृंदावन ग्राम कहलाएगा : मुख्यमंत्री

## चारखेड़ा इको पर्यटन क्षेत्र में निर्मित 05 टुरिज्म हट का किया लोकार्पण

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को खंडवा जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित तेंदूपत्ता व वन समितियां सम्मेलन, जनजाति सम्मेलन, छड़ी वितरण एवं विभिन्न हितलाभ वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण भी किया।**



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कि आज निमाड़ क्षेत्र पंजाब को टक्कर दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से मध्यप्रदेश में गेंहू की कीमत 2600 रुपये क्विंटल हो गयी है जो कि पूरे देश मे सबसे अच्छी है। उन्होंने कहा कि खंडवा में दादाजी धूनीवाले मंदिर का निर्माण भी शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महाकाल लोक का निर्माण हुआ है उसी प्रकार ओंकारेश्वर लोक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के नाम पर सम्पूर्ण प्रदेश में गीता भवन बनाये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जहाँ भगवान श्री कृष्ण की लीलायें हुई हैं वहाँ धाम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर वन अभ्यारण का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी समय मे जनजाति अंचल में सभी युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जिलों में 221 वन धन केंद्र स्थापित किये जायेंगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में गौ पालन के लिए एक आदर्श ग्राम बनाया जाएगा जो कि वृंदावन ग्राम कहलाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15000 वन समितियां हैं, जिनमें 32 प्रमुख वन उपज समितियां हैं। आने वाले समय मे तेंदूपत्ता संग्रहण को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरसूद विकासखंड के 4 ग्रामों को 42.95 करोड़ की सिंचाई परियोजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि खालवा माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन के छूटे हुए 36 ग्रामों की 9794 हेक्टेयर भूमि हेतु 468 करोड़ की लिफ्ट परियोजना बनाई जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिक्षेत्र सिंगाजी के चारखेड़ा मनोरंजन एवं वन्यप्राणी अनुभव क्षेत्र अंतर्गत कैफेटेरिया लागत राशि रू. 38 लाख एवं मूविंग हट लागत रू. 36 लाख, 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल हरसूद लागत रू. 2000 लाख, 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल खालवा लागत राशि 1000 लाख का लोकार्पण किया। उन्होंने नगर क्षेत्र नया हरसूद के 67. 85 कि.मी. आंतरिक मार्ग 751.70 लाख के उन्नयन, राज्य मार्ग क्रमांक 15 से बड़खलिया पहुंच मार्ग लम्बाई 1.80 किमी लागत 160.18 लाख, उंडेल से सुरवाडिया पहुँच मार्ग लम्बाई 1.20 किमी लागत 131.45 लाख का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुजुर्गों के आवागमन सुविधा हेतु 05 हितग्राहियों को टार्च सुविधा युक्त छड़ी वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वनग्राम में मच्छर उन्मूलन हेतु फॉगिंग मशीन का वितरण दो हितग्राहियों को किया।


### जल गंगा संवर्धन अभियान : जिले में अभियान के सफलतम क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

**बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में श्रृंखलाबद्ध तरीके से विभागों द्वारा जल स्त्रोतों व संरचनाओं के संरक्षण, जीर्णोद्धार व जल संरक्षण हेतु कार्य किये जा रहे है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बुरहानपुर विधायक श्रीमति अर्चना चिटनिस, महापौर श्रीमति माधुरी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्को, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमति अनिता यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गजानन महाजन, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह, डीएफओ श्री विद्याभूषण सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**बाजार भाव**

**इंदौर मंडी**

# मूंगफली तेल तेज



**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।

**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### पड़ियाल में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया



**डही, निप्र।** महिला एवं बाल विकास परियोजना डही अंतर्गत सभी ग्रामों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत पड़ियाल में कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच श्री भूपेन्द्रसिंह अलावा व लोकेश अलावा द्वारा सरस्वती पूजन कर की गई। उसके पश्चात उपस्थित लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं का पूजन कर , वंशिका सचिन, चंदा कन्हैया, प्रियल ललित को लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर सुश्री जयंती सोलंकी द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के बारे मे विस्तार से बताया गया। एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम रोपित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद्ममिनी नरगावे, सुभद्रा असाडे, सुनीता अलावा,दितली सोलंकी, शरमबाई उपस्थित रही। कार्यक्रम पश्चात कार्यकर्ता श्रीमति दुर्गा अलावा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पहुंचे बाग सीसी रोड का किया लोकार्पण



**बाग, निप्र।** गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बाग क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के दौरान विधायक विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचे। इस दौरान विधायक ने पेयजल टैंकर, सीसी रोड, सामुदायिक भवन के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों अनेक सौगाते दी। शाम को विधायक सिंघार बाग पहुंचे। जहां नगर के वार्ड नंबर 04 में विधायक निधि से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया। आमजन ने बताया रोड निर्माण से पहले सड़क की स्थिति बहुत ही खराब थी जिसको लेकर वार्ड वासी बहुत परेशान थे। लगातार रोड की मांग उठ रही थी। वार्ड नंबर 04 प्रतिनिधि जाफर खान द्वारा क्षेत्रीय विधायक सिंघार को अवगत कराया। आमजन की मांग पर विधायक ने तत्काल 4 लाख रु की राशि स्वीकृत करी। रोड निर्माण पश्चात वार्ड वासियों ने उमंग सिंगार जी का आभार माना और उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर के उपसरपंच रोहित झंवर, कांग्रेस नेता स्वतंत्र जोशी, सलाम पठान, सयूम नेता, फिरोज खान, हाजी जमाल खान, नत्थू भाई टेलर, हसीर भाई, शराफत पठान, गफ्फार चाचा, हाजी इकबाल ठेकेदार, मन्नान भाई, अरशद भाई, ठेकेदार निसार, भूरू नेता सहित वार्ड वासियों के साथ कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश अगाल ने किया। आभार निसार पठान ने माना।

### मांगों से पहले देश, वर्तमान हालात में आंदोलन को त्यागकर शिक्षकों ने मिशाल दी, कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी




**डही, निप्र।** एक मई को पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आंदोलन करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों ने देशहित में आंदोलन को स्थगित करते हुए इसी दिन देर शाम को कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षकों ने बताया कि मांगों से पहले देश है। विषम परिस्थितियों में अपनी व्यक्तिगत समस्याओं और मांगों से ज्यादा जरूरी है, देश के लिए समर्पित भाव से काम कर एकता का परिचय दिया जाए। मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी डही ने बताया कि पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक मई को दिल्ली में? होने वाले राष्ट्रीय आंदोलन को स्थगित कर समस्त जिला मुख्यालयों पर शिक्षकों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिला मुख्यालय धार में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम और मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने शांतिपूर्ण तरीके से लालबाग चौराहा से शहीद भगत सिंह पार्क तक कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। यहां आयोजित श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान एनएमओपीएस के जिला अध्यक्ष कमल किशोर जाट और एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेष मालवीय ने कहा कि देश की एकता व अखण्डता के प्रति समर्पित भाव से हम सब एक है। हम सब भारतीय है।

### विकास पुरुष नागरसिंह चौहान की संवेदनशीलता की एक ओर बानगी......

# मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रयासों से कैंसर पीड़ित को मिली 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता









विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कहते हैं कोई भी मुसीबत किसी को कह कर नहीं आती और जब आती है तो पूरे परिवार पर आर्थिक मानसिक और सभी प्रकार की प्रताड़नाएं शुरू हो जाती है।

ऐसे में परिवार को जब किसी की सहायता मिल जाती है तो लगता है जैसे भगवान के रूप में कोई आया और मुसीबत में सहारा बन गया। ऐसा ही हुआ अलीराजपुर के किराना दुकान के संचालक मुकेश राठौड़ के साथ।

दरअसल अलीराजपुर निवासी मुकेश राठौड़ की पत्नी श्रीमती शारदा राठौड़ को ष्ट हङ्कऋङ्ख (एडवांस) संबंधित गंभीर बीमारी हो गई थी। परिवार ने अपनी जमा पूंजी लगाते हुए उपचार शुरू करवा दिया। लंबे समय तक उपचार चलने के बाद जब चिकित्सकों ने सर्जरी करने की सलाह दी। ये सलाह परिवार के अपर वर्जपात के समान आई।

लंबे समय से उपचार के साथ आर्थिक तंगी झेल रहे किराना व्यापारी मुकेश राठौड़ अपनी पत्नी के उपचार हेतु मार्गदर्शन लेने अपने किराना व्यापारी संघ के वरिष्ठ एवं भाजपा नेता संतोष थेपडिया के पास पहुंचे। जिसपर श्री थेपड़िया ने तत्काल इस मामले से मंत्री सांसद स्वास्थ्य हेल्पलाइन प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता को अवगत करवाते हुए परिवार को उचित सहायता करने की बात कही। जिसके बाद मुकेश राठौड़, अपने बेटे दीपेश राठौड़, किराना व्यापारी जगदीश गुप्ता के साथ विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता से मिले और पूरी जानकारी देते हुए चिकित्सकीय परीक्षण से अवगत करवाया।

गंभीर बीमारी और मरीज की स्थिति को देखते हुए विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने भी तत्काल मरीज के मुकेश राठौड़ के साथ अलीराजपुर के विधायक एवं मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के पास पहुंच कर पूरी जानकारी दी।




जिसपर केबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने तत्काल मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन जी यादव को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता प्रदान करने की अनुशंसा करते हुए पत्र प्रेषित किया। इतना ही नहीं माननीय कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सीधे मुख्यमंत्री श्री यादव को निजी रूप से भी जानकारी देते हुए उक्त प्रकरण से अवगत करवाते हुए अधिक से अधिक राशि स्वीकृत करने का निवेदन भी किया। इसी के साथ मंत्री श्री चौहान ने परिजनों को विश्वास दियाला की हम उनके साथ है, हर संभव प्रयास कर सहायता दिलवाएंगे। वहीं मंत्री श्री चौहान ने अपने प्रतिनिधि को भी इंदौर के संबंधित अस्पताल प्रबंधन से चर्चा कर उचित सहायता उपलब्ध कराने एवं फॉलोअप लेते रहने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री श्री चौहान के प्रयासों से श्रीमती शारदा मुकेश राठौड़ के सर्जरी हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान अंतर्गत 2 लाख रुपए स्वीकृत किए गए जिससे उनका चोइथराम हॉस्पिटल एवं रिचर्स सेंटर इंदौर में सफलतापूर्वक आपरेशन किया गया।

उपचार उपरांत परिजन मुकेश राठौड़, दीपेश राठौड़ ने बताया कि माननीय कैबिनेट मंत्री माननीय श्री नागर सिंह जी चौहान, सांसद श्रीमती अनीता जी चौहान, वरिष्ठ नेता संतोष थेपडिया, विधायक प्रतिनिधि एवं मंत्री सांसद हेल्पलाइन प्रभारी गोविंदा गुप्ता के प्रयासों से हमें ऐसा लगा जैसे खुद भगवान ने मंत्री श्री चौहान जी को देवदूत बना कर हमारी मदद के लिए भेजा। मंत्रीजी के विधायक प्रतिनिधि श्री गुप्ता ने भी निरंतर हमसे एवं हॉस्पिटल प्रबंधकों से संपर्क बनाए रखा जिससे हमें बेहतर स्वास्थ्य सेवा एवं अस्पताल के स्टाफ का सहयोग मिला। परिणामों ने मंत्री श्री नागर सिंह जी चौहान सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का किया आयोजन

# सरकार महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही : विधायक वर्मा







विनय उजाला

**धार, निप्र।** जिले में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना के गौरवशाली 18 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। यह योजना बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, लिंगानुपात में सुधार लाने और बालिकाओं की शिक्षा एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया था, आज बेटियों के जीवन में उम्मीद की किरण बनकर उभरी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक कन्या पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सुभाष जैन द्वारा किया गया। सहायक संचालक भारती डांगी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार इस योजना के अंतर्गत बालिकाओं को कुल ?1,43,000 की सहायता प्रदान करती है, जिसमें से ?1,00,000 की राशि बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने और उसके माता-पिता द्वारा बाल विवाह न करने की शर्त पर एकमुश्त प्रदान की जाती है।

विधायक वर्मा ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उपस्थित अभिभावकों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाकर अपनी बेटियों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित हुई बालिकाओं ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए, इसी के साथ दो बालिकाओं को प्रतीक रूप से योजना के हितग्राही प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधायक नीना वर्मा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अर्चना दवे, भाजपा महिला मोर्चा कुसुम सोलंकी एवं सम्मानित सदस्याएं और परियोजना अधिकरी महिला एवं बाल विकास, पर्यवेक्षक सहित सम्मानीय महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन ज्योति पाल और सभी के प्रति आभार प्रदर्शन भारती डांगी द्वारा किया गया।

### अक्षय तृतीया पर एक दिन पश्चात सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया




विनय उजाला

**मनावर, निप्र।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अक्षय तृतीया एक दिन पश्चात गुरुवार को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वृहद रूप में किया गया। इस बार ब्राम्हण समाज प्रति वर्ष अनुसार होने वाले विभिन्न आयोजनों को आगे बढ़ते हुए इस वर्ष सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर न्यास भूमि पर प्रात काल में भूमि पूजन, शुद्धिकरण कर पूजा अर्चना की गई। जिसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ एवं गणेश अर्थवशीर्ष का पाठ किया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा बैठक में यह निर्णय लिया गया था, कि सभी समाज के लोग इस आयोजन में उपस्थित हो इस लिए भूमि पूजन पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं, वरिष्ठ जन एवं युवा वर्ग भी उपस्थित हुआ। ब्राम्हण समाज द्वारा भूमि पूजन एवं शुद्धिकरण के आयोजन का उद्देश्य यह रहा कि सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा वर्षों पहले यह भूमि मंदिर व्यवस्था एवं समाज कल्याण के कार्यों के लिए चयन की गई थी। परंतु अतिक्रमण और शासकीय व्यवस्था के चलते यह भूमिका दुरुपयोग हो रहा है। पहले यह भूमि पर अतिक्रमण किया गया और स्थाई निर्माण कर लिए गए जिनका कोई शासकीय रिकॉर्ड नहीं है। फिर इस भूमि पर बिना अनुमति के सड़क का निर्माण कर लिया गया। जो की नियमों के विरुद्ध है और इस पर पज़िम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाना चाहिए। प्रातः काल पूजा अर्चना होने के पश्चात शाम को शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जो की जागेश्वरी मंदिर राधारमण कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री सत्यनारायण मंदिर जुनी मनावर पहुंची। यात्रा के पश्चात मंदिर में महा आरती का आयोजन किया गया है।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग का...

# राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** भारत सरकार द्वारा पंजीकृत देश के प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह दिनांक 30 अप्रैल 2025 को महाराष्ट्र के वसई स्थित होटल रुद्र शेल्टर के भव्य सभागार में अपूर्व गरिमा, अनुशासन, उत्साह एवं सामाजिक चेतना के वातावरण में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम आयोग द्वारा सामाजिक, विधिक एवं नैतिक उत्तरदायित्वों को समर्पित उन विशिष्ट जनों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने हेतु आयोजित किया गया, जिन्होंने मानवाधिकार संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा बाल कल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर से आए वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पत्रकारों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, सरकारी व गैर-सरकारी




संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान की।

**समारोह की प्रमुख विशेषताएं :** कार्यक्रम का शुभारंभ 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान-समर्थित आतंकियों द्वारा निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट के मौन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना एवं स्वागत गीत ने कार्यक्रम स्थल को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां :** बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन, कविता पाठ एवं लोकनृत्य ने उपस्थित अतिथियों को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसता पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को सोचने पर विवश किया।

**संगठनात्मक सहभागिता :** आयोग के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव डॉ. रवीन्द्र मिश्र ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा - यह मंच केवल सम्मान का नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सहभागिता एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस पहल है। हम सभी को मिलकर एक समरस, सुरक्षित एवं मानवोचित समाज की स्थापना में सक्रिय योगदान देना होगा।

कार्यक्रम की सफलता में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. अक्षता भट की कुशल योजना, राकेश निराला एवं श्रीमती सुनीता निराला की सतत मेहनत एवं आयोजन समिति, आयोग के सभी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का श्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

#### सम्मान एवं विशिष्ट अतिथि

इस समारोह में देशभर की 100 से अधिक विशिष्ट प्रतिभाओं को राष्ट्रीय रत्न, राष्ट्रीय संत गौरव, राष्ट्रीय शिक्षकरत्न, राष्ट्रीय पत्रकारिता रत्न जैसे विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय संत गौरव पुरस्कार - 2025 के अंतर्गत निम्न संत-श्रमणों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया :

- डॉ. श्री योगी विजेंद्रनाथ, महाकाल अखाड़ा
- महामंडलेश्वर दिगंबर सत्यगिरी
- आचार्य शिवप्रीति, माँ इंदौर (योग गुरु, प्रेरक वक्ता एवं कथा व्यास)
- पंकज गिरी महाराज, निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार
- अनंतश्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी देवस्वरूपानंद सरस्वती, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी

मुख्य अतिथि के रूप में विकास महंते उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दयाराम मिश्र एवं संस्थापिका श्रीमती शांती देवी मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष आभा प्रदान की।

#### विशिष्ट आमंत्रित गणों में

- रामगोपाल भट्ट, पूर्व डी.आई.जी., राजस्थान
- अशोक भट, अध्यक्ष, राष्ट्रीय सलाहकार समिति
- गोपाल कृष्ण मिश्रा, अध्यक्ष, ग्लोबल नेशन ओपन यूनिवर्सिटी, भारत
- अलीशा बेगम, भारतीय सलाहकार, ग्लोबल नेशन ओपन यूनिवर्सिटी

इन सभी महानुभावों की सहभागिता ने आयोजन को विचारशील एवं प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। समारोह के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा, विधिक जागरूकता, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा एवं बाल शोषण जैसे गंभीर विषयों पर विशेषज्ञ पैनल चर्चाएँ आयोजित की गईं। इन सत्रों में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पत्रकारों, वैज्ञानिकों, समाजसेवियों एवं पूर्व न्यायाधीशों ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थितजनों को लाभप्रद जानकारी प्राप्त हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़वानी पुलिस का विशेष अभियान: बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों की गहन चैकिंग की



**बड़वानी, निप्र।** बड़वानी नगर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में थाना बड़वानी पुलिस द्वारा एक ठोस कदम उठाया गया है।पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार नगर में रह रहे बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया।इस पूरे अभियान की निगरानी एसडीओपी श्री दिनेशसिंह चौहान द्वारा की गई। दिनांक 1 मई 2025 को नगर के विभिन्न हिस्सों में पुलिस टीमों ने व्यापक जांच की।इस दौरान 21 किरायेदारों की जानकारी एकत्रित की गई और उनके फोटो संलग्न करते हुए थाने में सत्यापन हेतु प्रस्तुत किए गए।यह प्रक्रिया इस बात को सुनिश्चित करती है कि नगर में कोई भी व्यक्ति बिना जानकारी या निगरानी के ना रहे,जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके। सुरक्षा अभियान केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहा। मोटी माता चौक पर ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की भी जांच की गई। मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठाने, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने तथा अत्यधिक ध्वनि करने वाले साइलेंसर जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 10 चालान बनाए गए और रु. 4200/– का शमन शुल्क वसूला गया।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मंडलेश्वर, निप्र,** । संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश द्वारा समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को 2 मई 2025 को जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर लाडली लक्ष्मी उत्सव आयोजित करने का आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेशानुसार मंडलेश्वर सेक्टर सुपरवाइजर शकुंतला भाबर के मार्गदर्शन में नगर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत समराज की आंगनवाड़ी केन्द्र पर ग्राम सांघवी, ढापला व समराज की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से प्रात: 11 बजे लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन रखा गया। आयोजन में स्थानीय जन प्रतिनिधि के प्रतिनिधि पर्वत सिंह पटेल अतिथि के रूप में शामिल हुए साथ ही लाडली बालिकाएं एवं उनके अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति रही। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए लाड़ली बालिकाओं का पूजन किया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता खेड़े द्वारा लाडली बालिकाओं के अभिभावकों एवं उपस्थित महिलाओं को लाडली लक्ष्मी योजना में दी जाने वाली आर्थिक सहायता की बिंदुवार जानकारी दी गई। लाडली की माताओं व ग्रामीण महिलाओं द्वारा गीत संगीत आयोजित किया गया। इसी अवसर पर रेवांशी पिता प्रवीण को लाडली लक्ष्मी आश्वासन प्रमाण–पत्र वितरित किया गया। आयोजन में लाभार्थी अवनी कीर्ति, रिधिमा रोशनी, यतिका चांदनी, रेवांशी संतोषी के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजुला चौहान, गायत्री पाण्डे, मोबलाइजर संगीता खेड़े के साथ ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। अंत में जन प्रतिनिधि के प्रतिनिधि द्वारा सभी को स्वल्पाहार कराया गया। आयोजन में पधारे अतिथि लाडली बालिकाएं एवं उनके अभिभावकों व ग्रामीण महिलाओं का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता खेड़े ने आभार व्यक्त किया गया।

### नर्मदा में नहाने गए तीन युवक डूबे दो को बचाया गया, एक की मौत

**कसरावद, निप्र।** कसरावद क्षेत्र के बलकवाड़ा थाना अंतर्गत खलटाका पुलिस चौकी के ग्राम खलबुजुर्ग स्थित नर्मदा नदी में शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से तीन युवक डूब गए। मौके पर मौजूद गोताखोरों की मदद से दो युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक युवक की मौत हो गई। डूबने से मृत युवक की पहचान अंकित पिता कमल पटेल (उम्र 23 वर्ष) ग्राम काटकूर निवासी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, ग्राम काटकूर से कई लोग नर्मदा नदी किनारे किसी मन्नत के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इसी दौरान तीन युवक नहाने नदी में उतरे और संतुलन बिगड़ने से गहरे पानी में चले गए। सूचना मिलते ही खलटाका पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधान रक्षक अखिलेश भूरिया ने बताया कि गोताखोरों की मदद से दो युवकों को तुरंत बचा लिया गया, जबकि अंकित पटेल की डूबने से मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



### सभी श्रम कानूनों का पालन करें सरकार

# श्रमिक दिवस पर सम्मेलन, जुलूस और मप्र शासन को आवेदन प्रस्तुत

## विस्थापितों को पुनर्वास और किसान, मजदूर, औद्योगिक श्रमिकों को मिले जीने का,आजीविका का अधिकार

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** 1 मई, 2025 आंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर श्रमिक जनता संघ और नर्मदा बचाओ आंदोलन ने सभी श्रमिकों की आवाज बुलंद की7नर्मदा घाटी के किसान, मजदूर, मछुआरे, कारीगर, छोटे दुकानदार सभी श्रमिकों में से जिनका डूबग्रस्त होते हुए आजतक पुनर्वास पूरा नहीं हुआ है,उनके साथ हुआ अन्याय उजागर किया7 धरमपुरी पुनर्वसाहट में आयोजित %श्रमिक अधिकार सम्मेलन% में टीनशेड में 6 सालों से रहने के लिए मजबूर सुशीला नाथ ने,धरमपुरी के मछुआरों के प्रतिनिधी विक्रम वर्मा ने तथा कमला यादव और भगवान सेप्टा ने एक–एक समुदाय की हकीकत बयाँ की7 धरमपुरी के नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी जाउल हक़ जी ने भी बताया कि धरमपुरी के कई ध्वस्त हुए वॉर्डस के गरीब, श्रमिक 2023 से आजतक बिना पुनर्वास जीने के लिए मजबूर है तो पुनर्वसाहट में कई मकानों के लिए भूखंड भी डूबग्रस्त है और सुविधाओं की खामियां भी गंभीर है! सभी विस्थापितों के पुनर्वास के तथा 2025 के मानसून में किसी गांव/रों में पानी न भरने देने के आग्रह के साथ, आने वाले वर्षाकाल में भी सत्याग्रह की चेतावनी का आवेदन जिला, संभाग और राज्यस्तरीय अधिकारियों को भेजा गया7



नर्मदा घाटी के मछुआरों के आवेदन में 31 मत्स्य सहकारी समितियों के 2017 से प्रस्तावित संघ को पंजीयन देने का आग्रह भी किया7 गुजरात के तीनों राज्यों की बोर्ड स्थापन करके उसके द्वारा सरदार सरोवर में मत्स्याखेट करने का तथा सरदार सरोवर जलाशय में क्रूझ चलाने का विरोध दर्ज किया गया और राज्य मत्स्य संघ के नाम मछुआरे भी श्रमिक होने के नाते उनकी ओर से विशेष आवेदन पेश किया7

श्रमिक जनता संघ ने, भारत के सभी श्रमिकों के हित में ईमानदारी,कानूनी प्रक्रिया के द्वारा श्रमिकों का रोजगार, सही वेतन,ठेका मजदूरों का अधिकार तथा पलायन के लिए मजबूर होकर अत्याचार भुगतने वालों की मांगों का आवेदन भी श्रम मंत्रालय के हर स्तर पर प्रस्तुत किया! इसमें इंदौर संभाग में चल रही कंपनियों में श्रमिकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, कानूनी प्रक्रिया के उल्लंघन से छटनी या उद्योग का बंदीकरण तथा श्रमिक संगठन पर बेबुनियाद आरोप लगाने, महिला श्रमिकों का शोषण जैसे कई मुद्दों पर श्रम मंत्रालय ने अपना अधिकार का, श्रम कानूनों के आधार पर उपयोग करना, सही समय पर हस्तक्षेप करके, समझौता प्रक्रिया या कानूनी कार्यवाही द्वारा सुलझाव से औद्योगिक क्षेत्र में शांति और रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी गयी7 श्रमिक जनता संघ की ओर से पदाधिकारी संजय चौहान,राजकुमार दुबे,कैलाश भवर ने हकीकत प्रस्तुत की!




मेधा पाटकर जी ने श्रमिकों के बीच समन्वय, एक जुटता पर जोर देते हुए श्रम कानूनों के पालन न होते हुए हो रहे विविध प्रकार के अन्याय को विस्तार से उजागर किया7 विकास की परियोजनाओं से हो रहे विस्थापितों पर भी %बिना पुनर्वास डूब% से श्रमिकों की अवमानना होने की दखल मध्यप्रदेश शासन क्यों नहीं ले रही, यह सवाल भी उठाया7 राष्ट्रीय स्तर के 29 श्रम कानूनों की वापसी और 4 कमजोर संहिता लाना श्रमिकों के अहित से लिए निर्णय का सभी उपस्थितों ने विरोध प्रकट किया।

तीन घंटे चले सम्मेलन में नवीन मिश्रा जी के गीतों ने श्रमिकों, मेहनतकशों, किसानों का दर्द सबके मन में भरने के साथ एकजुट और हकदारी के ऐलान से सभी को प्रेरित किया7 प्रकाश यादव, आकाश वर्मा के नारों से गूंज उठी श्रमिकों की आवाज! सैकड़ो स्त्री– पुरुषों ने जुलूस निकालकर, धरमपुरी तहसील कार्यालय पर पहुंचे तब तहसीलदार श्रीमती शिवानी श्रीवास्तव जी के समक्ष तीन आवेदनों को हेमेंद्र मंडलोई और संजय चौहान ने पढ़कर सुनाया तथा कईयों ने अपनी बात जोड़ देते हुए, भोपाल तक सभी संबंधित अधिकारियों तक आवेदन पहुंचाने का आग्रह जोशपूर्ण तरीके से पेश किया7तहसीलदार महोदया ने गंभीरता से सभी की सुनवाई की7 उन्होंने धरमपुरी तहसील के विस्थापित श्रमिकों के कार्य को पूरा करने के आश्वासन के साथ तीनों आवेदनों को राज्यस्तर पर त्वरित पहुचाना मंजूर किया।

चंचल सोने, बैजनाथ आनंद, पन्नालाल पाटीदार,सुनीता मछुआरा।

### बालाघाट में आदिवासी युवतियों से गैंगरेप के आरोपियों को दी जाए फांसी

# आदिवासी कांग्रेस व महिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** मध्य प्रदेश के बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के दुगलाई में गत 23 अप्रैल की रात 7 युवकों ने नाबालिग आदिवासी युवतियों से गैंगरेप किया गया।इसको लेकर शुक्रवार दोपहर आदिवासी कांग्रेस व महिला कांग्रेस द्वारा रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे।यहां नायब तहसीलदार सोनू गोयल को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की।वहीं प्रदेश में आदिवासियों व महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर प्रदेश सरकार को जमकर घेरा।



#### फास्ट ट्रेक में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दें

विधायक राजन मंडलोई ने कहा कि बालाघाट में हुई घटना शर्मनाक हैं।प्रदेश में आदिवासी समाज 24 प्रतिशत से अधिक हैं, बावजूद उनके साथ अत्याचार हो रहा है। इसके पूर्व भी महुगंज, नेमावर, नीमच जैसी आदिवासी का महिलाओं का साथ शोषण हो रहा है।इसमें प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल हुई है। वहीं अपराधी निरंकुश घूम रहे है।सरकार दबंगों का साथ दे रही हैं और उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। हमारी मांग है कि आरोपियों पर फास्ट ट्रेक में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा दी जाए और पीड़ित पक्ष को उचित राहत प्रदान की जाए।

आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोंटा खेड़कर ने कहा कि बालाघाट में तीन आदिवासी युवती व एक नाबालिक के साथ सात लोगों ने दुष्कर्म को अंजाम दिया हैं,वो बेहद निंदनीय व शर्मनाक है।प्रदेश में आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार बढ़ रहा है।हमारी मांग की है कि आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभद्रा परमार ने कहा कि प्रदेश में आदिवासी युवतियों व महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे है।बालाघाट की घटना इसका ताजा उदाहरण हैं।वहां तीन युवतियों के साथ दुष्कर्म की जो घटना हुई, वो बेहद शर्मनाक हैं। प्रदेश शासन इस प्रकार के अत्याचार रोकने में असमर्थ साबित हो रहा है। दुष्कर्म करने वाले दरिंदों को फांसी की सजा दी जाना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।

**धड़ल्ले से चल रहे अवैध कारोबार :** विधायक मंडलोई ने कहा कि पूरे प्रदेश में सरकार की खुफिया एंजेसियां क्या कर रही हैं। गुंडे माफियाओं को शरण मिल रही हैं और वे पुलिस के साथ मारपीट कर रहे है।प्रदेश की सुरक्षा संबंधित विभाग की कमान मुख्यमंत्री के हाथों में हैं। ऐसी स्थिति में अपराधियों व माफियाओं पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए।

### खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के सहकारिता मंत्री का मंडलेश्वर नगर में भव्य स्वागत किया गया। जाम घाट से निमाड़ में प्रवेश करने पर ग्राम बागदरा में महेश्वर विधायक राजकुमार मेव द्वारा गांव के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत किया उनके साथ खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल एवं खरगोन भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे सहित भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



प्रभारी मंत्री का महेश्वर तहसील के ग्राम चोली और ढापला में भी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। मंडलेश्वर में जैसे ही प्रभारी मंत्री ने प्रवेश किया कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई। उन्होंने बड़वाह रोड स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को नमन किया। अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर विधायक राजकुमार मेव फोटो भेट की गई, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश चन्द मोयदे नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरी गाडगे पार्षद मिसर बाई वर्मा नितिन पाटीदार डॉ चारुल सिंह तवर डॉ अमित पाटीदार महिला नेत्री मंजुला मेवाड़े जया वर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया स्वागत के पश्चात विधायक और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभारी मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश सांवले ने अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग का स्वागत करते हुए उन्हें मंडलेश्वर की ऐतिहासिक विरासत फांसी बैडी के उन्नयन के लिए एक आवेदन सौंपकर फांसी बैडी की जानकारी दी। जिला सहकारी समिति के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी प्रभारी मंत्री का स्वागत किया गया।

### नार्मदीय ब्राह्मण समाज सामूहिक विवाह में बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** अक्षय तृतिया के अवसर पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज के बैनर तले सर्व ब्राह्मण सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार समारोह संपन्न हुआ। आयोजन के संरक्षक भास्कर सोहनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में पंडित केदार शुक्ला एवं सिद्धनाथ उपाध्याय के आचार्यत्व में 4 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे वही 7 बटुकों को यज्ञोपवीत धारण करवाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के महामंत्री सुनील शर्मा एवं कोषाध्यक्ष मनीष डोंगरे विशेष रूप से उपस्थित थे। समाज के पर्यावरण प्रेमी डॉ रमेशचंद्र उपाध्याय के द्वारा प्रत्येक जोड़े एवं बटुकों को एक त्रिवेणी (नीम, पीपल एवं बरगद) एवं शमी का पौधा उपहार स्वरूप दिया। वही आयोजन समिति की और से वधुओं को चांदी का मंगलसूत्र एवं अन्य आवश्यक बर्तन उपहार स्वरूप दिए गए। नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ, महिला एवं युवा वर्ग के सहयोग से व्यवस्थित सुविधाओं के साथ वर–वधु एवं बटुक पक्षों ने आयोजन को सराहा। अंत में सामूहिक सहभोज के साथ आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष नंदकिशोर डोंगरे, पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण डोंगरे, शरद वैद्य, हितेंद्र शर्मा, नप अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।



### कसरावद पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा

# चोरी करने वाले 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार पूछताछ में तीन चोरी की वारदातों का हुआ खुलासा

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकल, पानी की मोटर, मंदिर से चोरी किया चांदी का मुकुट पुलिस ने किया जप्त कुल जप्त सामग्री की कीमत लगभग 46,000/– रुपये। थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन ने बताया पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा चोरी की घटनाओं को तत्काल रोकने व आरोपीयो को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश व शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिये गये थे। इसी तारतम्य मे थाना कसरावद पर पुलिस टीम ने विगत दिनों मे हुई 03 चोरीयो का खुलासा करने मे सफलता हासिल की है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण :** 02.04.25 को फरियादी निवासी श्रीनगर कालोनी कसरावद ने अपनी पुरानी इस्तमाल की हुई बजाज सिटी 100 की मोटरसाकल क्रमांक स्क्र04हत्त8106 कीमती करीबन 30,000/– रुपये की अज्ञात बदमाश व्यक्ति चोरी कर ले जाने की सूचना दी थी। प्राप्त सूचना पर थाना कसरावद पर अपराध क्रमांक 183/25 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया व आसपास के क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए जिसमे घटना स्थल पर कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा चिन्हित किए संदिग्धों की जानकारी एकत्रित करने के लिए भी मुखबिरों को भी सक्रिय कर जानकारी देने के लिए लगाया गया। परिणामस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, सीसीटीव्ही कैमरे मे दिख रहा संदिग्ध वार्ड क्रं 05 कसरावद का रहने वाला 17 वर्षीय विधिविरुद्ध बालक है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम के द्वारा विधिविरुद्ध बालक को अभिरक्षा मे लिया गया व उससे मनोवैज्ञानिक तरीके व बारीकी से पूछताछ की गई जिसमे उसने उक्त चोरी को अपने साथी आरोपी राहुल पिता गिरधर उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्रं 05 कसरावद के साथ मिलकर करना स्वीकार किया।



### नगर में 1700 और विकासखंड स्तर पर 21000 राशन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करना शेष

# राशन उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर, अब 15 मई तक करा सकेंगे, ई-केवाईसी

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। शासन ने ई-केवाईसी की अंतिम तारीख को बढ़ाते हुए अब इसे 15 मई तक कर दिया है। इससे उन हितग्राहियों को बड़ी राहत मिली है जो किसी कारणवश अभी तक अपना पंजीयन नहीं करवा सके थे। वे अब अपना ई-केवाईसी 15 मई तक करवा सकते हैं।






नगर में 1700 उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी ई-केवाईसी अब तक शेष है, जबकि पूरे विकासखंड स्तर पर यह संख्या 21000 के करीब है। ई-केवाईसी अभियान की शुरुआत 12 अप्रैल को की गई थी और इसे डोर-टू-डोर चलाया जा रहा है। पहले इसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी, लेकिन उपभोक्ताओं की शेष बची ई-केवाईसी की संख्या को देखते हुए अब इसे 15 दिन और बढ़ा दिया गया है।

**असली चुनौती मोबाइल नंबर और फेस वेरिफिकेशन :** ई-केवाईसी प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा पुराने मोबाइल नंबर साबित हो रहे हैं। अधिकांश उपभोक्ताओं के नंबर बंद हो चुके हैं या उनके पास अब वे नंबर नहीं हैं, जिस कारण ओटीपी नहीं मिल पा रहा है। साथ ही फेस वेरिफिकेशन भी कई मामलों में फेल हो रहा है। ऐसे में ई केवाईसी की प्रक्रिया को पूरी करना सबसे बड़े चुनौती बनी हुई है।

**तीन स्थानों पर आधार अपडेट सेंटर :** नगर में तीन स्थानों पर आधार अपडेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे लोगों को आसानी हो सके। साथ ही मेरा ई-केवाईसी नामक मोबाइल एप के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जो गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप को वहां से डाउनलोड करके मेरा ई- केवाईसी मोबाइल ऐप से घर बैठे राशन उपभोक्ता अपनी एवं परिवार की ईकेवाईसी कर सकते हैं।

**मजदूरी करने गए हितग्राही सबसे बड़ी चुनौती :** डोर-टू-डोर अभियान के तहत कई हितग्राही ऐसे मिले जो अपने परिवार सहित मजदूरी के लिए गुजरात, महाराष्ट्र या इंदौर चले गए हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना और केवाईसी कराना अमले के लिए बड़ी चुनौती बन रहा है।

**अंतिम लक्ष्य हैं - सभी का पंजीयन :** खाद्य निरीक्षक अमिताभ शुक्ला ने बताया कि, हमारा लक्ष्य 15 मई तक शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं का पंजीयन कर ई-केवाईसी पूर्ण करना है। इसके लिए अभियान तेजी से जारी है।

राशन उपभोक्ताओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना पंजीयन करवा लें, ताकि खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई समस्या न आए।

## संक्षिप्त समाचार

### बूंद-बूंद में छिपा है जीवन का सार



**देवास, निप्र।** बूंद-बूंद में छिपा है जीवन का सार। देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून तक अभियान जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जिले की जनपद पंचायत कन्नौद की ग्राम पंचायत नामनपुर में जनसहयोग से तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। गहरीकरण से बारिश के दिनों में पानी का संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा, जिससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

### मधुर और मस्तीभरी प्रस्तुतियों का आयोजन संपन्न



**देवास, निप्र।** स्वर संचार समूह देवास द्वारा मधुर एवं मस्ती भरी प्रस्तुतियों का आयोजन 28 अप्रैल को सफलता पूर्वक संतोष सभागृह इन्दौर में संपन्न हुआ। आयोजन में कुल तीस गानें जिसमें दस एकल एवं बीस युगल गीत शामिल थे। मुख्य अतिथि संतोष कोल ने छुपाना भी नहीं आता ,भारती होल्कर एवं राम कुमार शर्मा ने टाइटल सॉन्ग हम तुम्हारे लिए तुम हमारे लिए, माया तिवारी ने दिनेश कुमार बावने ने इस मोड़ से जाते हैं, राकेश मालवीय एवं साक्षी खर्चे ने मुझे कुछ कहना है, योगेश विंझे एवं प्रगती भागवत ने हम दोनों मिलके और सूत्रधार डॉ ओ .पी .गंगे ने तुम पुकार लो जैसे शानदार चुनिंदा गीतों की प्रस्तुतियां पेश की। इस आयोजन में शामिल मुख्य अतिथियों , सम्मानित प्रतिभाओं, गायक गायिकाओं, संगीतकारों और आयोजन के सभी सहयोगी साथियों का आयोजक मंडल द्वारा सम्मान किया गया। समूह के सहसंयोजक राम कुमार ने सभी संगीत प्रेमी श्रोताओं का आभार प्रदर्शन किया ।

### 20 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ



**देवास, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार सीएम राइज विद्यालय सन्नौड में 1 मई से समर कैंप का शुभारंभ हुआ। जिसमें 50 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आरंभ गांव के सरपंच पप्पू पटेल एवं प्राचार्य मेहरबानसिंह पारसनिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया गया तत्पश्चात सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य पारसनिया ने बताया कि समर कैंप में खेल, चित्रकला, नृत्य, गायन, कराटे आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी। समर कैंप में नोडल शिक्षक सत्यनारायण चौधरी एवं सहायक के रूप में कमलसिंह नागर व संदीप पटेल गतिविधियों का संचालन करेंगे। कमलसिंह नागर ने समर कैंप की गतिविधियों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा पिछले दो वर्षो के समर कैंप के अनुभव साझा किये। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक हेमंत उपाध्याय, विनोद केलवा, दिनेश पटेल, राजेन्द्र पटेल, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाउसकीपर रवि भाटी, जोनेश झाला, विकास पंवार, विजय भाटी, बिंदिया फतरोड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए किए जा रहे कार्यों का सीईओ ज्योति शर्मा ने किया निरीक्षण



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी, नालों, कुएं, बावड़ियों एवं कुंड की साफ-सफाई की जा रही है तथा उनमें से गदंगी और गाद बाहर निकाली जा रही है। अभियान के तहत देवास विकासखंड के ग्राम क्षिप्रा एवं टिगरिया छोटा में किए जा रहे कार्यों का सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री शर्मा ने क्षिप्रा एवं टिगरिया छोटा ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्षिप्रा घाट की सफ़ाई, परकोलेशन तालाब, वृक्षारोपण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन के तहत ड्रेनेज नाली निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्राम टिगरिया छोटा में चिल्ड्रन पार्क निर्माण निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# रेलवे स्टेशन के सामने वाले रोड का सर्वे कर अतिक्रमण हटाए और रोड चौड़ीकरण करें

## देवास जिले में सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोद ने रेलवे स्टेशन, होल्डिंग एरिया और इटावा बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया





विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर रेलवे स्टेशन, सिंहस्थ के लिए बनाए जाने वाले होल्डिंग एरिया और इटावा बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम, ट्राफिक पुलिस और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन के सामने वाले रोड का सर्वे कर अतिक्रमण हटाए और रोड का चौडीकरण करें। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैफिक मूवमेंट के संबंध में रेलवे से समन्वय कर कार्य करें। जिससे शहर में ट्रैफिक नहीं हो। रेलवे स्टेशन पर भीड़ न हो इस संबंध में तैयारी करें। ज्यादा भीड़ हो तो किस प्रकार मैनेज करोगे इस प्रकार का प्लान बनाएं।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि प्लेट फार्म नम्बर एक से प्लेट फार्म नम्बर 6 तक एक ओवर ब्रिज बनाए। जिससे यात्री आसानी से एक तरफ से दूसरी तरफ जा सके। जिस पर रेलवे स्टेशन मैनेजर ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज बन रहा है। जिससे दोनों ओर जाने में आसानी होगी। रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशन पर किर्लोस्कर कम्पनी की तरफ रोड बनाया जा रहा है, जो उज्जैन रोड से जुड़ जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि फुट ओवर ब्रिज से सभी प्लेट फामर्स को जोडे।

कलेक्टर श्री सिंह ने गजरा गियर्स चौराहे पर बन रहे भगतसिंह उद्यान का निरीक्षण भी किया। उन्होंने इंजीनियर और ठेकेदार से विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भगतसिंह उद्यान पर लेफ्ट टर्न पर चौड़ीकरण का कार्य करें। भगतसिंह उद्यान के आसपास से पोल शिफ्ट कर चोडीकरण का कार्य करें। बिजली के पोल का शिफ्ट करें। सार्वजनिक शौचालय को शिफ्ट कर अन्य जगह पर अच्छे से बनाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्टेशन रोड और एबी रोड जहां मिल रहा है वहां पर एक फुटओवर ब्रिज बनाने का प्लान बनाए.

रेलवे स्टेशन के पीछे से किस प्रकार भीड़ को मैनेज किया जा सकता है इसका निरीक्षण भी कलेक्टर श्री सिंह ने उज्जैन रोड के ब्रिज के निचे जाकर किया। निरीक्षण के दौरान ब्रिज के नीचे से तथा दोनो ओर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन रोड से नागुखेडी तक स्वीकृत फोर लेन रोड का कार्य शीघ्र शुरू होगा। सभी संबंधित विभाग समन्वय कर अच्छे से कार्य को पूर्ण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर इटावा बस स्टैण्ड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने वहां बने दीनदयाल रसोई केंद्र का निरीक्षण किया और खाने की क्वालिटी भी चेक की। कलेक्टर श्री सिंह ने इटावा बस स्टैण्ड पर बने रेन बसेरा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर अनुपस्थित पाए जाने पर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शोकाज नोटिस जारी करें। उन्होंने रजिस्टर चेक किया और रेन बसेरा में रूकने वालों की जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री सिंह और एसपी श्री गेहलोद ने सिंहस्थ को लेकर नागुखेडी और उज्जैन बायपास पर प्रस्तावित होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## फेस 2. 0 में प्राप्त हुए 141 आवेदन हो रहा सर्वे कार्य

# प्रधानमंत्री आवास योजना में नगर परिषद पेटलावद ने हासिल किया 99 फीसदी लक्ष्य, 419 में से 417 के कार्य हुए पूर्ण

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** केंद्र सरकार की प्रमुख योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (क्क्रूड्ड) में नगर परिषद पेटलावद ने शानदार उपलब्धि दर्ज की है। नगर परिषद को शासन द्वारा कुल 419 आवासों का लक्ष्य आवंटित किया गया था, जिसमें से 417 मकान पूर्ण रूप से तैयार हो चुके हैं, और 2 मकान निर्माणाधीन हैं।

**ग्राउंड लेवल पर बेहतर प्रयासों से मिली सफलता :** नगर परिषद की टीम द्वारा जमीनी स्तर पर किए गए बेहतर कार्य और लगातार की गई मानिटरिंग के चलते यह उपलब्धि संभव हो सकी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने बताया कि हितग्राहियों को समय पर मकान का लाभ दिलाने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी गई ।कुछ हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण के लिए प्राप्त राशि का उपयोग अन्य कार्यों में कर लेने की जानकारी





मिलने पर उन्हें समझाइश दी गई और मकान पूर्ण कराए गए।

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत फिर मिली सौगात :** माननीय मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के प्रयासों से अब योजना के दूसरे चरण यानी प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत पेटलावद को पुन: लाभ मिला है। अभी तक इस चरण में 141 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। नगर परिषद द्वारा इन आवेदनों का सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसके आधार पर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। नगर परिषद पेटलावद ने प्रदेश भर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए मिशाल कायम की है। भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# विशेष दल का निर्माण कर शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** प्रभारी जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री जीपी अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत खाद्यान्न शासकीय उचित मूल्य दुकानों में ई केवायसी से शेष रहे सदस्यों की विशेष अभियान में ई केवायसी 15 मई 2025 तक किए जाने के लिए विशेष दल गठित किया । कलेक्टर डॉ बेडेकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते



हुए कहा कि अपने अधीनस्थ पटवारी/ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक/वार्ड प्रभारी (संबंधित)/ विक्रेता अपने - अपने ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों / मोहल्ले / फलिया में कैंप लगाकर ई केवाईसी से शेष बचे हितग्राहियों का ई केवाईसी किया जाना सुनिश्चित करे । उक्त दल प्रतिदिन किए गए ई केवायसी की रिपोर्ट मुख्यालय को अवगत कराएंगे। उन्होंने समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले का कोई भी हितग्राहि उक्त योजना से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें ।

प्रभारी अधिकारी श्री अग्रवाल ने बताया इस अभियान को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के लिए कलेक्टर डॉ बेडेकर के निर्देशों के पालन में समस्त अनुविभागीय अधिकारी , समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ई-केवाईसी से संबंधित प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में दिया गया।

# 31 दिवसीय बैडमिंटन समर कैम्प का रंगारंग शुभारंभ



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** श्रीलक्ष्मीनारायण भुवन क्लब के तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 31 दिवसीय बेडमिंटन समर कैम्प का रंगारंग शुभारम्भ एलएनबी क्लब के बेडमिंटन हॉल में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति रवि जैन, विशेष अतिथि क्लब अध्यक्ष आनंद दुबे, सचिव पंकज अवस्थी रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह पंवार ने की। सर्वप्रथम समस्त अतिथियों द्वारा खिलाडियो से परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात रोहित गुप्ता,राजवीर सिंह ठाकुर ,नीति गिरी, अन्वेषिका दुबे,प्रियांशी थपलियाल,राजवीर रघुवंशी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि रवि जैन ने अपने उद्बोधन में परिजनों से आग्रह किया कि बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करे व खेल के आयोजन में ज्यादा से ज्यादा भेजे ताकि वह मोबाइल, टेलीविजन में अपना समय व्यर्थ न करते हुए वही समय खेल सीखने व उसके माध्यम से अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में लगाए। एनआईएस कोच रोहित गुप्ता ने बताया कि कैम्प में शहर के खिलाडियों को 31 दिन तक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक द्वारा खेल की बारीकियां सिखाई जाएगी व उन्हें मानसिक, शारीरिक तोर पर मजबूत किया जाएगा,जिससे उन्हें अपने खेल के कैरियर में काफी मदद मिलेगी ।कार्यक्रम का संचालन विवेक भटनागर ने किया व आभार संजय सिंह पंवार ने माना।

# श्रमिक पप्पू शेख को बेटी सायबा के निकाह के लिए मिली 51 हजार रुपए की राशि

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** राज्य शासन द्वारा संचालित मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत विवाह सहायता योजना जो कि गरीब एवं मजदूर वर्ग के कल्याण हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गरीब एवं मजदूर वर्ग को अधिक से अधिक शासन की लाभान्वित योजनाओं का लाभ मिले इन्हीं योजनाओं में श्रम विभाग अंतर्गत मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की विवाह सहायता योजना में श्रमिक वर्ग के व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। योजना से देवास के श्रमिक पप्पू शेख को अपनी बेटी सायबा की शादी के लिए 51 हजार रुपए का भुगतान हुआ, जिससे वे तथा उनका पूरा परिवार बहुत खुश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ह्रदय से धन्यवाद दे रहे हैं।

श्रमिक श्री पप्पू शेख ने बताया कि वे श्रमिक होकर भवन निर्माण कार्य में मजदूरी करते है तथा जो मजदूरी प्राप्त होती है उससे अपने पूरे परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। उनकी बेटी की शादी की चिंता उन्हें सताई जा रही थी, लेकिन प्रदेश सरकार की श्रम विभाग अंतर्गत मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत विवाह सहायता योजना से 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। जिससे वह और उनका पूरा परिवार बहुत खुश हैं।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रवर्तन दल के प्रशिक्षण का आयोजन



विनय उजाला

**मनावर, निप्र।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रवर्तन दल के प्रशिक्षण का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनावर के सभा कक्ष मेंकिया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के नेतृत्व एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. शिंदे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया प्रशिक्षण की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रमोद सिंह गुर्जर द्वारा की गई। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार मुवेल एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. संजय भंडारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सम्भागीय समन्वयक मनोज कुमार वर्मा के द्वारा प्रशिक्षण में बताया कि भारत सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण कानून सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 (कोटपा - 2003) बनाया गया है। इस कानून की धारा-6 अ के अनुसार नाबालिगों को/के द्वारा तंबाकू उत्पाद की बिक्री दंडनीय अपराध है। धारा 6 ब के अनुसार शैक्षिक संस्थानों की 100 गज दूरी में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री प्रतिबंधित है।

इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार की तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान गाइड लाइंस, राज्य सरकार के आदेश एवं भारतीय तंबाकू नियंत्रण कानून की विभिन्न धाराओं के अनुसार समस्त शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाए। इलेक्ट्रानिक सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम, 2019 के अनुसार ई-सिगरेट पूर्णत: प्रतिबंधित है।

## सूर्यमुखी शत्रुहन्ता हनुमानगढ़धाम पर स्व दिलीपसिंह भूरिया के नाम से विकसित होगा उद्यान, आओ पूर्वजो की याद में एक पेड़ लगाए

# कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया और संत प्रणवानंदजी ने किया फोल्डर का विमोचन

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** हनुमानगढ़ ग्राम रूपगड़ में स्थापित भगवान श्री बजरंगबली का अतिप्राचीन पूर्वमुखी हनुमान मन्दिर जिसे अब सूर्यमुखी शत्रुहन्ता हनुमानगड़ धाम मन्दिर के रूप में पहचाना जाता है। यह मन्दिर ,भक्तो की आस्था का प्रतिक हे। यहाँ प्रतिदिन पूजन आरती हेतु दूरदराज से भक्त आते है,वही प्रत्येक शनिवार मंगलवार को विशेष




पूजा, पाठ श्रंगार ओर महाआरती पण्डित मनमीत शुक्ला द्वारा कि जाती है।


**नव निर्माण उपरांत हुआ है भव्य आयोजन :** उक्त मन्दिर पर जनसहयोग से नवनिर्माण किया गया है और गत हनुमान जयन्ति पर भव्य हनुनान प्रकटोत्सव का त्रिदिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ है।

**समित्ति विक्सीत करेगी उद्यान, स्व भुरीया के नाम से पहचाना जाएगा :** उक्त सूर्यमुखी शत्रुहन्ता हनुमान धाम समित्ति के द्वारा पर्यावरण सरंक्षण के लिये आगामी 05 जुलाई 25 को आओ 'पूर्वजो कि याद में एक पेड़ लगाये' के तहत 1100 नीम के पौधे लगाने का भव्य व सुंदर आयोजन करते हुए उद्यान बनाने के निमित होने जा रहा है ।उक्त उद्यान का नाम जिले सहित देश के वरीष्ट कद्दावर नेता स्व दिलीपसिंह भुरीया के नान पर किया जाएगा ।

**केबिनेट मंत्री निर्मला भुरीया व संत प्रणवानंद ने किया फोल्डर विमोचन :** इस आयोजन के निमित आज 02 मई को समित्ति के सदस्यों के द्वारा केबिनेट मंत्री निर्मला भुरीया व पूज्य संत श्री प्रणवानन्द के करकमलों से फोल्डर का विमोचन किया गया। फोल्डर विमोचन के समय नप अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़,उपाध्यक्ष किरण संजय कहार, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनोज जानी, मण्डल अध्यक्ष संजय कहार ,विधानसभा सयोजक हेमंत भट्ट,पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनू विश्वकर्मा कि गरिमामयी उपस्थिति में उक्त फोल्डर का विमोचन किया गया।

मैड्रिड ओपन 2025

# कोको गॉफ ने चैंपियन स्वियातेक को हराकर फाइनल में बनाई जगह



मैड्रिड, (हि.स.)

**अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने मौजूदा चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियातेक को मैड्रिड ओपन 2025 के सेमीफाइनल में करारी शिकस्त दी।**

गॉफ ने यह मुकाबला महज 64 मिनट में 6-1, 6-1 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। पोलैंड की पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक इस मुकाबले में पूरी तरह संघर्ष करती नजर आईं। वह एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकीं और अपनी सर्विस पांच बार गंवाई। गॉफ ने पहले सेट में तीसरे, पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक कर स्वियातेक को पूरी तरह दबाव में ला दिया। यह पहली बार है जब 21 वर्षीय कोको गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियातेक को हराया है।

### स्वियातेक का खिताब बचाने का सपना टूटा

स्वियातेक का इस साल मैड्रिड ओपन में प्रदर्शन अस्थिर रहा। उन्होंने पहले राउंड में अलेक्जेंड्रा ईला और फिर डायना श्नाइडर के खिलाफ सेट गंवाए। क्वार्टर फाइनल में उन्हें मैडिसन कीज़ से पहले सेट में 6-0 की हार झेलनी पड़ी थी, हालांकि बाद में उन्होंने वापसी की। लेकिन सेमीफाइनल में गॉफ के सामने वह पूरी तरह बेबस नजर आईं।

## टीम बाहर हो चुकी राजस्थान टीम के कोच बोले...

जयपुर, एजेंसी

**आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मुंबई के खिलाफ हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। हालांकि, टीम के फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक अपने और अपनी टीम के गुणगान में जुटे हैं।**

याग्निक ने कहा कि मेगा नीलामी से पहले जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपरस्टार को रिलीज करने की आलोचना के बावजूद उनकी टीम युवाओं का समर्थन करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हमारी टीम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाती है।

### राजस्थान को खल रही बटलर-बोल्ट की कमी

राजस्थान रॉयल्स के 11 मैचों में केवल छह अंक हैं और वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को आरआर को 100 रन से हराया। रॉयल्स की टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिनमें आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, लेकिन इस टीम को इंग्लैंड के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान बटलर और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट की बड़ी कमी खल रही है।

# हम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाते हैं...




### पिछले साल और इस साल में टीम में अंतर

याग्निक से जब पिछले साल की टीम और इस साल की टीम के बीच अंतर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, स्टार (खिलाड़ियों) के बारे में आपके प्रश्न में एक बड़ा मुद्दा है। जब भी कोई नया खिलाड़ी आता है, तो वह स्टार नहीं होता है, लेकिन उसे स्टार बनाया जाता है। पिछले साल हमारे पास जो खिलाड़ी थे, जब वे टीम में आए तो वे स्टार नहीं थे, लेकिन वे स्टार बन गए और अब जो खिलाड़ी हमारी टीम में हैं, हम उन्हें स्टार बनाएंगे। हम सुपरस्टार खरीदते नहीं हैं, हम सुपरस्टार बनाते हैं और यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### आने वाले समय में स्टार बन जाएंगे ये खिलाड़ी

रॉयल्स पिछले साल 14 मैचों में 17 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई थी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सलामी बल्लेबाज वैभव खाता भी नहीं खोल पाए, जबकि जायसवाल ने 13 रन बनाए। रॉयल्स की टीम 218 रन का पीछा करते हुए 117 रन पर आउट हो गई। याग्निक ने कहा, वैभव सूर्यवंशी को देखिए, जब वह गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहे थे तो हर कोई खुश था। दर्शक खुश थे और हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी स्टार बन जाएंगे।

### इसी टीम को आगे बढ़ाएंगे और जीतकर दिखाएंगे

उन्होंने कहा, समय आ गया है कि आप इससे आगे की सोचें। जब आपके पास स्टार खिलाड़ी नहीं है, तो आपको इसे भूल जाना होगा और आगे बढ़ना होगा। हमारे पास वैभव, यशस्वी जायसवाल हैं। संजू सैमसन हमारे कप्तान हैं। हम इस टीम के साथ आगे बढ़ेंगे और जीतकर दिखाएंगे। वैभव ने गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने सात चौके और 11 छक्के लगाए थे।

**IPL आज के मैच**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु VS चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान : बेंगलुरु समय : शाम 07:30 बजे से

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जीत की तलाश में भारतीय महिला हॉकी टीम



नई दिल्ली, (हि.स.)

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अंतिम दो मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। इन दोनों मुकाबलों में टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होगा, जो विश्व स्तर पर एक मजबूत टीम मानी जाती है। ऐसे में भारतीय महिला टीम के लिए चुनौती आसान नहीं होगी, लेकिन टीम इन मुकाबलों को जीतकर दौरे की निराशा को पीछे छोड़ना चाहती है।

इस दौरे पर अब तक भारत को कोई जीत नहीं मिली है। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने अब तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ एक मैच खेला है, जिसमें उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो दोस्ताना मुकाबले भी खेले, लेकिन जीत दर्ज करने में नाकाम रही।

## मॉर्गन ने आरसीबी के प्रदर्शन की तारीफ की

नई दिल्ली, एजेंसी

**इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ऑएन मॉर्गन ने इस सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुके प्रदर्शन की तारीफ की है। उनका मानना है कि बेंगलुरु ने इस सीजन टॉप से लेकर मिडिल ऑर्डर तक अटैकिंग बैटिंग की है। आईपीएल 2025 के एक्सपर्ट मोर्गन ने आरसीबी और सीएसके के बीच मुकाबले से पहले मीडिया से बात की।**



मॉर्गन ने कहा, मुझे लगता है कि आरसीबी ने बहुत सी चीजें सही की हैं। इस सीजन उन्हें खेलते हुए देखना मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा। विराट कोहली (433 रन) जिस तरह से उन्होंने अपना काम किया है, वह शानदार है।

आरसीबी 14 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बहुत आगे है। आरसीबी शनिवार को अपने होम ग्राउंड पर चेन्नई के खिलाफ उतरेगी। इस मुकाबले को क्रिकेट जगत में सदर्न डर्बी के नाम से जाना जाता है।

## जिम्बॉब्वे के खिलाफ टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड की 13 सदस्यीय टीम में दो अनकैप्ड तेज गेंदबाजों को मौका दिया गया है। यह दोनों तेज गेंदबाज सैम कुक और जॉर्डन कॉक्स हैं। इंग्लैंड और जिम्बॉब्वे के बीच यह एकमात्र टेस्ट 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा।

यह मैच 2003 के बाद से जिम्बाब्वे का इंग्लैंड की धरती पर पहला टेस्ट है। इस मैच के साथ इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत होगी। इसमें 20 जून से भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच भी शामिल हैं। इस टेस्ट में मार्क वुड और क्रिस वोक्स को घायल होने के चलते मौका नहीं मिला।

## धर्मशाला पहुंची लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम

धर्मशाला, एजेंसी

आईपीएल में अपनी प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम धर्मशाला पहुंच गई है। टीम को 4 मई कोपंजाब किंग्स का सामना करना है।

एचपीसीए स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ की टीम ने इस सीजन 10 में से 5 मैच जीते हैं। टीम में डेविड मिलर, एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन जैसे मजबूत बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में अवेश खान, मयंक यादव, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर टीम की रीढ़ हैं। मिचेल मार्श और शाहबाज अहमद ऑलराउंडर के रूप में टीम को संतुलन देते हैं। धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार है। यहां की मौसमी परिस्थितियां भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।

### पंजाब की टीम वापसी के लिए बेताब

लखनऊ ने इस सीजन अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने 2025 की नीलामी में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। पंत की आक्रामक बल्लेबाजी और कप्तानी से टीम को फायदा मिला है। पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत टीम को प्लेऑफ की राह आसान कर सकती है। शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब की टीम भी वापसी के लिए बेताब है।

**व्यापार**

# देश में अब तक रिकॉर्ड 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान केंद्रीय पूल में अब तक 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यह पिछले साल के 205.41 लाख मीट्रिक टन से 24.78 फीसदी ज्यादा है। इस समय जिन प्रमुख राज्यों से खरीद हो रही है, उनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा हैं।

### अब तक मध्य प्रदेश से 67.57 एलएमटी गेहूं की खरीदी की गई



उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक गेहूं खरीद हो रही है। इसमें अभी तक 7.55 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जो पिछली बार के 5.88 लाख मीट्रिक टन से कहीं ज्यादा है। पंजाब से 103.89 लाख मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश से 67.57 एलएमटी, हरियाणा से 65.67 एलएमटी की खरीद हो चुकी है। राजस्थान से 11.44 एलएमटी की खरीद हुई है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि चालू रबी विपणन सत्र में अभी काफी वक्त है। इस बार देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं खरीद पिछले साल के आंकड़ों को काफी बड़े अंतर से पार करने की संभावना है। इसमें किसानों को 24 से 48 घंटों के भीतर भुगतान किया जा रहा है। खाद्य सचिव ने कहा, इस साल गेहूं खरीद की स्थिति सकारात्मक परिणाम खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभागों की ठोस कोशिशों का नतीजा है। राज्य विशिष्ट कार्य योजनाओं को राज्यों के साथ पहले ही साझा किया जा चुका है। गेंहू खरीद को लेकर सरकार ने खासी सजगता बरती है।

आरबीआई ने किया खुलासा

## 2000 रुपए के नोट अब भी प्रचलन में

नई दिल्ली, एजेंसी। रिजर्व बैंक की ओर से 2000 रुपये का नोट वापस लिए जाने के दो साल बाद भी 6,266 करोड़ रुपये के ये नोट प्रचलन में हैं। आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। आरबीआई के अनुसार 2000 रुपए के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। शुक्रवार को एक बयान में, आरबीआई ने कहा कि प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य, जो कि 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था।, जब वापसी की घोषणा की गई थी, 30 अप्रैल 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,266 करोड़ रुपये हो जाएगा। केंद्रीय बैंक ने कहा, इस प्रकार, 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.24 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ चुके हैं। ऐसे बैंक नोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अभी भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

9 अक्तूबर 2023 से, आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं।

# सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है।**

ऑक्सफैम की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका में सीईओ का औसत वेतन 2024 में 16 लाख डॉलर जबकि भारत में यह 20 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहर ने कहा, साल दर साल हम यही देखते हैं। सीईओ का वेतन आसमान छूता है, जबकि श्रमिकों के वेतन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होती। यह व्यवस्था ठीक उसी तरह काम कर रही है, जैसा कि इसे बनाया गया है। लाखों कामकाजी लोग किराया, भोजन और स्वास्थ्य सेवा का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं।



### शीर्ष पदों पर 17 फीसदी महिलाएं

कॉरपोरेट में शीर्ष पदों पर केवल 17 फीसदी महिलाएं हैं। एडलगिव के अनुसार, शीर्ष स्तर पर पुरुषों का एकाधिकार है। सीईओ नगमा मुल्ला ने कहा, महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिका में पहुंचने के लिए रुकावटों का सामना करना पड़ता है।

14500 करोड़ पहुंच सकता है नुकसान

# प्राकृतिक आपदाएं बनीं बीमा उद्योग की चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी बीमा उद्योग के लिए गंभीर सिरदर्द बनती जा रही है। प्रमुख वैश्विक पुनर्बीमा कंपनी स्विस रे की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में जलवायु से जुड़ी आपदाओं के कारण बीमित नुकसान की राशि 14,500 करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है। यह संभावित क्षति 2024 के बीमित नुकसान (13,700 करोड़ डॉलर) की तुलना में करीब 6 फीसदी अधिक है।**

रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो आपदाओं से होने वाला बीमित नुकसान सालाना 5 से 7 फीसदी की दर से बढ़ रहा है जो न केवल बीमा कंपनियों के लिए बल्कि वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए भी खतरे की घंटी है। यदि यही हालात रहे तो 1990 के बाद दूसरा सबसे बड़ा वार्षिक बीमा नुकसान होगा। हालांकि 2017 में आए तूफानों हार्वे, इरमा और मारिया ने अब तक का सबसे बड़ा झटका दिया था। स्विस रे के आपदा जोखिम मॉडल के अनुसार 2025 में बीमा दावों का आंकड़ा 30,000 करोड़ डॉलर तक भी पहुंच सकता है, हालांकि इसकी संभावना करीब 10 फीसदी मानी जा रही है।




### 2024 सबसे बड़े बीमा दावों का वर्ष

प्राकृतिक आपदाओं के कारण वैश्विक स्तर पर 2024 में 31,800 करोड़ डॉलर का कुल आर्थिक नुकसान हुआ, परंतु इसमें से केवल 57 फीसदी यानी 18,100 करोड़ डॉलर की ही भरपाई बीमा द्वारा हो सकी। बचा हुआ नुकसान असुरक्षित रहा, जिससे स्पष्ट है कि अब भी बड़ी संख्या में व्यक्ति और व्यवसाय बीमा सुरक्षा से वंचित हैं। 2024 में तूफान हेलेन और मिल्टन ने भारी तबाही मचाई। अमेरिका में भीषण बवंडरों, वैश्विक शहरी बाढ़ और कनाडा में अब तक के सबसे बड़े बीमा दावों ने इस वर्ष को बीमा इतिहास में विशेष बना दिया।

### पॉलिसी जारी करने से कतराने लगीं बीमा कंपनियां

रिपोर्ट के अनुसार चरम मौसमी घटनाओं के कारण बीमा उद्योग की रणनीति में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। अब कंपनियां अत्यधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में पॉलिसी जारी करने से कतराने लगी हैं। उदाहरण के लिए लॉस एंजेल्स में 2024 की जंगल की भयंकर आग ने 23,000 हेक्टेयर क्षेत्र को खाक कर दिया। इसमें 29 जानें गईं और 16,000 से अधिक संरचनाएं तबाह हो गईं। इसके कारण कैलिफोर्निया की लगभग दर्जनभर प्रमुख बीमा कंपनियों ने नई पॉलिसियां देना या तो बंद कर दिया या उन पर सख्त शर्तें लगा दीं।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति अप्रैल में सुधरी है। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 58.1 से बढ़कर अप्रैल में 58.2 हो गया। यह दस महीनों में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार दर्शाता है।

पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। उत्पादन वृद्धि में नवीनतम सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि थी। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री को अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि से मदद मिली।

नीति आयोग की रिपोर्ट...

# मएसएमई क्षेत्र में बड़ी संख्या में कर्मचारी तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित

नई दिल्ली, (हि.स.)

**नीति आयोग के अनुसार एमएसएमई क्षेत्र में कौशल की भारी कमी है। बड़ी संख्या में कर्मचारी औपचारिक तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित हैं, जिससे उत्पादकता और विस्तार की संभावनाओं पर असर पड़ता है।**

साथ ही कहा है कि 2020 से 2024 के बीच एमएसएमई की औपचारिक क्रेडिट तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। फिर भी केवल 19 प्रतिशत डिमांड ही औपचारिक क्रेडिट से पूरी हो पा रही है।

नीति आयोग ने आज 'भारत में एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना' शीर्षक से विस्तृत रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस (आईएफसी) के सहयोग से तैयार की गई है और इसमें भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की क्षमता को सशक्त करने के लिए वित्त, कौशल, नवाचार और बाजार तक पहुंच में सुधार जैसे पहलुओं पर विस्तृत खाका प्रस्तुत किया गया है।

रिपोर्ट में एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख समस्याओं और चुनौतियों का विश्लेषण किया गया है। यह रिपोर्ट कपड़ा और परिधान निर्माण, रासायनिक उत्पाद, ऑटोमोटिव और खाद्य प्रसंस्करण जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि एमएसएमई क्षेत्र में कौशल की भारी कमी है। बड़ी संख्या में कर्मचारी औपचारिक तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित हैं, जिससे उत्पादकता और विस्तार की संभावनाओं पर असर पड़ता है। इसके अलावा, तकनीक को अपनाने में बिजली की अनियमित आपूर्ति, कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी और उच्च लागत जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

### ऋण प्राप्त करने की दर 14 से बढ़कर 20 प्रतिशत हुई

रिपोर्ट में पाया गया है कि 2020 से 2024 के बीच एमएसएमई की औपचारिक क्रेडिट तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस अवधि में छोटे और सूक्ष्म उद्यमों द्वारा अनुसूचित बैंकों से ऋण प्राप्त करने की दर 14 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गई, जबकि मध्यम उद्यमों के लिए यह आंकड़ा 4 प्रतिशत से बढ़कर 9 प्रतिशत तक पहुंचा है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अब भी 80 लाख करोड़ रुपये का बड़ा क्रेडिट गैप बना हुआ है और केवल 19 प्रतिशत डिमांड ही औपचारिक क्रेडिट से पूरी हो पा रही है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.